सुप्रभात
रांची, शनिवार
25.01.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | माघ, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 195





06 प्राकृतिक खेती से हमारे गणतंत्र को मिलेगी दिशा


पलामू प्रमंडल के समस्त नागरिकों, जन कल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं समेत समस्त झारखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामना।

सेवा ही संकल्प

पलामू प्रमंडल के विकास को ले संकल्पित ।।



अजीत कुमार दुबे
अध्यक्ष जन कल्याण ट्रस्ट

हरि किशोर दुबे
संरक्षक

धर्मेंद्र पांडेय उपाध्यक्ष
उपाध्यक्ष

अजय कुमार तिवारी
उप सचिव सह केंद्रीय प्रवक्ता



नंदलाल दुबे
संगठन सचिव जन कल्याण ट्रस्ट

अखिलेश कुमार पाठक
केंद्रीय सदस्य

पवन बैठा
केंद्रीय सदस्य

जन कल्याण ट्रस्ट
मेदिनीनगर पलामू ।
मो. 7667663694



समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं ...!

जन मुद्दों पर निरंतर मुखर

पद के साथ भी पद के बाद भी लगातार सक्रिय

52 वर्ष बनाम मात्र 3 वर्ष में विकसित होता आपका शहर

निजी खर्चे से कई योजनाओं का रख-रखाव






अरुणा शंकर
प्रथम महापौर
मेदिनीनगर नगर निगम



# RCU


RAMCHANDRA CHANDRAVANSI UNIVERSITY
Bishrampur, Palamu, Jharkhand

Established by Government of Jharkhand, Act No. 10,2018 & Approved by the UGC U/S 2(f) of UGC Act, 1956



## SALIENT FEATURES

- Most updated and Modern Laboratories.
- Experienced and Motivated Faculty.
- Classrooms / Smart Classrooms.
- Transport facility for students & staff.
- Wi-Fi- enable campus
- On campus ATM and Bank Facility.
- Excellent indoor and outdoor stadiums for games & fitness.
- Training & Placement Cell .
- Industrial Visit.
- 450 bedded Hospital..



Mr. Ramchandra Chandravanshi
Chairman - RCWT




APPROVED & RECOGNIZED

University Grants Commission | National Medical Commission | All India Council for Technical Education | Pharmacy Council of India | Paramedical Council of Jharkhand | Indian Nursing Council | National Council for Teacher Education | National Commission for Homeopathy

## COURSES OFFERED

FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
- Diploma in Engineering ME, EEE, CIVIL
  Regular and Lateral Entry
- B.Tech (Bachelor in Technology)
  ME, EE, CSE, ECE, CIVIL
  Regular and Lateral Entry
- University Department of Engineering
- B.Tech in
  Civil Engineering in Planning
  Computer Science & Information Technology
  Mechanical Engineering & Planning
- M.Tech. (Master of Technology)
  CE, CSE, ME, EEE, ECE
- Ph.D

FACULTY OF MEDICINE
- B.Sc. Nursing
- Post Basic B.Sc. Nursing
- M.Sc. Nursing
- GNM
- ANM
- B.Sc. (MLT)
- DMLT
- OT Tech
- X-Ray Tech
- Dresser
- D.Pharma
- B.Pharma
- MBBS
- Ph.D

FACULTY OF EDUCATION & PHYSICAL EDUCATION
- B.Ed.
- D.El.Ed.
- Ph.D
- B.P.Ed.
- Diploma in Yoga

FACULTY OF ARTS & HUMANITIES
- B.A. (4 Years UG Program)
- M.A. (All Subject)
- Ph.D
- D. Lib.
- B. Lib.
- M. Lib.

Note:- Ph.D admissions (A.Y. 2024-25) going on as per revised UGC Norms.

FACULTY OF SCIENCE
- B.Sc. (4 Years UG Program)
- M.Sc. (All Subject)
- BCA (4 Yrs.)
- MCA
- PGDCA
- Ph.D

FACULTY OF COMMERCE & MANAGEMENT
- B.Com. (4 Years UG Program)
- M.Com.
- BBA (4 Yrs.)
- MBA
- MARD
- I.T.I (NCVT)
- Ph.D

2025-26
ADMISSION
OPEN



SCIENCE LABORATORY

OUR SUMMER TRAINERS AND RECRUITERS...

HERO ELECTRIC | BAJAJ | MITSUBA | Subros | HCL | TECHNO | MACHINE INDIA | TATA MOTORS | IBM | flipkart | TATA STEEL | amazon | BSNL | BGR

Campus : Bishrampur, Palamu 822132 - Jharkhand | Admission Helpline : +91 7467034524, 7481034518, 7482034501
E-mail : admissioncell@rcu.edu.in | Website : www.rcu.edu.in

Sd./
Registrar

## पढ़ाई के दौरान मेधावियों को 15 लाख की वित्तीय सहायता देती है सरकार

# गुरुजी छात्र क्रेडिट योजना के लिए मेधावी विद्यार्थियों का आधार प्रमाणीकरण जरूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मेघावी छात्राओं को उच्च शिक्षा का अवसर प्रदान करने के लिए मिलने वाली वित्तीय सहायता के लिए अब लाभुकों का आधार कार्ड होना अनिवार्य किया गया है। उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग ने गुरुजी छात्र क्रेडिट कार्ड योजना के लिए आधार कार्ड प्रमाणीकरण प्रस्तुतीकरण अनिवार्य किया है। इस योजना के अंतर्गत, पात्र और इच्छुक छात्र, निम्नलिखित शर्तों और नियमों को पूरा करने पर, 15 लाख रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। यह ऋण 4% प्रति वर्ष की सरल ब्याज दर पर उपलब्ध होगा। यह ऋण राज्य सहकारी बैंकों और इनके संबद्ध केंद्रीय सहकारी बैंकों तथा झारखंड राज्य में संचालित जिला केंद्रीय सहकारी बैंक और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा प्रदान किया जायेगा। जहां उक्त योजना के कार्यान्वयन में झारखंड सरकार के समेकित निधि से नियमित व्यय शामिल है। ऐसे में अब, आधार (लक्षित वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं की डिलीवरी) अधिनियम, 2016 (2016 का 18) की धारा 7 के अनुसरण में, झारखंड सरकार द्वारा निम्नलिखित अधिसूचित कर दिया गया है।




### आधार जब तक नहीं बनता, तब इन कार्ड को दिखाने पर मिलेगा योजना का लाभ

जब तक ऐसे व्यक्ति को आधार नहीं सौंपा जाता, योजना के तहत लाभ इन दस्तावेजों को प्रस्तुत करने पर ऐसे व्यक्ति को दिया जाएगा। यदि उसने पंजीकरण किया है, तो उसका आधार नामांकन पहचान पर्ची और इनमें से कोई एक फोटो सहित बैंक या डाकघर पासबुक या स्थायी खाता संख्या (पैन) कार्ड, पासपोर्ट, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा कार्ड, किसान फोटो पासबुक ;मोटर वाहन अधिनियम, 1988 (1988 का 59) के तहत जारी ड्राइविंग लाइसेंस। प्रमाण पत्र जिसमें संबंधित व्यक्ति का फोटो हो, जो किसी राजपत्रित अधिकारी या तहसीलदार द्वारा आधिकारिक लेटरहेड पर जारी किया गया हो या ) विभाग द्वारा निर्दिष्ट कोई अन्य दस्तावेज जरूरी है।

**इस योजना का लाभ ऐसे मिलेगा** : ऐसी योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र व्यक्ति को आधार संख्या का प्रमाण प्रस्तुत करना या आधार प्रमाणीकरण कराना आवश्यक होगा। योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति, जिसके पास आधार संख्या नहीं है या जिसने अभी तक आधार के लिए पंजीकरण नहीं किया है, उसे योजना के लिए पंजीकरण करने से पहले आधार नामांकन के लिए आवेदन करना होगा। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि व्यक्ति उक्त अधिनियम की धारा 3 के तहत आधार प्राप्त करने का पात्र है। ऐसे व्यक्ति किसी भी आधार नामांकन केंद्र पर जाकर यूआईडीएआइ की वेबसाइट पर उपलब्ध है) आधार के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। विभाग अपनी कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से, उन लाभार्थियों के लिए आधार नामांकन सुविधाएं प्रदान करने के लिए बाध्य है, जो अभी तक आधार के लिए नामांकित नहीं हुए हैं और यदि किसी ब्लॉक, तालुका, या तहसील में कोई आधार नामांकन केंद्र नहीं है, तो विभाग अपनी कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से उपयुक्त स्थानों पर आधार नामांकन सुविधाएं प्रदान करेगा, या खुद यूआईडीएआई रजिस्ट्रार बनकर यह सुनिश्चित करेगा।

## स्पीकर ने विभिन्न समितियों के सभापतियों के संग की बैठक

# नवगठित सभी समितियों की नियमित अंतराल में हो बैठक : रबींद्र नाथ महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में नवगठित सभी समितियों के सभापति के साथ बैठक की। स्पीकर ने कहा कि समिति व्यवस्था के क्रियाकलापों के संबंध में और अधिक कैसे सुधार लाया जाये। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में समिति की यह बड़ी खूबसुरती है कि इसमें सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों के सदस्य शामिल होते हैं। राजनिति में दोनों पक्ष राज्य के विकास को दृष्टिपथ में रख कर अपनी महती भूमिका अदा करते है। समिति की रिपोर्ट के माध्यम से जो बातें सामने आती है, वह सर्वसम्मति से साधारणतः स्वीकृत किये जाते है। जब समिति किसी जनकल्याण से जुड़े मुद्दे पर अपनी रिपोर्ट देती है। विधान सभा के पटल पर रखने के उपरांत सरकार भी इसके अनुशंसाओं पर गंभीरता से विचार करती है। सदन के उपरांत समितियां उन पर पैनी नजर रखते हुए वैसे



मुद्दों को निष्पादन करने के लिये बैठक बुला कर उसका निष्पादन करती है। उन्होंने कहा कि समिति की बैठकें एक समय अंतरात पर नियमित रूप से आयोजित हो। राज्य के अंदर समितियॉ विभिन्न जिलों में जाकर संबंधित मुद्दे् जो उनके समक्ष लाये गये है, उसका निराकरण करें।

इधर, राज्य के मुख्य सचिव को बैठक में निदेश दिया कि हर विभागवार समिति की बैठकों में भाग लेने के लिये संबंधित पदाधिकारी निश्ति रूप से उपस्थित रहें। समिति की बैठक के अनुदेशों को अपने-अपने विभाग में त्वरित निष्पादन के लिये तत्परता के साथ कार्य करें। समिति की बैठक में संयुक्त सचिव मधुकर भारद्वाज द्वारा समिति व्यवस्था की समग्र कार्यप्रणाली के संबंध में एक संक्षिप्त व्यौरा रखा गया।

बैठक में मुख्य रूप से स्टीफन मरांडी, चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, मनोज कुमार यादव, हेमलाल मुर्मू, उदय शंकर सिंह, निरल पुरती, अरूप चटर्जी, रामचन्द्र सिंह, सुरेश पासवान, सत्येन्द्र नाथ तिवारी, डॉ नीरा यादव, राज सिन्हा, दशरथ गागराई, रामेश्वर उरांव, उमाकांत रजक, कल्पना मुर्मू सोरेन, सबिता महतो के अलावा अलका तिवारी, वंदना दादेल, माणिक लाल हेम्ब्रम उपस्थित थे।

# राज्य के 58 हजार पारा शिक्षकों के मानदेय वृद्धि में पेंच फंसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के 58 हजार पारा शिक्षकों के मानदेय वृद्धि में अब तक पेंच फंसा हुआ है। उनके मानदेय में 1000 रूपए की बढ़ोतरी फिलहाल अटक गई है। यह बढ़ोतरी वर्तमान वित्तीय वर्ष में मिलने की संभावना कम होती जा रही हैं। हालांकि ईपीएफ की कटौती नवंबर महीने से शुरू हो गई। लेकिन बढ़ा हुअ मानदेय राशि अभी तक पारा शिक्षकों के खाते में नहीं आयी है।

**फैक्ट फाइल**

- अगर मानदेय में 1000 रूपए की बढ़ोतरी होती है तो सरकार पर हर महीने 5.80 करोड़ रूपए का अतिरिक्त बोझ आएगा।
- अगर सरकार सितंबर से लेकर दिसंबर तक एरियर देती है तो 23.20 करोड़ रूपए का अतिरिक्त खर्च होगा।
- ईपीएफ की कटौती नवंबर महीने से शुरू हो गई।

**क्या कहता है संघ**

झारखंड के सहायक अध्यपाकों को घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार से वार्ता हो रही है। बहुत जल्द बढ़ा मानेदय सभी शिक्षकों के खाते में आ जायेगा- हृषिकेष पाठक, झारखंड प्रदेश सहायक अध्यापक (एकीकृत पारा शिक्षक) संघ।

**पिछले साल हुई थी मानदेय वृद्धि की घोषणा** : स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के तत्कालीन मंत्री बैद्यनाथ राम और पारा शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच अगस्त 2024 के अंतिम सप्ताह में हुई। बैठक में पारा शिक्षकों के मानदेय में 1000 रूपए की बढ़ोतरी और ईपीएफ का लाभ देने पर सहमति बनी थी।

## झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के दूसरे स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, राज्यपाल ने कहा

# झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को करना होगा मजबूत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शुक्रवार को झारखंड राज्य ओपेन यूनिवर्सिटी के दूसरे स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना होगा, खासकर गांवों में अच्छी शिक्षा व्यवस्था की जरूरत है। झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को सही करने के लिए रिक्रूटमेंट पॉलिसी को ठीक करना होगा। जिसे लेकर हम काम भी कर रहे हैं। राज्यपाल ने सभी छात्रों और



शिक्षकों से समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को और अधिक सशक्त बनाए और आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग कर शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाए। यह विश्वविद्यालय कड़ी मेहनत और समर्पण से अन्य राज्य के लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। राज्यपाल महोदय ने सभी छात्रों, शिक्षकों, कर्मियों को शुभकामनाएं दीं और झारखंड के कोने-कोने में शिक्षा के प्रकाश को फैलाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

**अब तक स्थायी परिसर नहीं मिला** : झारखंड राज्य ओपन यूनिवर्सिटी के वाइस चांचलर टीएन साहू ने कहा कि झारखंड राज्य ओपन यूनिवर्सिटी को अभी तक अपना स्थायी परिसर नहीं मिला है। ओपन यूनिवर्सिटी की जानकारी अभी भी कई लोगों तक नहीं पहुंच पाई है। झारखंड में अभ्यर्थी और टीचर्स पेरेंट्स के बीच कम्युनिकेशन गैप काफी ज्यादा है।

**इन्वेस्ट करने की है जरूरत** : सीइएमसीए के निदेशक डॉ बी शादरच ने कहा कि झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी को सपोर्ट और इन्वेस्ट करने की जरूरत है। ओपन यूनिवर्सिटी को ग्रामीण क्षेत्र तक पहुंचाने के लिए बढ़ावा देने की जरूरत है। ओपेन यूनिवर्सिटी दूरस्थ इलाके तक पहुंच सकती है और शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूत कर सकती है।

## केंद्र ने हमारी परंपरा हमारी विरासत के लिए गठित की कमेटी

**रांची।** पंचायती राज्य मंत्रालय भारत सरकार ने 26 जनवरी से झारखंड में शुरू हो रही हमारी परंपरा हमारी विरासत प्रोग्राम के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित की है। इस कमेटी में मंत्रालय के अधिकारी अखिलेश ठाकुर नोडल ऑफिसर बनाया गया है। वहीं आईजी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी अमरकंटक के वीसी के द्वारा नामित अधिकारी को सदस्य, डायरेक्टर ट्राई, राजस्व भूमि सुधार विभाग का प्रतिनिधि और पंचायती राज झारखंड की निदेशक निशा उरांव को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है।

## उत्पाद मंत्री ने जेएसबीसीएल गोदाम का किया निरीक्षण



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने शुक्रवार को झारखंड स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) के गोदाम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई अनियमितताएं पायी और गोदाम प्रबंधक को फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि सभी अनियमितताओं को जल्द से जल्द सुधारा जाए नहीं तो नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**मंत्री ने दिये निर्देश :** मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा तय एसओपी के तहत ही कार्य किए जाएंगे। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें की किसी भी हाल में राजस्व की हानि न हो और तय समय पर निर्धारित राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य को पूरा किया जाये।

## अलकतरा घोटाले में इलियास हुसैन समेत 12 का बयान दर्ज

**रांची।** बहुचर्चित अलकतरा घोटाले से जुड़े 27 साल पुराने मामले में ट्रायल फेस कर रहे बिहार के तत्कालीन पथ निर्माण मंत्री इलियास हुसैन समेत 12 आरोपियों का बयान शुक्रवार को दर्ज किया गया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सभी आरोपियों उपस्थित हुये। अदालत ने आरोपियों से उनके ऊपर लगे आरोपों के बारे में पूछा। आरोपियों ने मामले में निर्दोष बताया। बयान दर्ज होने के बाद अदालत ने बचाव पक्ष को अपने बचाव में सबूत प्रस्तुत करने का समय दिया है। इसके लिये अदालत ने एक फरवरी की तारीख निर्धारित की है। साल 1994 में हुये अलकतरा घोटाले को लेकर सीबीआई ने साल 1997 में कई प्राथमिकी दर्ज कर तफ्तीश प्रारंभ की थी। सुनवाई कछुये की चाल से चल रही थी। अदालत के सख्ती के बाद सीबीआई ने पिछले दिनों मामले के गवाहों को तलाश कर गवाही कराई है। अलकतरा घोटाले के एक मामले में इलियास हुसैन को 5 साल की सजा सुनाई गई है।

### इन आरोपियों का बयान दर्ज

मामले में मो इलियास हुसैन, विनय कुमार सिन्हा, पवन कुमार अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, महेश चंद्र अग्रवाल, केदार पासवान, गणपति रामनाथ, सीतल प्रसाद माथुर, शोभा सिन्हा, सहाबुद्दीन बेग, सितारेलाल अग्रवाल एवं तरुण कुमार गांगुली का बयान दर्ज किया गया।

## पूजा सिंघल के बहाने बाबूलाल ने राज्य सरकार पर साधा निशाना



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आइएएस पूजा सिंघल के बहाने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि झारखंड में एक अजीबोगरीब खेल चल रहा है। जहां प्रशासनिक व्यवस्था रिवॉर्ड एंड पनिशमेंट की अनोखी नीति पर काम कर रही है। इस व्यवस्था में भ्रष्ट अधिकारियों को इनाम दिया जाता है। जबकि ईमानदार अधिकारियों को दंडित किया जाता है। मुख्यमंत्री शहेमंत सोरेन ने हाल ही में जेल से जमानत पर बाहर आई आईएएस अधिकारी को राज्य के एक प्रमुख विभाग की जिम्मेदारी देने की तैयारी कर ली है। यह निर्णय न केवल प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाता है। बल्कि यह भी दर्शाता है कि राज्य में ईमानदारी और पारदर्शिता की कितनी अहमियत है।

## कृषि मंत्री ने बेंगलुरू के भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान का किया दौरा

# झारखंड में कृषि विभाग हाई एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट पर करेगा फोकस : शिल्पी नेहा तिर्की

- संस्थान के द्वारा उन्नत कृषि के लिए किए जा रहे शोध से हुई प्रभावित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में कृषि विभाग हाई एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट पर फोकस करेगा। इसका उद्देश्य उन्नत कृषि के साथ-साथ किसानों की आय को बढ़ाना है। इसके लिए विभाग कर्नाटक के बेंगलुरु में स्थित भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान के शोध का अनुशरण करेगी। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को बेगलुरु में भारतीय बागवानी अनुसंधान केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि के क्षेत्र में समय के साथ आए बदलाव और बदलते फसल की जानकारी ली। संस्थान के द्वारा कृषि के क्षेत्र में किए जा



रहे शोध से भी मंत्री अवगत हुई ।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि संस्थान बागवानी के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। इसके साथ ही किसानों के उत्पाद के सही बाजार पर भी संस्थान अपना बेहतर नजरिया है। किसानों को बाजार से जोड़ना उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य उपलब्ध कराना आज सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि संस्थान की अच्छाइयों को राज्य के किसानों के हित में अपनाया जाएगा। झारखंड हमेशा से ही पारंपरिक खेती करने वाला राज्य रहा है लेकिन अब आवश्यकता हाई एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट को अपनाने का, ताकि किसानों के जीवन में भी बड़ा बदलाव लाया जा सके। संस्थान के परिसर में मंत्री ने उन्नत कृषि के लिए अपनाई जा रही नई तकनीक, क्षेत्रीय शहद परीक्षण प्रयोगशाला, हाई एग्रीकल्चर वैल्यू प्रोडक्ट की खेती से संबंधित जानकारी ली। इस मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता सचिव अब्बू बकर सिद्दीखी, विशेष सचिव गोपाल जी तिवारी सहित दूसरे विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## कोर्ट नोटिस

ब - अदालत,
सिविल जज सीनियर डिवीजन नं. - 1
पलामू, डालटनगंज।
ओरिजनल सूट नं. - 190/2024
1 - राजाराम विश्वकर्मा------ वादी
बनाम
1 - योगेश्वर विश्वकर्मा वगै.----प्रतिवादी
नोटिस,
बनाम
1 - योगेश्वर विश्वकर्मा, 2 - मुरारी श्याम विश्वकर्मा, 3 - रामचंद्र विश्वकर्मा
4 - गेयानी विश्वकर्मा
सभी के पिता स्व. बुधन विश्वकर्मा
1. ता - 4 सभी निवासी ग्राम विश्रामपुर, पोस्टर एवं थाना विश्रामपुर जिला पलामू।
5. पिंकी देवी पति वीरेंद्र यादव ग्राम फुलिया, पोस्टर कुटमु, थाना पांडु जिला पलामू, राज्य - झारखंड।

बजरिया इस प्रेस पब्लिकेशन द्वारा आपलोग को सूचित किया जाता है कि इस वाद में वादी आपलोग को प्रतिवादी बनाया है एवं न्यायालय द्वारा आपलोग के विरुद्ध निबंधित डांक द्वारा एवं नजारत द्वारा नोटिस भेजा गया है फिर भी आपलोग इस वाद में उपस्थित नही हुये है।

अतः आपलोगो को यह इस अखबार के प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 17/02/2025 ईष्ट को समय 13:00 बजे तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होंगे, अन्यथा आपलोगों की अनुपस्थिति में एकपक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

इसे सख्त ताकीद जाने।

आज दिनांक 16 /01/ 2025 ईष्ट को मेरे न्यायालय के मुहर एवं हस्ताक्षर से निर्गत किया गया।

ह./- न्यायालय
सिविल जज सीनियर डिवीजन नंबर - 1
पलामू, डालटनगंज।

## खबर एक नजर में

### सीएम कल दुमका में फहरायेंगे तिरंगा

**रांची।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दुमका के पुलिस लाइन मैदान में झंडोत्तलन करेंगे। मुख्यमंत्री 25 जनवरी की शाम दुमका पहुंचेंगे और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा फहरायेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जा रही है। इसके लिए पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त फोर्स उपलब्ध कराये गये हैं।

### सरकारी रिक्त पद नया घोटाला : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में एक अनोखा घोटाला सामने आया है। तरह-तरह के भ्रष्टाचार के लिए हेमंत सोरेन ने सरकारी विभागों के रिक्त पदों की संख्या में बड़ा घोटाला कर दिया है। पिछले दो सालों में रिक्त पदों की संख्या 4.66 लाख से घटकर अब महज 1.59 लाख रह गई है, अर्थात बिना कोई परीक्षा कराये राज्य सरकार युवाओं के 2 लाख 7 हजार की नौकरी खा गई। बिना नियुक्ति दिए ही 2 लाख से अधिक रिक्त पद गायब हो गये। इस अनूठे घोटाले का जवाब ना तो हेमंत जी के पास है, ना अधिकारियों के पास। उन्होंने सीएम से कहा है कि दीमक की तरह झारखंड के युवाओं का भविष्य खोखला मत करिये।

### आवासीय संपत्तियों के लिए ई-नीलामी 27 को

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा 27 जनवरी को पूरे भारत में 1300 से अधिक आवासीय संपत्तियों के लिए विशेष मेगा ई-नीलामी का आयोजन करने जा रहा है। बैंक अपने स्वामित्व वाली आवासीय संपत्तियों की पेशकश कर रहा है जो घर खरीदारों के लिए सर्वोत्तम स्थान और सर्वोत्तम मूल्य पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी और ई-नीलामी में भागीदारी के लिए इच्छुक व्यक्ति/बोलीदाता बैंक की वेबसाईट पर जा सकते हैं और अपना पंजीकरण करा सकते हैं। नीलामी प्रक्रिया में किसी भी सहायता के लिए हेल्पलाइन 8291220220 पर संपर्क कर सकते हैं।

# कोयला सचिव ने सीसीएल की डिजिटल विद्या परियोजना अंतर्गत अधिष्ठापित स्मार्ट क्लास और आइसीटी लैब का किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोयला मंत्रालय के तत्वावधान में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा झारखंड राज्य के 8 जिलों के 193 सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिजिटल विद्या परियोजना अंतर्गत स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब का अधिष्ठापन कराया गया। इस महत्वाकांक्षी पहल का वर्चुअल उद्घाटन शुक्रवार को केंद्र सरकार के कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त द्वारा किया गया।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) की इस परियोजना के तहत सीसीएल ने झारखंड के रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, चतरा, लातेहार, गिरिडीह और पाकुड़ जैसे जिलों में स्मार्ट क्लासरूम और आईसीटी (सूचना एवं संचार




प्रौद्योगिकी) लैब की स्थापना की है जिसकी कुल लागत 26.13 करोड़ रुपया है। परियोजना का क्रियान्वयन एजुकेशनल कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड द्वारा कराया गया। शुक्रवार को आयोजित उद्घाटन समारोह झारखंड के चतरा जिले के टंडवा ब्लॉक के अपग्रेडेड मिडिल स्कूल, किशुनपुर में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, शिक्षक, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, लोक प्रतिनिधिगण, अभिभावक, एवं कम्पनी के अधिकारी उपस्थित थे। सीएमडी सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह एवं निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़कर, छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों, एवं समस्त जन समुदाय को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों द्वारा डिजिटल शिक्षा के माध्यम से बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने की दिशा में सीसीएल के योगदान की सराहना की गई। यह परियोजना झारखंड में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और सरकारी स्कूलों के बच्चों को डिजिटल युग के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

### सीसीएल का योगदान

सीसीएल ने अपने कमान क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं को लागू किया है। डिजिटल विद्या परियोजना शिक्षा के क्षेत्र में सीसीएल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। यह पहल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और तकनीकी रूप से सक्षम शिक्षा प्रदान कर, उन्हें समाज में प्रभावशाली भूमिका निभाने के लिए तैयार करेगी। यह परियोजना झारखंड के सरकारी स्कूलों के छात्रों के शैक्षिक विकास में एक नया आयाम जोड़ेगी और समाज को तकनीकी दृष्टि से समृद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी।


सुप्रभात
रांची, शनिवार
25.01.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
माघ, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 195 । 12



महाकुंभ में ममता कुलकर्णी बनीं संन्यासी, किया अपना पिंडदान

## न्यूज डायरी

### आइसीसी की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में 3 भारतीय

**दुबई।** आइसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में भारत के तीन खिलाड़ियों को जगह मिली है। वे हैं तेज गेंदबाजी जसप्रीत बुमराह, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और सलामी बैटर यशस्वी जायसवाल। टीम में इंग्लैंड के चार, न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ी हैं। कप्तानी पैट कमिंस (आस्ट्रेलिया) को सौंपी गयी है।

### दुमका के 2 लोगों को पीएमी करेंगे सम्मानित

**दुमका।** बांडपाड़ा निवासी शुभम गोराई और जरमुंडी प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका रीना कुमारी देवी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पीएम मोदी सम्मानित करेंगे। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें पीएमओ से से बुलावा आया है।

### बाल-बाल बचे बच्चे वैन चालक की मौत

**रांची।** धुर्वा इलाके में शुक्रवार सुबह एक आइपीएस अधिकारी की गाड़ी और एक स्कूल वैन आपस में टक्कर हो गयी। वैन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। सभी मासूम बच्चे बाल-बाल बच गये। वहीं घायल वैन चालक इमरान की मौत हो गयी।

### टीएसपीसी के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**रांची।** टीएसपीसी के दो उग्रवादियों को रांची पुलिस ने शुक्रवार को ओरमांझी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उनके नाम संजीत कुमार और मणि कुमार हैं। दोनों उग्रवादी हजारीबाग के रहनेवाले हैं। एक गुप्त सूचना पर दोनों को धर दबोचा।

## समीक्षा बैठक में सचिवों को मुख्य सचिव का निर्देश

# केंद्र से मिली राशि का शीघ्र दें उपयोगिता प्रमाण पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूंजी निवेश के लिए राज्यों को दी जानेवाली विशेष सहायता योजना के तहत झारखंड को मिली राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र केंद्र सरकार को ससमय देने का निर्देश मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सभी संबंधित विभागों के सचिवों को दिया है। मुख्य सचिव शुक्रवार को स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट (एसएएससीआई) को लेकर संबंधित विभागों के सचिवों के साथ समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि खर्च की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण ससमय देने से उस मद में बची राशि पर दावा



मजबूत होगा। साथ ही वित्तीय अनुशासन के साथ ससमय योजना पूरी करने वाले राज्य के रूप में भी हमारी पहचान बनेगी। मालूम हो कि केंद्र सरकार द्वारा पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत राज्यों को 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त कर्ज दिया जाता है।

**1233 करोड़ मिले हैं झारखंड को :** समीक्षा के दौरान सीएस को बताया गया कि वित्तीय वर्ष, 2023-24 में झारखंड को केंद्र सरकार द्वारा 5255.14 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, जिसमें से अभी तक 4580. 62 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। (शेष पेज 11 पर)

### जनवरी तक केंद्र से 250 करोड़ का क्लेम संभव

समीक्षा के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि एसएनए स्पर्श के तहत राज्य सरकार केंद्र सरकार से 31 जनवरी 2025 तक 250 करोड़ रुपये का क्लेम कर सकती है। बताया गया कि अर्बन प्लानिंग रिफार्म के तहत भवन निर्माण नियम को युक्तिसंगत करने के लिए 30 करोड़ रुपये का दावा केंद्र सरकार से किया गया है। समीक्षा बैठक में वित्त सचिव प्रशांत कुमार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, परिवहन सचिव कृपानंद झा, खान सचिव जितेंद्र सिंह, भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## झारखंड में आज से फिर लौटेगी ठंड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मौसम पूर्वानुमान के अनुसार झारखंड में 25 जनवरी से एक बार फिर राज्य में ठंड के लौटने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि शनिवार को राज्य के उत्तरी क्षेत्र में पड़ने वाले जिलों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कमी होने की उम्मीद है। 26 जनवरी की सुबह से राज्य के मध्य एवं दक्षिणी क्षेत्र के जिलों में भी न्यूनतम तापमान में कमी आयेगी। मौसम केंद्र रांची के निदेशक के अनुसार न्यूनतम तापमान में 03 से 05 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आ सकती है। अभिषेक आनंद ने कहा कि अधिकतम तापमान में भी कमी होने के चलते लोगों को ठंड का अहसास ज्यादा होगा।

**सरायकेला-खरसावां का पारा 32.4 डिग्री :** पिछले 24 घंटे में मौसम सामान्यतः शुष्क रहा है। इस दौरान राज्य का न्यूनतम तापमान चतरा जिले में 9.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है, जबकि राज्य का अधिकतम तापमान सरायकेला-खरसावां में 32.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। मौसम केंद्र रांची के निदेशक और वरिष्ठ मौसम पूवार्नुमान वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर जिलों में अभी अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक होने की वजह से लोगों को ठंड से राहत मिली है।

## झारखंड निकाय चुनाव : हाइकोर्ट में 7 को फिर सुनवाई

# भारत निर्वाचन आयोग दो सप्ताह में मतदाता सूची सौंपे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में निकाय चुनाव मामले में निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो की ओर से दायर याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को दो सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही सुनवाई की अगली तिथि सात फरवरी निर्धारित की है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में भारत निर्वाचन आयोग से पूछा था कि वह राज्य निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची कब देंगे। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। साथ ही कहा गया कि यह लेटेस्ट वोटर लिस्ट नहीं है।

इस पर कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को शपथपत्र दाखिल कर यह बताने को कहा कि निकाय चुनाव के लिए यही वोटर लिस्ट का उपयोग किया जा सकता है। पिछली सुनवाई में मुख्य सचिव और नगर विकास सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए थे। कोर्ट ने राज्य सरकार को नगर निकाय चुनाव करने के लिए चार महीने का समय दिया। कोर्ट ने तीन सप्ताह में चुनाव कराने के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर सवाल उठाये थे।

इस पर राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की पात्रता निर्धारण को लेकर जिला स्तर पर ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गयी है। कुछ ही जिलों में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया बाकी है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

### बेटियों को सशक्त बनाने का संकल्प लें : अन्नपूर्णा

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बालिका दिवस पर बालिकाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए सभी बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु संकल्पबद्ध बनने का आह्वान किया। सोशल मीडिया पर एक थ्रेड पोस्ट में अन्नपूर्णा देवी ने लिखा कि इस अवसर हम बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु संकल्पबद्ध बने। अन्नपूर्णा देवी ने लिखा, बालिका देवो भवः। राष्ट्रीय बालिका दिवस के इस अवसर पर, आइए हम यह संकल्प लें कि हर बालिका को उसके सपनों को पूरा

## बालिकाओं की उपलब्धि पर देश को गर्व है : मोदी

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** पीएम मोदी ने मोदी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शुक्रवार को बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए कई तरह के अवसर सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी। उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धियां देश को प्रेरित करती रहेंगी। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, आज, राष्ट्रीय बालिका दिवस पर, हम बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए कई तरह के अवसर सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भारत को सभी क्षेत्रों में बालिकाओं की उपलब्धियों पर गर्व है। उनकी उपलब्धियां हम सभी को प्रेरित करती रहती हैं। पीएम ने कहा कि सरकार बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

### बच्चियों से कोई भेदभाव नहीं होने देगी सरकार

(शेष पेज 11 पर)



झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची
PRNO 345067 (Jharkhand Education Projet Council) IPRD 24-25

# डोभा में बना दिया भूमि संरक्षण का तालाब, पांकी विधायक ने विभाग व जेई को ठहराया दोषी

मनातू प्रखंड के बंशी खुर्द पंचायत के सिलदिलीया खुर्द गांव का मामला

**विधायक का आरोप - फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि संरक्षण विभाग में जमकर किया जा रहा है भ्रष्टाचार**







मामले की जानकारी देते विधायक डॉ शशिभूषण मेहता व मनातू के सिलदिलीया खुर्द में डोभा में बनाया गया तालाब।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनातू प्रखंड के बंशी खुर्द पंचायत के सिलदिलीया खुर्द में भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां 17 लाख रुपये से अधिक की लागत से डोभा में ही बड़ा तालाब का निर्माण कर दिया गया। यह काम भूमि संरक्षण विभाग के माध्यम से किया गया है। पांकी के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने इसे घोटाला करार दिया है। विधायक ने आरोप लगाया है कि सिलदिलीया खुर्द में मास्टर सिंह के खेत में मनरेगा योजना के तहत पहले से डोभा बना हुआ था। मास्टर सिंह और कुछ बिचौलियों ने विभागीय मिलीभगत से डोभा को बड़ा तालाब बना दिया। आरोप है कि भूमि संरक्षण विभाग से 200/200 आकार वाला बड़ा तालाब का नया निर्माण नहीं होता है। तालाब के जीर्णोद्धार किया जाता है। लेकिन यहां विभाग के मिलीभगत से नियम को दरकिनार कर डोभा में ही तालाब का निर्माण किया गया, जो कई सवालों को खड़ा करता है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि डोभा का निर्माण पहले मनरेगा योजना के तहत किया गया था, और वह अभी भी उपयोग में है। ऐसे में उसी डोभा में तालाब बनाने का आदेश किसने दिया? विधायक ने कहा कि आमसभा में यह योजना कैसे पारित हुई, चेक स्लिप कैसे जारी हुई और किसने इसकी मंजूरी दी, यह गंभीर सवाल है। यह स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। विधायक ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां सरकारी योजनाओं और जनता के पैसे का दुरुपयोग दर्शाती हैं। उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्रवाई और गहन जांच की मांग की है। भूमि संरक्षण विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) गुलशेर ने स्वीकार किया कि मास्टर सिंह ने बिना विभागीय अनुमति के डोभा को तालाब में बदल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद फिलहाल भुगतान पर रोक लगा दी गई है और वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई है। यह मामला ग्रामीण विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार की गंभीरता को उजागर करता है। डोभा, जो अभी भी उपयोग में था, उसमें तालाब निर्माण कर सरकारी खजाने को चूना लगाने की कोशिश हुई। फिलहाल, इस पूरे प्रकरण ने विभाग की कार्यशैली और पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में दोषियों पर क्या कार्रवाई करता है और क्या 17 लाख रुपये की लागत से बने इस विवादित तालाब का भविष्य क्या होगा। विधायक डॉ मेहता ने आरोप लगाया है कि मनातू के बंशी खुर्द पंचायत में मनरेगा योजना में जमकर धांधली बरती गई है। इस पंचायत में जहां डोभा में तालाब बनाया गया है, वहीं कई जगहों पर डोभा में ही डोभा बनाकर पैसों की बंदरबांट की गई है।

### क्या कहते हैं भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्याम बिंद

इस संबंध में भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्याम बिंद ने बताया कि जेई के माध्यम से मामला उनके संज्ञान में आया है। मामले की जांच कराई जा रही है। फिलहाल भुगतान रोक दी गई है। चेक स्लिप कैसे निर्गत हुआ और आम सभा में पानी पंचायत का गठन कैसे हुआ, यह जांच का विषय है। यदि वहां पूर्व से तालाब नहीं था तो तालाब का जीर्णोद्धार का चेक स्लिप अंचल निर्गत कैसे हुआ, यह बड़ी बात है। 200/200 आकार वाली तालाब का नया निर्माण नहीं होता है। इसे जीर्णोद्धार होता है। चेक स्लिप और प्रस्तावित ग्रामसभा में गठित पानी पंचायत समिति के आधार पर ही योजना स्वीकृत हुआ है।

## स्पीड न्यूज

### जनकल्याण ट्रस्ट का चियांकी में मेगा ब्लड डोनेट कैंप आज : नंदलाल दूबे



मेदिनीनगर। जनकल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में मेगा ब्लड कैंप का आयोजन 25 जनवरी को प्रशिक्षण केंद्र होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर चियांकी में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट पलामू दीपक कुमार होंगे। उक्त जानकारी संगठन के सचिव नंद लाल दूबे ने दी। उन्होंने कहा कि जन कल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्यों से कहा कि होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर परिसर में दिन के 10 बजे उपस्थित होकर कैंप को सफल बनायें। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के अलावे जो भी लोग रक्तदान करना चाहते हैं वे इस कैंप में आकर रक्तदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान बेकार नहीं जाता है। रक्त से संकट में दूसरों की जान बचाई जा सकती है।

### सीएम हेमंत सोरेन को पत्रकारों की समस्या से कराया अवगत



छतरपुर पलामू। छतरपुर के पत्रकार रिंकू सिंह ने सीएम हेमंत सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की। सिंह सीएम को पलामू के पत्रकारों की समस्याओ से अवगत कराया। सीएम सोरेन ने आश्वासन दिया कि पत्रकारों के लिए जल्द से जल्द सुरक्षा बीमा व कानून एक्ट लागू की जाएगी।

### पाटन प्रखंड में गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड में गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन का समय बीडीओ अमित कुमार झा द्वारा निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 26 जनवरी को 9:15 बजे सुबह, प्रखंड विद्यालय, प्रखंड कॉलोनी पाटन में 9:25 बजे, पशु चिकित्सालय में 9:35 बजे, पाटन मध्य विद्यालय में 9:40 बजे, पाटन पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 9:50 बजे, पाटन थाना परिसर में 9:55 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में 10 बजे, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय पाटन में 10:15 बजे, केल्हार पंचायत सचिवालय में 10:30 बजे, सेमरी पंचायत सचिवालय में 10:40 बजे, वनों के क्षेत्र कार्यालय पाटन में 11 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा। पाटन प्रखंड परिसर में 11:15 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### हुसैनाबाद में लोगों ने भारत रत्न कपूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि



हुसैनाबाद पलामू। शहर के अनुमण्डल कपूरी मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न कपूरी ठाकुर की जयन्ती पर लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान अनुमण्डल पदाधिकारी गौरांग महतो,सीओ पंकज कुमार बीडीओ सुनील वर्मा समेत राजद व झामुमो समेत कई राजनीतिक दल व सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर एसडीएम गौरांग ने कहा कि कपूरी ठाकुर केवल बिहार के सीएम नही बल्कि एक कुशल राजनीतिज्ञ व जन नेता थे। हम सब को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, गयासुद्दीन सिद्दीकी, राजद प्रदेश महासचिव रवि कुमार यादव, मदन पासवान, खुर्शीद खां, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, सम्मू हुसैन, जाकिर अली उर्फ राज अली, प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम कामाख्या सिंह, कलामुदिन खा, अब्बास अंसारी, अशोक ठाकुर, शक्ति पासवान शिव शंकर यादव रिजवान खान सुदेश्वर राम,दिनेश पासवान रंजीत चंदेल, डा एजाज आलम समेत कई लोग मौजूद थे।

### कपूरी ठाकुर सामाजिक न्याय के पुरोधा थे : लवली गुप्ता



पांकी पलामू। पांकी कपूरी चौक स्थित कपूरी ठाकुर के आदमकद प्रतिमा पर भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद लवली गुप्ता ने कपूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती के उपलक्ष्य में माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर जी की आज जन्म जयंती है। वे एक कर्तव्यनिष्ठ एवं कुशल जननेता थे। उनका जीवन गरीबों और शोषितों, दलितों,पीड़ितों के लिए समर्पित था। मौके पर वीरेंद्र सिंह, समाज सेवी अनुप गुप्ता, धनंजय सिंह, व्यास यादव, महरण यादव, पंकज गुप्ता, विकेश गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, कैलाश गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पंडवा में लगा स्वास्थ मेला में 702 लोगों की हुई जांच



पंडवा (पलामू)। प्रखड के पंडवा बजार परिसर में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन पंडवा प्रमुख गिता मेहता, क्षेत्रीय उप निदेशक पलामू प्रमंडल डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, पाटन पीएचसी प्रभारी डॉ श्रवण कुमार, पंचायत समिति सदस्य लोहड़ा ललिता देवी बासपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रमुख गीता मेहता ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का यह पहल सराहनीय है। इस तरह का शिविर पंचायत स्तरीय प्रत्येक माह होना चाहिए ताकि वंचित लोगों को समय से लाभ मिल सके। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी श्रवण कुमार ने कहा कि शिविर में 702 लोगों ने विभिन्न बिमारी का जांच करवा व दवाई दी गई। चिकित्सा प्रभारी श्रवण कुमार ने दो टीबी मरीजों को गोद लिया और जनप्रतिनिधियों से गोद लेने की अपील की गई।इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शशिकांत कुमार, प्रखंड लेखा प्रबंधक सुनिल कुमार, डॉ चंदन कुमार, डॉ सोमनाथ चक्रधर ,सीएच ओ अनुप्पा एक्का, मनिष कुमार, बबलू कुमार, राधे श्याम बेरवा, रामप्रवेश तिवारी, निरज सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### जिला सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संघ की बैठक आयोजित

मेदिनीनगर/पाटन। जिला सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संघ की बैठक सहकारिता कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में एक दिसंबर 2024 को संघ द्वारा पारित प्रस्ताव के आलोक में प्रत्येक जिला में कार्यकारिणी का गठन किया जाना है। इसे लेकर सर्वसम्मति से पलामू जिला हेतू संघ का गठन किया गया। जिसमें बिपिन किशोर कंडुलना अध्यक्ष, आशीष खलखो उपाध्यक्ष, सखीचंद दास सचिव, निशितोष ठाकुर उप सचिव, संध्या बारो कोषाध्यक्ष व संजय कुमार संगठन मंत्री बनाये गये।

### मुखिया ने बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया




नीलाम्बर पीतांबरपुर पलामू। हरतुआ पंचायत की मुखिया अरविंद शुक्ला ने शुक्रवार को पंचायत क्षेत्र के राउमवि झरकटिया के कक्षा एक व दो के छात्र- छात्राओं के बीच नि:शुल्क पोशाक का वितरण किया। वहीं धावाडीह पंचायत की मुखिया रिंकी यादव ने शुक्रवार को पंचायत क्षेत्र के उमवि लोहरा पोखरी हरिजन टोला के कक्षा एक व दो के 25 छात्र- छात्राओं के बीच नि:शुल्क पोशाक का वितरण किया। मौके पर मुखिया अरविंद शुक्ला ने कहा कि पोशाक से बच्चों में एकरूपता आती है। पोशाक अमीरी गरीबी में समानता लाती है। एक तरह के पोशाक से बच्चों में एक दूसरे बच्चों के प्रति समानता की भावना जागृत होती है। राज्य सरकार का यह सराहनीय पहल है। जिसके कारण कड़ाके की ठंड में बच्चों को पोशाक के साथ स्वेटर भी दिया जा रहा है। गरीब परिवार के बच्चों को स्वेटर से ठंड से राहत मिलेगी।

# गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह को लेकर परेड का हुआ अंतिम पूर्वाभ्यास

डीसी व एसपी ने की परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का निरीक्षण

**अजीत कुमार दुबे**





**मेदिनीनगर।** पुलिस लाइन स्टेडियम में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास में उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की समीक्षा की साथ ही पूर्वाभ्यास परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न टुकड़ियों आकर्षक एवं भव्य परेड का स्वरूप प्रदर्शित किया। मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि गणतंत्र दिवस को लेकर परेड पूर्वाभ्यास किया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष राज्य के वित्त मंत्री द्वारा झंडोत्तोलन किया जायेगा। इस दिन का खास महत्व है हमारे लिए आज के ही दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। इस समारोह में भाग लेने हेतु 18 ट्रेनी आईएएस को भी निमंत्रण दिया गया है। उन्होंने सभी आमजनों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। एसपी रीष्मा रमेशन ने परेड में भाग ले रहे प्लाटुन का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पलामू में परेड सुंदर व खूबसूरत दिखेगी। साथ ही उन्होंने सभी टुकड़ियों को पूरे स्वाभिमान व गर्व के साथ परेड में भाग लेने की सीख दी। उन्होंने सभी टुकड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि ऐसे ही 26 जनवरी को परेड सुंदर व खूबसूरत दिखे इसके लिए आप सभी अपना शत प्रतिशत देंगे। मौके पर डीडीसी शब्बीर अहमद, नजारत उप समाहर्ता विक्रम आनंद सहित जिला प्रशासन के पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना पहली प्राथमिकता : डॉ मेहता


पांकी में स्वास्थ्य शिविर का भव्य शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**पांकी पलामू।** पांकी प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने मेला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, बीडीओ ललित प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि मिंटी वर्मा, सांसद प्रतिनिधि ललित सिंह, प्रो बच्चन ठाकुर, डॉ महेंद्र प्रसाद, डॉ बिनोद कुमार, डॉ रेयाज अनवर, मनप्रीत कुमार, अनुज सिंह, सुमित पांडे , मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह, जसवंत कुमार सहित स्वास्थ्य कर्मी और सहिया उपस्थित थे। इस स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न सेवाओं को प्रदर्शित करने के लिए कुल 20 प्रकार के स्टॉल लगाए गए, जिनमें मुफ्त चिकित्सा परामर्श, दवाओं का वितरण, स्वास्थ्य जांच आदि शामिल थे। विधायक ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य कर्मियों की मेहनत और सेवा भावना की सराहना की। इस अवसर पर विधायक मेहता ने कहा स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। इस शिविर से जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों और सहिया की भूमिका की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। शिविर में ग्रामीणों ने सेवाओं का लाभ उठाया। रक्त जांच, आंखों की जांच, टीकाकरण और पोषण परामर्श जैसी सुविधाओं ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

### रेहला में स्वास्थ्य मेला आयोजित



विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा रेहला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला लगाया गया। स्वास्थ्य मेला का उदघाटन चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार,पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,प्रमुख रंभा कुमारी व बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह का संचालन मिथलेश दुबे ने किया। स्वास्थ्य मेला में सामान्य चिकित्सा, बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन आदि सहित कई तरह के अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। इसमें रेबीज से बचाव, गर्भावस्था में दवा का सेवन, महिला स्वास्थ्य और फ्री चेकअप सहित कई छोटी बीमारियों का जांच व इलाज विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा किया गया,जिससे 1300 लोग लाभान्वित हुये। मौके पर डॉ एम एम प्रसाद, डॉ दिनेश कुमार सिंह, डॉ लिली एस्टेला पूर्ति, डॉ प्रियंका पांडेय, डॉ विश्वजीत सिंह, डॉ अरविंद कुमार, डॉ मनोज कुमार, बीपीएम पंकज कुमार पांडेय, बैम मृगेंद्र कुमार, एमामूल हक अंसारी,अरविन्द कुमार, संतोष कुमार, पंकज कुमार, करम कुमार, किशोर कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## राज्य निर्माण के बाद धीमी है पलामू में विकास की गति : मंत्री

**जीवन कुमार**



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह गांव स्थित मलय डैम परिसर में शुक्रवार को जिला स्तरीय पंचायत सशक्तिकरण का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री राधा कृष्ण किशोर के साथ जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त पलामू शशि रंजन, संचालन डीपीआरओ विनय कुमार सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डीडीसी शब्बीर अहमद ने किया। मौके पर मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि मइयां सम्मान योजना रेवड़ी नहीं बल्कि माता बहनों की आराधना है, इस पैसा से माताएं बाजार जाकर सामान खरीदती है जो राज्य सरकार को टैक्स के रूप में मिलता है। मंत्री ने कहा कि पलामू को मिलजुलकर सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाना है। राज्य निर्माण के बाद पलामू में विकास की गति धीमी है। चुने हुए जनप्रतिनिधि को अधिकारी, पदाधिकारी से सहयोग लेकर आगे बढ़ाने का संकल्प लेना होगा। मौके पर जिप अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, नगर आयुक्त जावेद अहमद, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, डीएसई, सीएस, डीएओ, सतबरवा बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, प्रमुख रीमा देवी, कामाख्या नारायण यादव, गिरवर राम, संतोष उरांव, निरोतमा, पुष्पा, कलावती, ब्रह्मदेव सिंह, अलका, पुष्पा, रिंकी यादव, अनीता, सुमन, आनंद सभी मुखिया के साथ बीपीओ आरजू तमन्ना, प्रेमचंद गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

### समाज को कपूरी ठाकुर से प्रेरणा लेनी चाहिये : डॉ शशिभूषण मेहता



पांकी पलामू। राष्ट्रीय नाई महासभा इकाई के तत्वाधान मे शुक्रवार को पांकी के कपूरी ठाकुर चौक पर भारत रत्न जननायक कपूरी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमे मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता और विशिष्ट अतिथि पलामू जिला नाई समाज के अध्यक्ष बच्चन ठाकुर कपूरी जी के प्रतिमा माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। मौके पर डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि जननायक कपूरी जी जीवन भर राजनीति को जनसेवा के रूप में अपनाएं और गरीबों एवं वंचितों को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किये, समाज को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने देश एवं समाज हित में एक से बढ़कर एक काम किया। डॉ मेहता ने ये भी कहा कि पिछड़ों एवं दलितों के मसीहा थे। मेहता ने कहा कि कपूरी ठाकुर जी को अच्छी राजनीति की पहचान की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रीय नाई महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष प्रो बचन ठाकुर ने कहा कि गरीब शोषित पीड़ित के आवाज थे जननायक कपूरी ठाकुर उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी आम लोगों की सेवा में ही लगा दीये। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, नाई सभा के जिला उपाध्यक्ष अमलेश ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष विजय ठाकुर, युवा उपाध्यक्ष संजय ठाकुर, सुदेश्वर ठाकुर, रामेश्वर ठाकुर, राजेश्वर ठाकुर, जनेश्वर ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, सुनील ठाकुर, रंजय ठाकुर, पंकज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि मींटी कुमार वर्मा, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह,सुनील गुप्ता, ललित मेहता, डॉ रामचरित्र सिंह,चंदन गुप्ता, कार्तिक सिंह, यसवंत मेहता, साधु मांझी, जयकिशोर प्रसाद गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय में मनाई गयी नेताजी की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत सुआ पंचायत में सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के वार्डेन अनिल कुमार ठाकुर, राजेंद्र कुमार प्रजापति, सतीश कुमार पांडेय व विद्यालय के बच्चों के सामूहिक रूप से किया गया। बोस की जयंती पर स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग, क्विज व संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के वार्डेन अनिल ठाकुर ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में सुभाषचंद्र बोस की भूमिका महत्वपूर्ण रही थी। उन्होंने कहा कि इन महापुरूषों के बताये मार्गों पर चलकर ही देश का विकास होगा। उन्होंने कहा कि नेताजी के आदर्शों को स्कूली बच्चे अपनाकर सफलता के पथ पर आगे बढ़ें। विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के अलावे हर गतिविधि आयोजित कर उनकी प्रतिभा का निखार लाया जाता रहा है।


## कौड़िया के ग्राम चुकरू में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत कौड़ियां पंचायत के ग्राम चुकुरु में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह कांग्रेस जिला महासचिव रामानंद पाठक, प्रखंड प्रमुख बसंती देवी, प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ रिद्धि द्वारा किया गया। साथ ही फलेरिया युक्त मरीजों के बीच मेडिकल किट का वितरण किया गया। रामानंद पाठक ने कहा कि स्वास्थ्य मेला में स्वास्थ्य से संबंधित कई स्टॉल लगाए गए हैं, जिसे जो भी समस्याएं हैं, उससे संबंधित परामर्श हासिल कर इलाज करा सकते हैं। प्रमुख बसंती देवी ने लोगों से अपील की कि इस शिविर का लाभ आसपास के सभी गांव के लोग जरूर ले। मौके पर उप प्रमुख शीतल सिंह, 20 सूत्री सदस्य जतुर उरांव, अर्जुन सिंह, मुखिया अंजना कुमारी सिंह, मुखिया प्रभादेवी, तदासा करमाली, डॉ नीलू कुमारी, डॉ आनंद सिन्हा, डॉ रामानुज वर्मा डॉ प्रवीण उरांव, धीरज, राहुल सिन्हा कर्मी सहिया उपस्थित थे।

### नावा प्रखंड में जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान कार्यक्रम आयोजित



नावा बाजार पलामू। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व मे प्रखंड नावा में जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान कार्यक्रम किया गया। सर्वप्रथम कांग्रेस जनों ने संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर फूल माला अर्पण करके अभियान की शुरूआत किया। अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने कहा कि भाजपा की संविधान विरोधी नीतियों पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा देश की संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है और उनके गृह मंत्री द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया जा रहा है। महात्मा गांधी के नेतृत्व को कम आकलन और देश की आजादी के संघर्ष को नहीं मानना भाजपा की मानसिकता को उजागर करता है। जनता के बीच भाजपा की असलियत को उजागर करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम ने की। मौके पर ओमप्रकाश अमन, शमीम अहमद राईन, शैलेश चंद्रवंशी, विद्या सिंह चेरो, मिट्ठू खान, गोपाल सिंह, साबुद्दीन अंसारी, मिस्टर अंसारी, मीर आरिफ आलम, शहाबुद्दीन अंसारी, तपेश्वर चौधरी, फिदा हुसैन अंसारी, यासीन अंसारी, डॉ शमीम अख्तर, शेख मुश्ताक, अहमद मीर, अमीरुद्दीन साहब, वकील अंसारी, सुल्तान अंसारी, मूवी अंसारी उपस्थित थे।

## क्रिसेंट पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस मना

**स्कूल प्रबंधन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित : विनोद मिश्र**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पांकी रोड स्थित क्रिसेंट पब्लिक स्कूल का 22 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। यह विद्यालय आरपीएम शैक्षणिक संस्था द्वारा संचालित है। कार्यक्रम का उदघाटन सरस्वती जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि एवं दीपोज्वलन के साथ किया गया। साथ ही साथ सुभाष चंद्र बोस के तस्वीर पर माल्यायार्पण कर जयंती मनाई गई।


मौके पर विद्यालय के निदेशक विनोद कुमार मिश्र, प्राचार्या संगीता सिंह, शिक्षक व शिक्षिकाओं के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक ने विद्यालय की स्थापना काल में अभी तक विद्यालय के विकास पर प्रकाश डाला। अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं को शुभकामना दिए। छात्राओं के द्वारा स्वागत गान एवं सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। मौके पर मिश्र ने कहा कि शिक्षक व अभिभावक के समन्वय से विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के अलावा हर क्षेत्र में अव्वल बनाया जा रहा है। कुशल शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चे सफलता के उंच्चे मुकाम हासिल कर रहे हैं। मौके पर नरेंद्र तिवारी, दिलीप तिवारी, मुकेश सिंह अभिषेक पांडे, आकांक्षा, अमृता, सुरभि, रानी सिंह, सीमा सिन्हा उपस्थित थी। मंच संचालन शार्दूल सिंह के द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र तिवारी के द्वारा किया गया।

## वित्त मंत्री ने जगतपुरवा में किया हार्वर्ड इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ

# शिक्षा से सभी जाति-धर्म के लोगों का होगा विकास : किशोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलाम्बर पीतांबरपुर पलामू।** झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने प्रखंड के जगतपुरवा मोड़ पर हार्वर्ड इंटरनेशनल स्कूल का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके पूर्व मंत्री ने जगतपुरवा मोड़ पर युगांबर दीक्षित की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जहाँ स्कूल के डायरेक्टर अवधेश शुक्ला ने मंत्री को माला पहनाकर स्वागत किया।वहाँ से मांदर की थाप पर थिरकते कलाकारों ने मंत्री को स्कूल कैंपस तक लाया। मंच पर मंत्री किशोर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच पर अवधेश शुक्ला ने मंत्री का स्वागत बूके देकर व शॉल ओढ़ाकर कर किया। मौके पर वित्त मंत्री किशोर ने कहा कि शिक्षा ऐसी देनी चाहिए जिससे कि सभी जाति- धर्म के लोगों का विकास हो सके। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे कि बच्चे मानव धर्म की शिक्षा पाकर भविष्य में एक दूसरे का साथ देने वाले बन सकें। किशोर ने कहा कि सभी लोगों को हर क्षेत्र में सब कुछ बेहतर चाहिए लेकिन जब राजनीति में प्रतिनिधि चुनना हो तो अशिक्षित को चुनते हैं। उन्होंने पूछा कि क्या ऐसे में विकास संभव है। कहा कि वे अपने पैतृक प्रखंड लेस्लीगंज व पाटन छतरपुर विधानसभा की जनता के ऋणी हैं। जिनके आशीर्वाद से विधायक बनकर मंत्री बने हैं। इसके पूर्व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीनानाथ तिवारी ने कहा कि हार्वर्ड इंटरनेशनल स्कूल में गरीबों व दबे कुचले लोगों को शिक्षा देकर आगे बढ़ने का कार्य करना चाहिए। स्कूल के विकास में उनका आशीर्वाद हमेशा मिलता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे शिक्षाविद पंकज शुक्ला ने कहा कि लेस्लीगंज में पहला हार्वर्ड इंटरनेशनल स्कूल खुला है जो सीबीएसई आधारित पूर्णत्या इंग्लिश मीडियम स्कूल है। इसके पूर्व ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने स्कूल की कार्य प्रणाली व संचालन से लोगों का परिचय कराया। मौके पर कांग्रेस पार्टी के लाल सूरज, रूद्र शुक्ला, अरुण सिंह, लक्ष्मण, राजेंद्र शुक्ला, अजित तिवारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### ग्रीन कार्ड बने नये लाभुकों को राशन देने का बीडीओ ने दिया निर्देश



घाघरा। घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में पदाधिकारी और कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा,बाल विकास विभाग, पशुपालन,कृषि विभाग मनरेगा कल्याण विभाग सहित कई अन्य विभाग के पदाधिकारी और कर्मी शामिल हुए। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार ने बाल विकास में मातृ योजना, कन्यादान योजना और पोषण ट्रैकर से मिलने वाले लोगों को लाभ की जानकारी ली। साथ ही आंगनवाड़ी जर्जर भवन की जानकारी भी लिया। ग्रीन कार्ड बने नए लाभुकों को शत प्रतिशत राशन देने की बात कही। आधार सीडिंग करने, मईया सम्मान योजना सहित कई कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। मनरेगा योजना में मजदूरों का समय पर भुगतान सहित कई दिशा निर्देश दिया। वहीं 26 जनवरी को दिन के 11:00 बजे प्रखंड सह अंचल कार्यालय के पदाधिकारी कर्मी बनाम पत्रकार के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद कुशल एक्का, पशुपालन पदाधिकारी डॉ सीमा एक्का, बीपीओ बेबी कुमारी, पुष्पा टोप्पो, शंकर खेरवार, शंकर साहू सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

# लोहरदगा डीसी ने किया फुल ड्रेस परेड रिहर्सल का निरीक्षण





खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। गणतंत्र दिवस 2025 के दिन होने वाले परेड का फाइनल रिहर्सल शुक्रवार को बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम मैदान में किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में जिला आरक्षी बल, गृह रक्षा वाहिनी, सहायक पुलिस बल, एनसीसी की तीनों विंग, स्काउट एवं गाइड की टुकड़ियां शामिल हुईं। परेड के पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी। इस मौके पर आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, नजारत उपसमाहर्ता अभिनीत सूरज समेत अन्य उपस्थित थे।

# पीवीटीजी ग्रामों के सभी घरों में करें बिजली आपूर्ति नहीं तो वैकल्पिक व्यवस्था करें : डीसी गुमला

### पीएम जनमन योजना के तहत समीक्षात्मक बैठक का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में पीएम जनमन योजना के तहत विशेष समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी अत्यंत पिछड़ी जनजातीय समूह ग्रामों के नागरिकों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने पीवीटीजी ग्रामों में पेयजल सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। नकटी झरिया क्षेत्र में पेयजल समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए गए। आवास योजनाओं के तहत, उप विकास आयुक्त को सभी पात्र लाभुकों तक योजना का लाभ पहुंचाने और नियमित निरीक्षण करने का आदेश दिया गया। छुटे हुए पीवीटीजी नागरिकों का सर्वेक्षण कर उन्हें भी योजनाओं का लाभ देने की बात कही गई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 9 सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, जबकि 23 नई सड़कों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उपायुक्त ने इन कार्यों में तेजी लाने और समय पर निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत, ग्रामों में स्वास्थ्य जांच हेतु संचालित मोबाइल मेडिकल वैन की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा गया। बैठक में पीवीटीजी क्षेत्रों में बने छात्रावासों और विद्यालयों की स्थिति पर चर्चा की गई। सभी घरों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और जहां बिजली उपलब्ध नहीं है, वहां वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. 4551-जीआरसी-सीई-सी-01-02-2025, दिनांक 23.01.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य अभियंता (निर्माण)/I/गार्डनरीच, द. पू. रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। नीचे उल्लिखित निविदाएं वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है। निविदा नियत तारीख को दोपहर 12.00 बजे बंद कर दी जाएगी। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** रांची एवं हटिया स्टेशन बाई पासिंग द्वारा वाई कनेक्शन के साथ लोधमा-पिस्का के बीच लिंक लाइन के लिए संयुक्त कार्य - दक्षिण पूर्व रेलवे के पिस्का स्टेशन से लोधमा स्टेशन तथा वाई लेग से बालसिरिंग स्टेशन छोर तक के साथ लूप लाइन एवं गुड्स साइडिंग इत्यादि में फॉर्मेशन एवं कटिंग में मिट्टी के कार्य के साथ छोटे एवं महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण, पी. वे जोड़ने के कार्य के साथ बैलास्ट की आपूर्ति, सेवा भवनों, स्टाफ क्वार्टर, ओआरएच, एसआरएच कार्यालयों प्लेटफॉर्म एवं यात्री सुविधाओं, पहुंच सड़कों का निर्माण, ढलान संरक्षण कार्य के साथ एस एंड टी, विद्युतीय कार्य एवं अन्य संबंधित कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 297.00 करोड़, **बोली सुरक्षा:** रु. 1,00,00,000; **समापन अवधि:** 24 महीने। **बंद होने की तारीख:** 21.02.2025, निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इन मदों के लिए कोई भी मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि द्र:** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने हेतु नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-1055)


### विकास भारती के 42वें स्थापना दिवस पर शिवराजपुर में किसान मेला का आयोजन



गुमला। कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर द्वारा घाघरा प्रखंड के शिवराजपुर में पंचायत स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया गया। यह किसान मेला विकास भारती विशुनपुर के 42 वें स्थापना दिवस के अवसर किया गया। इस किसान मेला में सुनील कुमार ने बागवानी लगाने एवं रखरखाव पर जानकारी दी। इस किसान मेला में लालमोहन उरांव ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर इस पंचायत में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने हेतु खेती की विभिन्न तकनीकों को किसान अपनाकर आत्मनिर्भर हो रहे है और उत्पादन एवं उत्पादकता में सकारात्मक बदलाव आया है। विकास भारती बिशुनपुर के कौशल कुमार ने जल संरक्षण पर जानकारी दी। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अटल बिहारी तिवारी ने आम में लगने वाले रोग एवं कीट प्रबंधन पर जानकारी देते हुए बताया कि इस जिले में 5000 हेक्टेयर में आम की खेती हो रही है। जिसे समुचित रूप से प्रबंध किया जाए तो 75000 क्विंटल आम का उत्पादन होगा। इस किसान मेला में 55 कृषि उत्पाद के साथ 10 किसानों को पुरस्कार भी वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में मनोज कुमार सिंह राजेश कुमार द्रोपती देवी के साथ–साथ 110 किसानों ने भाग लिया।

# लाभुकों को दें योजना का लाभ : डीसी

### गुमला : केसीसी, फसल राहत योजना एवं अन्य योजनाओं की हुई संयुक्त समीक्षा बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संयुक्त समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड, ऋण माफी, फसल राहत योजना, बीज-खाद वितरण, सहकारिता विभाग, महिला लाखपति किसान योजना, रागी मिशन, बैंक लिंकेज एवं खरीफ सुखाड़ टास्क फोर्स के अंतर्गत प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने फाइनेंशियल ईयर 2024-25 की केसीसी रिपोर्ट का बैंकवार विश्लेषण किया। इस वर्ष कुल 2323 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 1270 आवेदनों को स्वीकृत कर 1249 लाभुकों को ऋण प्रदान किया गया। उपायुक्त ने रिजेक्ट हुए आवेदनों की पुनः जांच का निर्देश देते हुए कहा कि बैंक एवं जिला कृषि पदाधिकारी समन्वय स्थापित कर पेंडिंग एवं रिजेक्ट आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। सभी एटीएम और बीटीएम को बैंकों का दौरा कर रिजेक्ट आवेदनों की स्थिति स्पष्ट करने का भी निर्देश दिया गया। सहकारिता विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसल के लाभुकों की सूची एवं लोकेशन की जानकारी प्रस्तुत करने को कहा गया। बैठक में बीमा कंपनियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। एसएच्जी (स्वयं सहायता समूह) की समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त 157 आवेदनों का शत-प्रतिशत निष्पादन किया जा चुका है। उपायुक्त ने इस वर्ष भी लक्ष्य के अनुरूप बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत कुल 199 आवेदनों में से 61 का निष्पादन हुआ, जबकि 47 आवेदन पेंडिंग हैं। पीएमएफएमई के तहत 34 आवेदन लंबित हैं। उपायुक्त ने पेंडिंग और रिजेक्ट आवेदनों की पुनः समीक्षा एवं त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, जिला उद्यमी समन्वयक, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### इनरव्हील क्लब ने पशुओं को खिलाया चारा



गुमला। इनरव्हील क्लब गुमला के द्वारा अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट के तहत 15 गायों को चारा खिलाया गया। जिसमें गायों को गुड, बादाम, खली, चोकर, मकई दर्रा व हरा चारा खिलाया गया। इनरव्हील के सदस्यों ने कहा कि क्लब मानव सेवा के साथ–साथ पशुओं की सेवा में भी अपना योगदान देती है। इस अवसर पर अध्यक्ष निर्मला अग्रवाल, पूनम देवी, फलोरा मिंज, उषा देवी, किरण देवी, श्यामा गुप्ता, अकांक्षा पंकज व पूजा कुमारी उपस्थित थी।


**झारखण्ड, सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रक्षेत्र),**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, रामगढ़**

**पशुपालकों के लिए आम सूचना**

विभागीय राज्यादेश संख्या– 23, दिनांक–31.07.2024 के द्वारा रामगढ़ जिला के इच्छुक व्यक्तिगत लघु उद्यमि/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वयं सहायता समूह के सदस्य/प्रगतिशील पशुपालकों को वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2025–26 की अवधि अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में सरकारी अनुदान–सह–बैंक ऋण/लाभुक लाभुक अंशदान (सामान्य जाति के लिए 25 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के लिए 33.33 प्रतिशत अनुदान) पर दो चरणों में कार्यान्वित किये जाने वाली कामधेनु डेयरी फॉर्मिंग योजना अन्तर्गत 50 दुधारू गाय/भैंस हेतु आवेदन पत्र प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अंदर विहित प्रपत्र में आमंत्रित किये जाते हैं। जिले में झारखण्ड मिल्क फेडरेशन के कार्यक्षेत्र में चिन्हित दुग्ध पथों के इर्द–गिर्द एवं पूर्व से दुधारू मवेशी पालन करने वाले आवेदकों को प्राथमिकता के आधार पर चयन कर क्रियान्वित किया जाएगा।

आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, रामगढ़ से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए फोटोयुक्त आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक खाता एवं भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा ग्रामसभा से अनुशंसित **ग्राम सभा की कार्यवाही की छायाप्रति संबंधित मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित किया हुआ कार्यालय अवधि में जिला गव्य विकास कार्यालय, रामगढ़ में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन की मान्यता नहीं दी जायेगी एवं उसे रदद् कर दिया जायेगा।**

**योजना की विवरणी निम्नवत्त है :–**

| योजना का नाम | परियोजना लागत | लक्ष्य | अनुदान प्रतिशत | बैंक ऋण | लाभुक अंशदान 10% | लाभुक की अहर्तायें |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कामधेनु डेयरी फार्मिंग अन्तर्गत 50 (पचास) दुधारू गाय/भैंस की योजना | 3976250/– | 4 | 25% सामान्य जाति के लिए (OSP) | 65% सामान्य जाति के लिए | 10% | इच्छुक व्यक्तिगत लघु उद्यमि/युवा शिक्षित बेरोजगार /स्वयं साहायता समूह के सदस्य/ प्रगतिशील पशुपालक |
| | | 1 | 33.33% अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए | 56.67% अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए | 10% | |

नोटः– 1. लाभुकों का अंतिम चयन उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जायेगा।
2. अनुदान का लाभ Back Ended के रूप में लाभुक के बैंक खाते में किया जायेगा।
3. विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, रामगढ़ में स्वयं आकर कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

निवेदक
ह0/–
जिला गव्य विकास पदाधिकारी, रामगढ़

PR 344953 District(24-25)#D


### गुमला जिला में छात्र अभिप्रेरण सप्ताह-2025 का होगा आयोजन

गुमला। जिले में माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर की शिक्षा को सुदृढ़ करने और कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के बोर्ड परीक्षाओं में छात्र–छात्राओं की शत–प्रतिशत सफलता और उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार छात्र अभिप्रेरण सप्ताह–2025 का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 27 जनवरी से 01 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत जिले के सभी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में संबद्ध जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विशेष अनुश्रवण किया जाएगा। पदाधिकारी विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे और छात्र–छात्राओं को परीक्षा की तैयारी के लिए प्रोत्साहित करेंगे। बोर्ड परीक्षाओं का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के लिए दिनांक 11 फरवरी 2025 से प्रारंभ होने वाली परीक्षाओं के मद्देनजर, सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया गया है कि वे संबद्ध पदाधिकारियों के सहयोग से छात्र अभिप्रेरण सप्ताह के दौरान छात्रों को परीक्षा संबंधित मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्रदान करें। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे बोर्ड परीक्षाओं के लिए निर्धारित कार्यों को गंभीरता से सुनिश्चित करें और सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करें। उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन ही नहीं, बल्कि छात्रों को मानसिक रूप से तैयार करना और उनके आत्मविश्वास को मजबूत करना है। सभी विद्यालयों से अपेक्षा है कि वे इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कर, जिले का शैक्षिक स्तर और ऊंचा करें।

### वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग से दुर्घटना में आयेगी कमी: डीटीओ



खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। उपायुक्त के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला एवं मोटरयान निरीक्षक प्रदीप कुमार तिर्की व सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा शुक्रवार को घाघरा प्रखंड के रन्हे स्टेडियम में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा फुटबॉल मैच के दौरान उपस्थित दर्शकों एवं खिलाड़ी को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल कर सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात नियमों का पालन कर अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है। इसके बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने

### व्यापारी संघ घाघरा का हुआ गठन नीरज अध्यक्ष व रूपेश बने सचिव



घाघरा। घाघरा प्रखंड मुख्यालय के चांदनी चौक में गुरुवार की देर शाम व्यापारी संघ की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष नीरज जायसवाल व सचिव रूपेश साहू को मनोनीत किया गया। बैठक में कई महत्वपूर्ण चर्चा की गई। जिसमें सभी दुकानदार अपने दुकान के आगे से अतिक्रमण मुक्त करने, सभी दुकानदार आपसी सहमति से चांदनी चौक के प्रभावित दुकानों से 15 दिनों में 50 रूपया सहयोग राशि जमा करेंगे, चांदनी चौक में गंदगी को मुक्त करके स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। चांदनी चौक में शौचालय, हाई मास्क लाइट, रोड के दोनों तरफ फेवर ब्लॉक के लिए उच्च अधिकारी को संघ के द्वारा आवेदन दिया जाएगा। इस मौके पर अमित ठाकुर, अरविंद जायसवाल, नंदलाल साहू, नीरज सिंह, सुधीर जायसवाल, बिंदु ठाकुर, संजीत साहू, हीरालाल साहू, धीरज साहू, शेखर सुमन आदि मौजूद थे।


**Government of Jharkhand,Jharkhand Flying Institute**
**A Society Regd. Under Department of Cabinet Secretariat & Vigilance**
**(Civil Aviation Division)**
**State Hangar, Birsa Munda Airport Road, Hinoo Ranchi-834002**
**E-mail-jfi.govtfly@gmail.com, Website-www.jharkhandaviation.in**

**Letter No- एयरोमॉडलगि/32/2024/JFI-18 Dated-24.01.2025**

**Notice for admission in Aeromodelling Institute for regular course**

Jharkhand Flying Institute Department of Cabinet Secretariat and Vigilance (Civil Aviation Division), Jharkhand is running an Aeromodelling Institute at State Hangar, Airport Road, Hinoo, Ranchi which aims to generate awareness among School going Children in the field of aviation and aerosports. The institute imparts training on Aeromodelling which includes designing, making and flying of models of an Airplane/Aircraft. The syllabus covers theory as well as practical hours of training.

A new batch is going to be started from 4th March, 2025 in session year 2025-26. All interested meeting the eligibility criteria as mentioned below will have to apply on printed application form. The application form can be obtained from the office at State Hangar, Airport Road, Hinoo, Ranchi-02 from date of publish of this advertisement on all working days during office hours i.e. 10:00 A.M. to 06:00 P.M.

1. The details of eligibility criteria and fee are given below:-

| | | |
|---|---|---|
| Eligibility Criteria | Age | Min. 12 Years as on 04/03/2025 |
| | Qualification | Min. 6th Standard Pass |
| Course duration | Total 12 months (08 months Basic & 04 months advanced training) | |

2. Fee details

| Items | Fee Structure | Remarks |
|---|---|---|
| Application Charge | Rs. 100/-(For SC/ST) Rs. 200/- (For Gen/OBC) | This is one time payment. |
| Monthly Training Charge | Rs. 300/-(For SC/ST) Rs. 500/- (For Gen/OBC) | This is payable per month and includes basic as well as advanced training. |
| Note:- Application Charge/ Monthly Training fee is payable in form of Demand Draft/Online. The demand Draft/Online should be only in favour of **Jharkhand Flying Institute** Payable at Ranchi. | | |

Contact Person for Enquiry:- Sri Pankaj Kumar, Aeromodelling Instrutor (7903408736)

Note: a. The above stipulated training is only to promote the aviation awareness among the School going Children. It does not ensure any kind of employment

b. The above stipulated training is only to promote the aviation awareness programme to School going Children. These training do not ensure any kind of employment.

c. You can also visit JFI Website- www.jharkhandaviation.in for this above notice.

Sd/-
Treasurer-Cum-Dy. Secretary
Jharkhand Flying Institute

PR 344988 Civil Aviation(24-25).D


### स्वस्थ शरीर के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच जरूरी : रीना कुमारी जिप अध्यक्ष



भंडरा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, डीपीएम नजिम अख्तर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार, डॉक्टर आकाश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेला मे लगे 27 विभिन्न स्टॉलों में प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए 647 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर दवा का वितरण किया गया। मौके पर रीना कुमारी ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच जरूरी है। अधिक से अधिक ग्रामीण स्वास्थ्य मेले में आकर लाभ लें। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि झारखंड सरकार प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। मेले मे अधिक से अधिक ग्रामीण आकर लाभ ले। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि इस तरह के मेले के आयोजन से समुचित स्वास्थ्य का लाभ उठाना है। चिकित्सा प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि विभाग हर वर्ष स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहा है। मौके पर थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह, डॉ आकाश कुमार, डॉ निर्मला शांति, डॉ लूसी लिंडा, डॉ सुमन, डॉ अभिनाश कुमार सतीश तिर्की, शैलेन्द्र सिंह, विजय कुमार महतो, समीर टोप्पो सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय में मनायी गयी जयंती

सिसई। नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर सिसई प्रखंड अवस्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय में छात्रों द्वारा नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित किया। विद्यालय में प्रधानाध्यापिका मीणा साहू द्वारा नेता जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व से छात्रों को साहस, पराक्रम और निडरता के साथ देशप्रेम की सीख लेने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के एक छात्र को नेताजी के गणवेश में तैयार कर रोड शो का आयोजन किया गया। सुजीत झा एवं सभी शिक्षकों के नेतृत्व में चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# डीसी ने कर्मियों को दिलायी मतदाता प्रतिज्ञा



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी) को लेकर शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा किया गया। उपायुक्त द्वारा सभी पदाधिकारियों, कर्मियों व मतदाताओं को मतदाता के रूप में सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने की प्रतिज्ञा दिलायी गई। कार्यक्रम में 18 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद मतदाता सूची में नाम जुड़ने पर नये मतदाताओं अंदिर्ता, आलिया नाज, लक्ष्मी, अनामिका भुईंया, प्राची, रामकिशोर को मतदाता पहचान पत्र उपायुक्त द्वारा प्रदान किया गया। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं कृष्णा खलखो और शांति देवी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 9 सहायक निवार्ची पदाधिकारी, 9 बीएलओ, 7 बीएलओ सुपरवाइजर, उप निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय के 11 कर्मियों और तीन हेल्प डेस्क मैनेजर को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अमित कुमार, धीरज ठाकुर कर्मी व मतदाता उपस्थित थे।


**Office of Civil Surgeon Cum Chief Medical officer,Ranchi**
**(Department of Health and Family Welfare)**

**Letter No 319 Date – 22-01-2024**

**EXPRESSION OF INTEREST (E.O.I)**

Sadar Hospital, Ranchi is one of the premier govt. hospital in the state and India. The institute provides free medical services under AB-MMJAY and other govt. schemes. Expression of Interest (E.O.I) is invited for Medical officer's and Specialist Medical Officer's for providing services at Sadar Hospital Ranchi.

| Sl.No | Name of Post | Min Qualification | No. of Posts | Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Critical Care Specialist | 1. MD /DNB/Diploma in Critical Care 2. Minimum 1 year in a 50 beded hospital in ICU | 2 | Negotiable/ (case basis) |
| 2 | Nephrologist | 1. DM/DNB in Nephrology 2. Minimum experience of 1 year in a 50 beded hospital. | 1 | Negotiable/ (case basis) |
| 3 | Peditrician | 1. MD /DNB/Diploma in Pediatrics 2. Minimum 1 year in a 50 beded hospital | 1 | 1,05,000/- |
| 4 | General Duty Medical officer (GDMO) | 1. MBBS 2. Minimum experience of 1 year in a 50 beded hospital. 3. Candidate with higher qualification will be given preference for the post. | 4 | 63,000/- |
| 5 | Dental lab technician (Ceramic and Metal) | 1. 12th with Science 2. Dental Lab technician diploma from any recognised institution 3. Registered to DCI 4. 3 years of work experience in any recognised dental lab | 1 | 25,000/- |
| 6 | Dental lab technician (Acrylic and Metal) | 1. 12th with Science 2. Dental Lab technician diploma from any recognised institution 3. Registered to DCI 4. 3 years of work experience in any recognised dental lab | 1 | 20,000/- |

Terms and Conditions


Relevant documents and information can be seen and downloaded from www.sadarhospital.com

- The desirous candidates having requisite qualifications and fulfilling other eligibility conditions may come for appearing in walk-in-interview along with filled application on prescribed format and all the certificates in original in support of their qualification, experience in Civil Surgeon Conference Hall, Sadar Hospital Campus, Puruliya Road Ranchi – 834 001 at 10.30 AM on January 31st 2025.
- No TA/DA will be paid to candidates attending the interview.
- Chairman, Selection Committee will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
- Maximum age of applicant for the post sl no 1, 2 and 3 will be not more than 65 yrs as on 10-12-2024.
- Maximum age of applicant for the post sl no 4 will be not more than 50 yrs as on 10-12-2024.
- Candidate with higher qualification will be given preference for the post.
- The above meintioned post can be increased or decreased.
- This post initially for the period of 1 year. Extension post expiry of initial period will be the sole discretion of the, Govt of Jharkhand/Sadar Hospital, Ranchi.

PR 345008 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D

Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer
Ranchi


### सोलर प्लेट व सोलर सिस्टम के बारे में किसानों को दी गई जानकारी



कैरो। प्रखंड सभागार में शुक्रवार को कृषक मित्र व किसानों के साथ ज्रेडा कम्पनी के लोगों के साथ बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामसहाय टाना भगत व प्रखंड तकीनीकी प्रबंधक ज्ञान साहू ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें झारखंड सरकार की विभिन्न योजनाओं व अन्य स्थलों पर ज्रेडा कम्पनी द्वारा लगाई गई सोलर प्लेट व सोलर सिस्टम के बारे में जानकारी देते हुए कम्पनी के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि सोलर सिस्टम से बिजली, सिचांई व अन्य योजना का लाभ लेने के लिए समय समय पर योजनाएं चलाई जाती है और उसके लिए सरकार द्वारा 90 प्रतिशत तक अनुदान भी दिया जाता है, जिसका लाभ ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को लेना चाहिए। अभी भी कुसुम योजना के तहत चल रही योजनाओं में आम जनता व किसानों को जागरूक करने की जरूरत है ताकि किसान बिजली बिल और बिजली की किल्लत से छुटकारा पाते हुए अपनी खेती को सही तरीके से कर सकें। बैठक में मुखिया बीरेंद्र महली, एटीएम सुमन तिग्गा, अनुराधा कुमारी, बीएफएससी अध्यक्ष करमचंद भगत, कृषक मित्र, राजनारायण सिंह, फुलमनी उरांव, एम तिवारी, समियूल अंसारी, शमीम अंसारी, बिजय उरांव सहित जनसेसक, कृषक मित्र व किसान मौजूद थे।

# एमएड की छात्रा दीपिका ने पाया आरयू में पहला रैंक

गोल्ड मेडलिस्ट होने से मिली बधाई, जिले की तीन छात्राओं ने बनाया टॉप टेन में जगह




खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा के उर्सलाइन महिला शिक्षिका प्रशिक्षण महाविद्यालय की छात्रा दीपिका शर्मा ने एक बार फिर लोहरदगा जिला का नाम रौशन किया है। दीपिका शर्मा ने एमएड सत्र 2021-23 में सबसे अधिक अंक पाकर पहला रैंक हासिल किया है।? चार बहनों में तीसरा स्थान रखने वाली दीपिका शर्मा इसी कॉलेज से बीएड में भी गोल्ड मैडल हासिल किया था। दीपिका शर्मा का कहना है कि निरंतर प्रयास और लगन की वजह से ये मुकाम उसे हासिल हुआ है। दसवीं की परीक्षा तक कई बार फेल होने वाली दीपिका शर्मा का कहना है कि इसने खुद को मजबूत किया और फिर अपना पुरा ध्यान अपनी पढ़ाई पर दिया। बिना किसी ट्यूशन का सहारा लिए खुद इंटरनेट के माध्यम से अपनी पढ़ाई करते हुए आज अपनी जगह गोल्ड मेडलिस्ट में शामिल कर लिया। पारिवारिक स्थिति मजबूत नहीं होने पर एक निजी स्कूल की शिक्षिका के रूप में काम करते यह मुकाम इसने हासिल किया है। दीपिका शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के अलावे कॉलेज के प्रचार्या,शिक्षक शिक्षिका, डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, हिंडाल्को अध्यक्ष बीके झा सहित अपने शुभचिंतकों को दिया है। मार्च में होने वाले कन्वोकेशन में दीपिका शर्मा को रांची यूनिवर्सिटी के द्वारा गोल्ड मैडल दिया जाएगा। दीपिका शर्मा ने गणित विषय में यह सफलता हासिल की है। दीपिका शर्मा ने मैट्रिक उर्सलाइन कान्वेंट बालिका उच्च विधालय लोहरदगा से किया जहां मैट्रिक में 85.8 प्रतिशत, उर्सलाइन इंटर कॉलेज रांची से आईएससी में 69.6 प्रतिशत, बीएससी गणित रांची महिला कॉलेज रांची से जिसमें 78.88 प्रतिशत प्राप्त किया। इसके अलावा महिला शिक्षिका प्रशिक्षण महाविद्यालय लोहरदगा से बीएड में 87.07 प्रतिशत पाकर टॉपर होते हुए राज्यपाल से गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। इसके अलावा एमएड इसी कॉलेज से करते हुए 88.21 प्रतिशत प्राप्त कर पहला रैंक प्राप्त किया। वर्तमान समय में दीपिका शर्मा गणित में एमएससी डोरंडा कॉलेज डोरंडा से कर रही है। इसके अलावे लोहरदगा उर्सलाइन शिक्षिका प्रशिक्षण महाविद्यालय की तीन अन्य छात्राओं ने अपना स्थान टॉप टेन में बनाया है। रांची यूनिवर्सिटी के सत्र 2021-23 में इस छात्राओं ने बाजी मारी है।

# अमन की उम्मीद

इजरायल और हमास के बीच 15 महीनों से चल रहे संघर्ष में स्थायी शांति की संभावना बहुत कम नजर आती है। इस संघर्ष में अब तक 1.20 लाख लोग हताहत हो चुके हैं। इनमें अनेक महिलाएं और बच्चे हैं। इस दौरान 19 लाख गाजावासी विस्थापित हुए। तीन चरणों वाले संघर्ष विराम समझौते में सदभाव की कमी नजर आती है। खबरों के मुताबिक इजरायल और हमास कतर और अमेरिका की कठिन अप्रत्यक्ष वार्ता के बाद इसके लिए सहमत हुए लेकिन दोनों देशों के बीच गहरा अविश्वास कायम है। संघर्ष विराम पर सहमत होने को लेकर नेतन्याहू की अनिच्छा का कारण घरेलू राजनीतिक अनिवार्यताओं में शामिल है। वह 2022 से ही दक्षिणपंथी कट्टरपंथी दलों के साथ वाली सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं और उनका सत्ता में बने रहना हमास के साथ संघर्ष को लंबा खींचने पर निर्भर है। अक्टूबर 2023 में इजरायली नागरिकों पर हमास के हमले के बाद उनकी सरकार ने कहा था वह हमास को नष्ट कर देगी। उस हमले में 1,200 लोग मारे गए थे और 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया था। समझौते का सम्मान होना मुश्किल नजर आ रहा है। फिलिस्तीन के लोगों ने राहत की सांस ली है क्योंकि अमेरिका में ट्रंप की सरकार बनने के बाद उन्हें अधिक राहत की उम्मीद नहीं है। ईरान को भी राहत मिली है जो लेबनान स्थित समूह हिजबुल्ला की मदद से इस जंग में छद्म रूप से शामिल है। हालांकि इस बारे में विस्तृत घोषणा होनी बाकी है लेकिन समझौते में बंधकों का आदान प्रदान, इजरायली सैनिकों की वापसी, गाजा के पुनर्निर्माण के लिए प्रतिबंधरहित सहायता और विस्थापित फिलिस्तीनियों की वापसी शामिल है। हमास के पास अभी भी 94 बंधक हैं। बदले में इजरायल करीब 1,000 फिलीस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा।

## कार्टून वर्ल्ड





## आज का राशिफल

मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पहुंचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

# प्राकृतिक खेती से हमारे गणतंत्र को मिलेगी दिशा






-सुनीता सिंह

> पहली शक्ति है बेहतर बारगेनिंग यानि मोलभाव की शक्ति। पहले किसान बीज से लेकर खाद तक सब फुटकर में खरीदते थे और बेचते थे थोक में। इससे लागत ज्यादा लगती थी और मुनाफा कम होता था। एफपीओ के माध्यम से किसान थोक में खरीदते हैं और रिटेल में बेचते हैं। एफपीओ से दूसरी शक्ति जो किसानों को मिली है वह है बड़े स्तर पर व्यापार करने की ।इसके माध्यम से किसान संगठित होकर काम करते हैं तीसरी ताकत है इनोवेशन की।

**प्राचीन** काल में मानव स्वास्थ्य के अनुकूल तथा प्राकृतिक वातावरण के अनुरूप खेती की जाती थी, जिससे जैविक और अजैविक पदार्थों के बीच आदान-प्रदान का चक्र (इकोलॉजिकल सिस्टम ) निरंतर चलता रहता था, जिसके फलस्वरूप जल ,भूमि, वायु तथा वातावरण प्रदूषित नहीं होता था। आज हम अपने 73 वे गणतंत्र दिवस पर हम अपनी अन्नदाता को लेकर सजग है।

भारत में ब्रिटिश शासन के काल में कृषि के क्षेत्र में वाणिज्यिक खेती के नाम पर किसानों से जबरन 'नील 'की खेती कराया गया। और हमारे परंपरागत मक्का, रागी, जौ ,बाजरा, मडुवा जैसे मोटे अनाज को धीरे-धीरे खत्म कर दिया गया। इसके चलते देश में ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई कि भारत को कई बार अकाल का सामना करना पड़ा। आज समय की मांग है कि मिट्टी की सुरक्षा के लिए, पर्यावरण की रक्षा के लिए और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए पुनः एक बार 'प्राकृतिक खेती' की तरफ चला जाय।

इसलिए अब भारत सरकार ने नेचुरल फार्मिंग यानी कि 'प्राकृतिक खेती 'को बढ़ावा देने के लिए बहुत बड़ा अभियान चला रही है। मिट्टी की जांच से लेकर सैंकड़ों नए बीज तैयार करने तक, पीएम किसान सम्मान निधि से लेकर लागत को डेढ़ गुना एमएसपी करने तक और सिंचाई के सशक्त नेटवर्क सहित अनेक कदम उठाए गए हैं। खेती के साथ पशुपालन, मधुमक्खी पालन ,मत्स्य पालन और सौर ऊर्जा सहित अनेक वैकल्पिक साधनों से किसानों को निरंतर जोड़ा जा रहा है।

आज दुनिया भर में खेती को इन चुनौतियों से दो चार होना पड़ रहा है। खेती में उपयोग होने वाले कीटनाशक और केमिकल फर्टिलाइजर देश को बड़ी मात्रा में आयात करना पड़ता है ,इस वजह से खेती का लागत भी बढ़ता है, किसान का खर्च भी बढ़ता है । कृषि विशेषज्ञ कहते हैं कि प्राकृतिक खेती विज्ञान आधारित खेती है । जो ताकत खाद में है ,फर्टिलाइजर में है ,और बीज में है।वह 'प्रकृति' में भी मौजूद है। बस उन जीवाणुओं की मात्रा को धरती में बढ़ानी होगी।उसकी उपजाऊ शक्ति को बढ़ाना होगा। जिसमें देसी गायों की भी अहम भूमिका है ।

जानकार कहते हैं कि गोबर ,गोमूत्र से हम इसका समाधान कर सकते हैं, जो फसल की रक्षा भी करेगा और उर्वरा शक्ति को भी बढ़ाएगा। बीज से लेकर मिट्टी तक सब का इलाज प्राकृतिक तरीके से किया जा सकता है ।खेती में न तो खाद और न हीं कीटनाशक पर खर्च करना होगा। इसमें सिंचाई की आवश्यकता भी कम होती है ।और यह बाढ़ व सूखे से भी निपटने में सक्षम है। प्राकृतिक खेती से किसान साल में कई फसले ऊगा सकता है । यही नहीं , गेहूं, धान, दाल , इन सभी से जो कचरा निकलती है ,उसका भी उपयोग होता है । हमारे देश की सच्चाई है कि यहां 100 में से 80 किसान छोटे किसान हैं, जिनके पास 2 हेक्टेयर से भी कम भूमि वाले जमीन है। छोटे किसानों को सरकारी लाभ से, सरकारी सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है ।बीज से लेकर बाजार तक, खेत से लेकर खलिहान तक, उनकी हर तरह से मदद की जा रही है। इनकी संख्या 70 करोड़ से भी अधिक है । भारत सरकार ने देश के छोटे किसानों को ध्यान में रखकर चौतरफा पहलकदमी लिया है । सरकार ने अच्छी क्वालिटी के बीच के साथ ही , स्वायल हेल्थ कार्ड, माइक्रो इरिगेशन जैसी सुविधाओं से भी किसानों को जोड़ा है। माइक्रो इरिगेशन फंड के आवंटन को भी दोगुना करके दस हजार करोड़ रुपया कर दिया है ।क्रॉप लोन भी दोगुना कर दिया गया । कृषि बजट को पहले के मुकाबले 5 गुना बढ़ा दिया गया है ।हर वर्ष सवा लाख करोड़ रुपए से अधिक कृषि पर खर्च किया जा रहा है ।

एक लाख करोड़ रुपए एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च किया जा रहा है। 22 करोड़ स्वायल हेल्थ कार्ड किसानों को दिए गए। किसानों के बैंक खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के हजारों करोड़ रुपये सीधे भेजे जा रहे हैं। उनकी आय बढ़ाने के लिए उन्हें खेती से जुड़े अन्य विकल्पों की तरफ भी प्रेरित किया जा रहा है। ऐसे विकल्प जिसमें बहुत बड़ी जमीन की जरूरत नहीं पड़ती। मछली पालन, मधुमक्खी पालन इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर योजनाएं शुरू की गई है ।आज भारत दूध उत्पादन के मामले में दुनिया में अग्रणी है। मोदी सरकार के प्रयासों की वजह से बीते 7 वर्षों में शहद का निर्यात बढ़कर करीब दोगुना हो गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राकृतिक खेती को जोरदार तरीके से प्रोत्साहित कर रहे हैं। मोदी सरकार ने परंपरागत कृषि विकास योजना में भी भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति के नाम से एक उपयोजना तैयार की है। इसके अंतर्गत किसानों को तीन साल के लिए प्रति हेक्टेयर 12,200 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। इस उपयोजना में अब तक 4,09,400 हेक्टेयर क्षेत्र कवर हो चुका है ।और 8 राज्यों के लिए 4981 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं। । उदाहरणस्वरूप उत्तर प्रदेश सरकार ने भी 35 जिलों की 98,670 हेक्टेयर जमीन को प्राकृतिक खेती के लिए प्रस्तावित किया है। इस पर 19,772 लाख रुपए का खर्च आना है और 51,450 किसानों को फायदा मिलना है ।

पहली शक्ति है बेहतर बारगेनिंग यानि मोलभाव की शक्ति । पहले किसान बीज से लेकर खाद तक सब फुटकर में खरीदते थे और बेचते थे थोक में । इससे लागत ज्यादा लगती थी और मुनाफा कम होता था । एफपीओ के माध्यम से किसान थोक में खरीदते हैं और रिटेल में बेचते हैं। एफपीओ से दूसरी शक्ति जो किसानों को मिली है वह है बड़े स्तर पर व्यापार करने की ।इसके माध्यम से किसान संगठित होकर काम करते हैं तीसरी ताकत है इनोवेशन की । चौथी ताकत है एक साथ मिलकर चुनौतियों से लड़ना और उससे निकलने का रास्ता खोजना और पांचवी ताकत है बाजार के हिसाब से खुद को बदलने की क्षमता।

प्राकृतिक खेती छोटे और सीमांत किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है । प्राकृतिक खेती बाजार में किसानों को 20 से 25 प्रतिशत ज्यादा मुनाफा दे सकती है। प्राकृतिक खेती से देश में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव में अपनी धरती माता को 'रासायनिक खाद ' से मुक्त करने का संकल्प लें तथा दुनिया को स्वस्थ धरती, स्वस्थ जीवन का संदेश दे।

## लेटर टू एडिटर

### शराब के दुष्प्रभाव

**पंजाब** समेत अन्य राज्यों की सरकारें शराब को बढ़ावा दे रही हैं, जबकि इसके विनाशकारी परिणाम सामने आ रहे हैं। हाल ही में लोहड़ी के दिन पंजाब में शराब के कारण कई सड़क दुर्घटनाएं, पारिवारिक झगड़े और हत्याएं हुईं। अमृतसर के मजीठा में एक सूबेदार मेजर ने नाराज होकर घर में आग लगाई और पुलिस पर गोलियां चलाईं। पटियाला में नशे में धुत युवक ने कार चढ़ाकर एक व्यक्ति की जान ले ली। शराब के दुष्परिणामों को देखते हुए सरकार उचित कदम उठाए।

**-लक्ष्मीकांत, हजारीबाग**

### नजरिये में बदलाव

कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, अब प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों की खुले तौर पर सराहना कर रहे हैं। सोनमर्ग टनल के उद्घाटन के दौरान उमर अब्दुल्ला ने मोदी की तारीफ की, जिससे दिल्ली और कश्मीर के बीच की दूरी घटने की संभावना बढ़ी है।

**- राकेश सिंह, रांची**

## ट्वीट

**6700 किलोमीटर** का सफर, करोड़ों भारतीयों का साथ, विविधता और समावेशिता का संगम, भारत जोड़ो न्याय यात्रा की पहली सालगिरह की सभी को शुभकामनाएं।

मणिपुर से मुंबई तक हमने अन्याय के हर रूप को देखा, हर वर्ग की तकलीफ को समझा, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक भेदभाव को महसूस किया।

न्याय के लक्ष्य से चले थे - बदलाव आया, भारत जाग उठा, अपने हक और अधिकार के लिए लड़ा। लड़ाई लंबी है मगर संकल्प अडिग है - न्याय का हक, मिलने तक।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# देश के लिए चेतावनी है कैलिफोर्निया की जंगल की आग

**-प्रियंका सौरभ**

## पर्यावरण

लॉस एंजिल्स में अग्निशामक दल विनाशकारी जंगल की आग को बुझाने के लिए हताशा से भरी मुहिम में जुटे हुए हैं। इस दावानल ने कई लोगों की जान ले ली और दो लाख से ज्यादा निवासियों को विस्थापन के लिए मजबूर कर दिया है। आग ने प्रशांत पैलिसेड्स और अल्ताडेना जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में कहर बरपाया है। इस आपदा ने घरों, पूजास्थलों और महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे को बर्बाद कर दिया है, जिससे कई लोगों को आश्रयों में रहना पड़ा है और हजारों लोग बिना बिजली के रह गए हैं। आग से हुए आर्थिक नुकसान की स्थिति चौंकाने वाली है। अनुमान के मुताबिक $135 बिलियन से $150 बिलियन के बीच यह नुकसान है। यह अमेरिका के इतिहास में दावानल से होने वाला सबसे बड़ा आर्थिक नुकसान है। इस विनाशकारी आग से मिट्टी की उर्वरता, जल प्रणालियों, वन्य जीवों के नुकसान और वायु पर पड़े खराब गुणवत्ता का असर लंबे समय तक बने रहने की आशंका है।

कैलिफोर्निया में शहरी प्रबंधन पर सवाल उठ रहे हैं। बढ़ते वैश्विक तापमान और लंबे समय तक सूखे ने जंगल की आग के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ पैदा की। वन क्षेत्रों में अतिक्रमण ने जानमाल के लिए जोखिम बढ़ा दिया। पुराने विद्युत ग्रिड और खराब तरीके से प्रबंधित बुनियादी ढांचे ने अक्सर जंगल में आग लगने की घटनाओं को बढ़ावा दिया, जैसा कि 2018 के कैंप फायर में देखा गया था। जंगल में आग लगने की घटनाओं का पैमाना अक्सर अग्निशमन संसाधनों और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों को प्रभावित करता है। जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों में उपनगरीय क्षेत्रों में आग को रोकने के लिए डिजाइन और जोनिंग नियमों का अभाव है। जंगल की आग से वायु की गुणवत्ता में काफी गिरावट आती है, जिससे शहरी आबादी प्रभावित होती है और सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय में वृद्धि होती है। पुनर्निर्माण की उच्च लागत और अपर्याप्त बीमा कवरेज ने कई निवासियों को आर्थिक रूप से तनाव में डाल दिया है।

कैलिफोर्निया में जंगल की आग, भारत के लिए कड़ी चेतावनी है। भारत के लिए सबक जलवायु परिवर्तन शमन है। भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों को कम करने के लिए महत्त्वाकांक्षी जलवायु कार्यवाही को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिसमें अधिक लगातार और तीव्र चरम मौसम की घटनाएँ शामिल हैं। पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अतिक्रमण को रोके जाने की जरूरत है। शहरी गर्मी के प्रभावों को कम करने और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए हरी छतों, शहरी जंगलों और हरित स्थानों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा के लिए सख्त बिल्डिंग कोड लागू करें। समय पर अलर्ट प्रदान करने और निकासी की सुविधा के लिए उन्नत चेतावनी प्रणालियों में निवेश करें। समुदाय-आधारित आपदा तैयारी योजनाओं और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत करें। सक्रिय वन प्रबंधन रणनीतियाँ विकसित करें जिसमें नियंत्रित जलाना और ईंधन में कमी के उपाय शामिल हों। संधारणीय भूमि उपयोग प्रथाओं को बढ़ावा दें, प्राकृतिक पारिस्थितिकी प्रणालियों की रक्षा करें और क्षरित परिदृश्यों को बहाल करें।

जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए शहरी नियोजन प्रथाओं को लागू कर और आपदा तैयारियों में निवेश करके भारत पर्यावरणीय संकटों से जुड़े जोखिमों को कम कर सकता है। भारत में जंगल की आग गंभीर चिंता का विषय है, खासकर मध्य प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ जैसे क्षेत्रों में, जहाँ शुष्क पर्णपाती वन बहुतायत में हैं। ये आग, मुख्य रूप से अप्रैल और मई में होती है, जो पर्याप्त वनस्पति और कम मिट्टी की नमी के कारण होती है। झूमिंग जैसी पारंपरिक प्रथाएँ पूर्वोत्तर भारत में जंगल की आग का कारण बनती हैं। आग की घटनाओं पर सीमित सांख्यिकीय जानकारी के कारण उपग्रह डेटा महत्त्वपूर्ण है। भारत में लगभग 90 प्रतिशत जंगल की आग मानवीय गतिविधियों के कारण होती है, जिसके लिए मजबूत रोकथाम रणनीतियों की आवश्यकता है।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# गणतंत्र की सुरक्षा के लिये चारों स्तंभ का महत्व



**भरतचन्द्र महतो**

## गणतंत्र दिवस

सरकार के तीन अंग माने जाते हैं - विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका। संसदीय लोकतंत्र के अंतर्गत, शक्ति के बंटवारे के सिद्धांत के इतर, अस्थायी कार्यपालिका (मंत्रीगण आदि) विधायिका का अभिन्न अंग होती है और इस प्रकार वह संसद के प्रति सामूहिक रूप से सीधे तौर पर जिम्मेवार होती है। स्थायी कार्यपालिका (प्रशासन) अस्थायी कार्यपालिका के दिशा-निर्देश में अपना कार्य संपादित करती है और परोक्ष रूप से वह भी संसद के प्रति जवाबदेह हो जाती है । इस प्रकार कार्यपालिका- विधायिका आम जनता के प्रति उत्तरदायी होती है। इस संरचनात्माक विशेषता के परिणामस्वरूप यह माना जाता है कि यह सरकार के नीति, कानून एवं कार्यक्रम को यथार्थ में लाने में अधिक कारगर होगी क्योंकि मापदंड निर्धारित करने वाली संस्था ही उसे लागू करती है। साथ ही साथ, यह जनता के प्रति जवाबदेह भी होगी। इसी वजह से संसदीय लोकतंत्र को कारगर एवं जवाबदेह प्रणाली का पर्यायवाची माना जाता है। निसंदेह सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के परिणामस्वरूप संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था भारतीय संविधान की मूलभुत विशेषता है। इसे किसी अन्य प्रणाली से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। यहाँ तक कि संसद भी अपने संवैधानिक अधिकारों का उपयोग कर कोई अन्य प्रणाली प्रतिस्थापित नहीं कर सकती है। 60 वर्षों से अधिक के लंबे समय में भारत ने संवैधानिक उद्देश्यों के संदर्भ में बहुत क्षेत्रों मे क्षमता एवं उम्मीद से कम उपलब्धि हासील की है। संसदीय लोकतंत्र के माध्यम से हीं हमें इन उदेश्यों को प्राप्त करना था एवं है।

तंत्रात्मक विश्लेषण के पश्चात यह निष्कर्ष निकाला गया कि रोजमर्रा के कार्य-कलापों में यदि कानून-जनित जनभागीदारी सुनिश्चित की जाये तो, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था में 5 बर्षों के पश्चात चुनाव के दौरान प्राप्त होती है, संसदीय प्रणाली कारगर हो पायेगी। इस प्रसंग में सूचना के अधिकार की स्वीकार्यता जन्म ली एवं बढ़ी।

सूचना के अधिकार से संबंधित परिकल्पना बहुत पुरानी है। स्वीडन संसार का पहला राष्ट्र है जिसने सूचना के अधिकार अधिनियम को वर्ष 1776 में अपनाया। इस अधिनियम का मूल विधायिका की ,पहुंच राजा के पास रखी सूचनाओं तक बनाने की थी । परंतु, आज के भारत में यह अधिकार है। यह सर्वोच्य न्यायालय कि सृजनात्मक व्याख्याा के परिणामस्वरूप न केवल संवैधानिक अधिकार है अपितु मूलभुत अधिकार है। सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 19एक एवं अनुच्छेद 21 में इसे निहित माना। जहां तक सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 कि बात है वह इस मूलभूतअधिकार को यथार्थ में तब्दील करने का बस एक माध्यम है । यह अधिकार मुख्यत भारतीय नागरिकों को अधिकृत करता है कि वह सरकार के रोजमर्रा के नीति एवं क्रिया - कलाप के विषय में जानकारी ले सकें। यह माना जाता है कि ऐसा होने से सरकारी तन्त्र में खुलापन एवं पारर्दिशता के मूल्य जड़ जमाने लगते हैं।

**इससे तन्त्र स्वत** - परिष्कृत होने लगता है। साथ ही साथ, संस्थाएं एवं अधिकारी कारगर एवं उत्तरदायी होने लगते हैं ।मुख्यत यह अधिनियम अधिकतम सूचनाओं के स्वत प्रकटीकरण के सिद्धांत पर आधारित है ताकि नागरिकों को न्यूनतम इस दस्तावेज का उपयोग करना पड़े।

आवेदक- नागरिक अपनी पहचान बताते हुए लिखित आवेदन के द्वारा समय सीमाके अंतर्गत उपलब्ध सूचनाओं को प्राप्त करने का अधिकारी है। आवेदन में सूचना प्राप्त करने की वजह को जिक्र करने की आवशयकता नहीं होती है। उपलब्ध कराई गई सूचना के उपयोग पर कोई प्रतिबंध नहीं है। विवाद-निपटारे के लिए वैधानिक संस्थाओं का गठन किया गया है।नि सन्देह यह एक जन-भागीदारी को शासन -प्रशासन में सुनिश्चित करने का एक ससक्त दस्तावेज है।

**सूचना का अधिकार अधिनियम एवं राजनीतिक दल**

अधिनियम की धारा 2 में किसी भी बॉडी को पब्लिक अथॉरिटी माना जाता है यदि उसे सरकार के द्वारा सबस्टेनटिअल वित्त प्रदान किया जाता हो। ऐसी अथॉरिटी को अपने से सम्बंधित मांगी हुई सूचना को इनफार्मेशन ऑफिसर के द्वारा आवेदक को प्रदान करनी होती है। सूचना अधिकार पब्लिक अथॉरिटी माना तथा उनको इनफार्मेशन ऑफिसर नियुक्त करने का आदेश दिया ताकि वो अपने से संबंधित सूचना को आवेदक को प्रदान कर सकें। इस निर्णय का इन सभी दलों ने संयुक्त तौर पर जमकर विरोध किया। इनका तर्क था कि यह उनकी राजनीतिक एवं आतंरिक कार्य एवं कार्यशैली को प्रभावित करेगा। इसके अलावा अन्य दल इसका दुरूपयोग अपने प्रतिद्वंदी दल के विरुद्ध करेंगे। परंतु सी आई सी का मानना था कि ये दल भूमि, घर आदि बहुत ही रियातती दर पर सरकार से लेते हैं। संविधान के अनुसूची 10 तथा जन प्रतिनिधित्य अधिनियम के धारा 29अ, 29इ एवं 29उ के सन्दर्भ में ये दल पब्लिक अथॉरिटी हैं तथा सूचना का अधिकार अधिनियम के परिधि में आते हैं। बाद में 19.05.2015 को सी आई सी ने कहा कि उसको अवमानना का अधिकार नहीं है और वह 03.06.2013 के अपने निर्णय को लागू नहीं कर सकता है। तब सर्वोच्य न्यायालय में 19.05.2016 को सी आई सी के 03.06.2013 के निर्णय को लागू करने के लिए रिट आवेदन किया गया जिसमें सरकार ने अपने सपथ पत्र के द्वारा सी आई सी के निर्णय को गलत बताया। सर्वोच्य न्यायालय में अभी भी यह मामला विचाराधीन है।

निसन्देह सी आई सी का निर्णय काबिले तारीफ है। जिन मापदंडो का सहारा लेकर निर्णय लिया गया वह प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण है।

## स्पीड न्यूज

### एस्पायर में एनटीपीसी व आरआरबी ग्रुप डी के नये बैच 27 से होगा शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड और पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर में पिछले सप्ताह की भांति इस शुक्रवार को भी टेस्ट हुआ। करीब 180 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। टेस्ट में आरआरबी, एनटीपीसी और एसएससी जीडी परीक्षा के पैटर्न पर प्रश्न पूछे गए। इसके तहत आरआरबी एनटीपीसी का 100 प्रश्न और एसएससी जीडी से संबंधित 80 प्रश्न शामिल परीक्षा में शामिल किये गये थे। निदेशक रत्नेश कुमार ने कहा कि यह टेस्ट सीरीज शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। कुमार ने प्रतियोगिता छात्रों को सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं की सफलता ही संस्था का उद्देश्य है। शिक्षकों ने बताया कि 27 जनवरी से एनटीपीसी और आरआरबी ग्रुप डी के नये बैच की क्लासेस शुरू होगी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले इच्छुक विद्यार्थी संस्था से संपर्क कर नामांकन करा सकते हैं। टेस्ट परीक्षा को सफल बनाने में शिक्षक नितेश सिंह, राकेश सिंह, संजीत कुमार, नीतीश मिश्रा, सचिन कुमार, विक्रांत कुमार, सुमित कुमार, आदि का योगदान रहा।

### श्री अग्रसेन स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस थीम पर छोटे बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता में बच्चों ने राष्ट्रध्वज, स्वतंत्रता सेनानियों, लाल किला एवं अन्य प्रसिद्ध स्मारकों की पेंटिंग बनाकर अपनी प्रतिभा साबित की। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व के मौके पर ऐसे आयोजन से बच्चों को अपने देश की आजादी, स्वतंत्रता सेनानियों और इससे जुड़े इतिहास की जानकारी मिलती है। बच्चे देश प्रेम से खुद को जोड़ते हैं, जो भविष्य में उन्हें बेहतर नागरिक बनने में मदद करता है। आयोजन को सफल बनाने में प्रीति कुमारी, सीमा लकड़ा, रीता राय, दिव्या कुमारी, उषा कुमारी का योगदान रहा।

### इनमोसा के अध्यक्ष बने सुनील बैठा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोलयरी के बांसगढ़ा खान ब स्थित पिट ऑफिस में शुक्रवार को इनमोसा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता दिनकर कुमार सिंह ने की। बैठक मे मुख्य रूप से इनमोसा के अध्यक्ष रामराज सिंह, सिसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य सह इनमोसा के वरिष्ठ सदस्य विकाश कुमार, बरका-सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष विकाश कान्त सिन्हा, क्षेत्रीय सचिव हरेन्द्र कुमार सिंह सहित भुरकुंडा के दर्जनो माइनिंग स्टाफ उपस्थित थे। अध्यक्ष रामराज सिंह ने संगठन की मजबुती पर बल देते हुए मजदूरों की समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि हमारी यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है। इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। बैठक में सर्वसम्मति से भुरकुंडा शाखा कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष सुनील कुमार बैठा, उपाध्यक्ष एसएम राज कुमार, राज किशोर यादव एवं रंजीत कुमार, शाखा सचिव शशि रंजन कुमार, सहसचिव पवन कुमार, रामानुज प्रसाद एवं नारायण साव, कोषाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह और संगठन सचिव दिनकर कुमार सिंह, चुने गये। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में दुधेश्वर महतो, बसंत कुमार बासपत, मुजीब अंसारी, विजय राम, अश्वनी उरांव, रतन दीप सरकार शामिल हैं।

### कर्पूरी ठाकुर के आदर्शों पर चलें : गोप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** शिक्षा जागरण मंच द्वारा शुक्रवार को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 107वीं जयंती मनाई गई। जागरण मंच के सचिव रामेश्वर गोप ने कर्पूर्री ठाकुर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। रामेश्वर गोप ने कहा कि कपूर्री ठाकुर ने अपने जीवन में हमेशा समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए काम किया। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक समानता और अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया। गोप ने कहा कि आज की पीढ़ी को कपूर्री ठाकुर के सिद्धांतों और विचारों से प्रेरणा लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम करना चाहिए। उनकी सरलता, ईमानदारी और समाज सेवा के प्रति समर्पण आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शक है।

### तोपा में तीन सुतली बम बरामद



**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के सीसीएल तोपा परियोजना के ओल्ड कोल डंप के पास से कुजू पुलिस ने तीन सुतली बम को बरामद किया। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह मॉर्निंग वॉक करने के दौरान ग्रामीणों की नजर ओल्ड कोल डंप के पास पड़े तीन सुतली बम पर पड़ी। इसके ग्रामीणों ने इसकी सूचना कुजू पुलिस को दिया। सूचना पाकर कुजू पुलिस उक्त स्थल पहुंचकर तीनों सुतली बम को बरामद किय। मामले को लेकर कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद ने बताया कि असमाजिक तत्वों द्वारा दहशत फैलाने के उद्देश्य से वहां पर सुतली बम को रखा गया था। हालांकि बम के जांच करने पर सिर्फ सुतली ही पाया गया। डंप के पास इस तरह के सुतली बम मिलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# भूमि का जल्द दें मुआवजा

▸▸ भारतमाला, एनएच-33, रेलवे सहित व सड़क को लेकर डीसी ने की बैठक, दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भू-अर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुयी।

भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त ने कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया वही संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने मुआवजा भुगतान को लेकर अज्ञात व नावल्द मामलों को 31 जनवरी तक न्यायालय भेजने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, भूमि सुधार उप समाहर्ता, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# पीवीयूएनएल ने रामगढ़ पुलिस को दिये 10 बाइक

**जनता के बीच पुलिस के प्रति बढ़ेगा भरोसा : आरके सिंह**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




भुरकुंडा (रामगढ़)। पीवीयूएनएल द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत शुक्रवार को रामगढ़ पुलिस को 10 टीवीएस अपाचे आरटीआर बाइक सभी गश्ती आवश्यक उपकरणों के साथ प्रदान की। इस दौरान पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आरके सिंह ने इन बाइकों को रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को औपचारिक रूप से सौंपा।

रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने पीवीयूएनएल द्वारा दी गई इस महत्वपूर्ण सहायता के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये बाइक्स पुलिस बल की दक्षता को और अधिक मजबूत बनाएंगी। खासकर कानून व्यवस्था बनाए रखने और आपातकालीन स्थितियों में तेजी से कार्रवाई करने में काफी लाभकारी सिद्ध होगा।

सीईओ आरके सिंह ने कहा कि पीवीयूएनएल समाज और समुदाय के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए इस तरह की पहल के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। यह योगदान पुलिस की कार्यक्षमता को बढ़ाने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रयास ने समाज के साथ पीवीयूएनएल की गहरी प्रतिबद्धता को एक बार फिर प्रमाणित किया है। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और पीवीयूएनएल के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### नाई महासभा ने मनाई कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय में जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती राष्ट्रीय नाई महासभा द्वारा धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बुढ़िया माता मंदिर प्रांगण से निकाली गई एक भव्य जुलूस के साथ हुआ, जो पूरे बरकट्ठा का भ्रमण करते हुए सभा स्थल तक पहुंचा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर ने की, जबकि संचालन सचिव भागीरथ ठाकुर ने किया। मुख्य अतिथि प्रमुख रेणु देवी, कोनहारखुर्द की मुखिया मुन्नी देवी, बालेश्वर ठाकुर, टुकलाल नायक, बीरेंद्र कुमार शर्मा और पंसस रेशमी देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद जननायक कपूर्री ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। रेणु देवी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर एक गरीब परिवार से आने के बावजूद शिक्षा के प्रति उनके लगाव ने उन्हें बिहार का दो बार मुख्यमंत्री और एक बार शिक्षा मंत्री बनाया। उन्होंने हमेशा दलित, शोषित और पिछड़े वर्गों को समाज में आगे बढ़ाने का काम किया।

### सुनील साहू के पिता का निधन

**बरही ।** कांग्रेस ओबीसी जिला महासचिव और तैलिक समाज के प्रखंड अध्यक्ष सुनील साहू के पिता स्वर्गीय वजीर साव के निधन से शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल हुए। पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने हुए परिवार को ढांढस बंधाया। शव यात्रा में कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, मुखिया मनोज कुमार, पंकज यादव, प्रमोद सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। परिवार ने इस दुखद घटना को अपूरणीय क्षति बताया। क्षेत्र के लोगों ने साहू परिवार को मदद का भरोसा दिया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

## हजारीबाग में गणतंत्र दिवस को लेकर फाइनल रिहर्सल

### आयुक्त, डीसी और एसपी ने दी परेड की सलामी



**हजारीबाग।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के लिए शुक्रवार को कर्जन ग्राउंड में फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित किया गया। सेना और पुलिस बल की विभिन्न टुकड़ियों ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ रिहर्सल में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आयुक्त पवन कुमार, उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने परेड का संयुक्त निरीक्षण किया। आयुक्त ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और ससम्मान सलामी दी। उन्होंने परेड में भाग ले रहे जवानों की अनुशासन और तालमेल की सराहना की। रिहर्सल के दौरान बीएसएफ, सीआरपीएफ, जिला पुलिस, महिला विंग, एनसीसी और होम गार्ड की टुकड़ियां पूरे यूनिफॉर्म और हथियारों के साथ कदमताल करती नजर आईं। बीएसएफ के बैंड ने राष्ट्रधुन बजाकर माहौल को देशभक्ति के रंग में डुबो दिया। इस मौके पर जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, नजारत उपसमाहर्ता प्रदीप प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह से पहले इस रिहर्सल ने न केवल परेड की तैयारियों को अंतिम रूप दिया, बल्कि सेना और पुलिस बल के जोश और अनुशासन को भी प्रदर्शित किया।

### बरही अनुमंडल अस्पताल में लगा स्वास्थ्य मेला



**बरही ।** अनुमंडलीय अस्पताल में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह और अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेले में 719 मरीजों ने पंजीकरण कराया और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। सामान्य चिकित्सा में 301 मरीजों को इलाज मिला, जबकि 338 मरीजों को दवा वितरित की गई। मातृत्व स्वास्थ्य में 35 महिलाओं, शिशु स्वास्थ्य में 15 बच्चों और किशोरी स्वास्थ्य में 12 किशोरियों ने परामर्श लिया। एनसीडी, टीबी, कुष्ठ रोग, मलेरिया और ईएनटी जैसे विशेष रोगों पर भी ध्यान दिया गया। सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य मेला ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने का एक प्रयास है।

## चित्रगुप्त महापरिवार रामगढ़ का वनभोज सह मिलन समारोह

▸▸ समाज को एकजुट करने सहित कई बिंदुओं पर हुयी चर्चा

▸▸ चित्रांश परिवार एकजुट होकर तनमन धन से जुटें तभी समाज का होगा कल्याण : अरूण सिन्हा



**रामगढ़ ।** चित्रांश परिवार रामगढ़ का टूटी झरना में शुक्रवार को वनभोज सह मिलन समारोह हुआ। वनभोज में रामगढ़ जिला अध्यक्ष अरुण सिन्हा व रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रनंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में चित्रांश महा परिवार को सुदृढ़ करने, पूरे परिवार के साथ सामूहिक मिलन समारोह समेत अन्य कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर मंथन किया गया। बैठक में मौजूद रामगढ़, पतरातु,भुरकुंडा, बरकाकाना, गिद्दी, कुजू, रांचीरोड, सांडी से आए समाज के दर्जनों लोगों ने अपने-अपने विचार रखे।

जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि समय का तकाजा है कि चित्रगुप्त महा परिवार के एक-एक सदस्य को जोड़ा जाए। जुड़े हुए सभी सदस्य महापरिवार के हर एक बैठक व कार्यक्रम में भाग लेकर समाज को आगे बढ़ाने का काम करें। वैसे सदस्य जो चित्रगुप्त महापरिवार के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहते हैं वे आगे आएं, उनका परिवार में स्वागत है। चित्रगुप्त मंदिर रामगढ़ के लिए पूर्व सांसद द्वारा घोषित कार्य को पूरा कराने की दिशा में हो रहे अड़चन को दूर करने के लिए सांसद मनीष जायसवाल से मिलने की जिम्मेदारी कुंटू बाबू को दी गई।

इसके लिए पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल सांसद से मिलकर चार फरवरी को मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में आमंत्रित करने का निर्णय, चित्रगुप्त नगर का बड़ा बोर्ड रोड क्रॉस में लगाने तथा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में चित्रांश परिवार के सभी सदस्यों को सपरिवार शामिल होने का आग्रह करने का सुझाव जिला अध्यक्ष द्वारा दिया गया।

कुंटू बाबू ने कहा कि चित्रांश महापरिवार के सभी सदस्यों की सक्रियता अनिवार्य है । इससे समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा। लोगों में जागरूकता बढ़ेगी। चित्रांश परिवार के हर कार्यक्रम को सदस्य अपना कार्यक्रम समझकर शामिल हो। उन्होंने हर एक सदस्य को तन ,मन,धन से चित्रांश परिवार से जुड़ने का आह्वान किया। बैठक में मौजूद सभी लोगों को आगामी 4 फरवरी को चित्रगुप्त मंदिर रामगढ़ के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने की अपील की गई।बैठक के बाद चित्रांश परिवार के सभी सदस्यों ने सामूहिक वनभोज का आनंद लिया।

मौके पर अरुण कुमार सिन्हा, रनंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, दीपक कुमार सिन्हा, अमित कुमार सिन्हा, अवधेश सिन्हा उर्फ मुन्ना जी, अभिषेक कुमार सिन्हा उर्फ अंशु, नरेश कुमार कर्ण, सुदेश सिन्हा, नितेश रंजन, वीरेंद्र कुमार सिन्हा, ज्योति सिन्हा, सुजीत नारायण सिन्हा, विनोद कुमार श्रीवास्तव राजेश्वर प्रसाद राजेश कुमार सिन्हा, राजीव रंजन वर्मा आरपी सिन्हा, विवेक कुमार सिन्हा, संजय कुमार लाला, रवि रंजन प्रसाद, मुन्ना सिन्हा, विशाल कुमार सिन्हा, मिथिलेश कुमार सिन्हा, चंद्रवंश श्रीवास्तव, मनोज कुमार सिन्हा, सूर्यवंश श्रीवास्तव, दीपक कुमार, अमित रंजन, शिव प्रकाश, एनपी सिन्हा, सुजीत रंजन,आशुतोष कुमार सिन्हा, सुशील कुमार सिन्हा, विकास कुमार सिन्हा, राहुल कुमार सिन्हा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### गणतंत्र दिवस को लेकर फाइनल रिहर्सल



**रामगढ़।** गणतंत्र दिवस पर सिद्धू कान्हू मैदान रामगढ़ में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को अंतिम अभ्यास किया गया। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के साथ गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन को लेकर की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया जिसके उपरांत उपायुक्त ने झंडा फहराया। अंतिम अभ्यास के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी गई। उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस के मद्देनजर अंतिम चरण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए कार्यक्रम के भव्य व सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय सिदो कान्हू मैदान में पूर्वाह्न 9:05 बजे से शुरू होगा। उपायुक्त कार्यालय में प्रात: 10:45 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रात: 10:50 बजे, उप विकास आयुक्त कार्यालय में प्रात: 10:55 बजे, अनुमंडल कार्यालय में प्रात: 11:10 बजे , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रात: 11:15 बजे एवं पुलिस लाईन रामगढ़ में प्रात: 11:30 बजे झंडा फहराया जाएगा। इस दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारियों अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### सबसे बड़ा उज्जवला फाउंडेशन : जगेश्वर



**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन मांडू प्रखंड में सबसा बड़ा फाउंडेशन बनकर उभरा है। इस फाउंडेशन के माध्यम से महिलाओं को जोड़कर उनको आत्म निर्भर बनाने की दिशा मे आगे ले जाने का कार्य किया जा रहा है। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कही। श्री प्रजापति उज्वला फाउंडेशन द्वारा बोंगावार स्थित मोती राम कॉम्प्लेक्स में आयोजित मासिक बैठक में सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल्द ही फाउंडेशन के विस्तार के साथ महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। जिसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। महिलाओं के बीच सिलाई व कंप्यूटर का प्रशिक्षण देकर आत्म निर्भर बनाया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता जगेश्वर प्रजापति व संचालन शांति देवी ने की। बैठक में मनसरी देवी, आशा कुमारी, कौशल्या देवी, चिंता देवी, सुषमा देवी, सुनिता कुमारी, फूल कुमारी, मीना देवी, उषा देवी, अंबावती देवी, खुशबू देवी, मौसमी कुमारी, रीता देवी, प्रियंका कुमारी, रौशनी कुमारी, शांति देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

### दिगवार में राजद नेताओं का भव्य स्वागत



**कुजू।** कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को दिगवार फोरलेन सड़क पर राजद नेताओं का भव्य स्वागत किया। हंटरगंज में आयोजित स्व कर्पूरी ठाकुर समारोह में भाग लेने के लिए राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन प्रसाद यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव और पार्टी के रांची महानगर अध्यक्ष कमलेश यादव रुके थे। इस बीच कार्यकर्ताओं फूल माला पहनाकर नेताओं का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में राजद के युवा प्रदेश सचिव ललन यादव, पप्पू यादव, जीतेंद्र यादव, निर्मल यादव, विनोद यादव आदि शामिल थे।

### कटकमसांडी सीएचसी में 325 मरीजों की जांच



**कटकमसांडी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले में 325 मरीजों की जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाएं प्रदान की गईं। मेले का शुभारंभ उपप्रमुख ममता देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष सरयु यादव, मुखिया कुमारी श्रीति पांडेय, उपाध्यक्ष रामानंद सिंह, सीओ सह बीडीओ अनिल कुमार गुप्ता और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भूषण राणा व डॉ. मुक्ता सोरेंग ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेले में 20 स्टॉल लगाए गए, जहां मरीजों की जांच और काउंसलिंग की गई। एमटीएस सुरेंद्र कुमार ने वैक्टर जनित रोगों जैसे मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी। इसके तहत 25 फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट का वितरण किया गया और उन्हें इसका उपयोग व एक्सरसाइज करने का प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर डॉ. भूषण राणा, डॉ. अमित कुमार, डॉ. वेद प्रकाश पाठक, डॉ. शुभ्रांत सुमन, डॉ. मुक्ता सोरेंग, बीपीएम जय नारायण मिस्त्री, बीएएम संतोष कुमार शर्मा, सीएचओ पूनम टोप्पो और सहिया साथियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### एलएनजेपी के छात्रों को मिला प्रमाणपत्र



**चौपारण।** झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त और नव भारत जागृति केंद्र द्वारा संचालित एलएनजेपी पारामेडिकल इंस्टीट्यूट के 2022-24 बैच के 20 छात्रों को उनके पाठ्यक्रम समापन पर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल परिसर में आयोजित किया गया, जहां सीएमपीडीआई, रांची का विशेष सहयोग रहा। सीएमपीडीआई के निदेशक (टी/पी एंड डी) अजय कुमार और महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आर.के. महापात्रा ने प्रमाणपत्र वितरित किए। अजय कुमार ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके प्रयासों की सराहना की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नव भारत जागृति केंद्र (एनबीजेके) के सचिव सतीश गिरिजा ने की। सीएमपीडीआई ने 2023-25 बैच के 20 नए छात्रों को डिप्लोमा इन ओफ्थैल्मिक असिस्टेंट कोर्स के लिए आर्थिक सहायता दी है, जिसमें 50 फीसदी छात्राएं शामिल हैं। ये सभी छात्र-छात्राएं अब नेत्र चिकित्सा क्षेत्र में अपनी सेवाएं देकर राज्य में पेशेवरों की कमी को पूरा करेंगे।

### कोरियाडीह में बच्चों को मिला ड्रेस और स्वेटर



**बरही।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कोरियाडीह में कक्षा द्वितीय और तृतीय के 30 छात्रों को ड्रेस, जूते, मोजे और स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, महिला समाजसेवी ममता देवी और उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा की उपस्थिति में किया गया। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि यह सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है, जो गरीब बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ जरूरत की चीजें भी उपलब्ध कराती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। समाजसेवी ममता देवी नेकहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी, अन्य शिक्षकगण और ग्रामीणों की उपस्थिति ने इसे सफल बनाया।

### कोडरमा जिला भारतीय जनता पार्टी ने झुमरीतिलैया में संविधान गौरव दिवस मनाया

# संविधान भारत की आत्मा है : रणधीर सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, 26 जनवरी 2025 को 75 वर्ष हो जाएंगे। भारत के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी संविधान गौरव दिवस मना रही है। कोडरमा जिला भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संविधान गौरव दिवस को रॉयल सेलिब्रेशन झुमरीतिलैया में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने की एवं संचालन कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सारठ के पूर्व विधायक एवं झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री रणधीर सिंह के द्वारा शयामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रणधीर सिंह ने कहा कि भारत का संविधान भारत की आत्मा है। भारत के संविधान को बाबा अंबेडकर साहब की टीम ने सोच समझकर भारत की संस्कृति को देखते हुए बनाया था, जिसमें राम राज्य की कल्पना की गई। मगर कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दरमियान 50 वर्षों में संविधान को तोड़ने का ही प्रयास किया। 356 धारा का दुरुपयोग करना, इमरजेंसी लगाना, धर्मनिरपेक्ष और वक्फ बोर्ड कहीं भी संविधान के अंग नहीं थे। परंतु कांग्रेस अपने वोट को साधने के लिए संविधान को अपने जरूरत के अनुसार तोड़ा और मरोड़ा और ठीकरा भारतीय जनता पार्टी पर फोड़ती है कहती है कि भाजपा संविधान बदल देगी। जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है। भारतीय जनता पार्टी संविधान की सम्मान करती है और भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त सरकार के समय बाबा साहब को भारत रत्न भी दिया गया। आज भाजपा उनके जन्मस्थली को और यादगार बनाते हुए पंच तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि 565 रजवाड़ों को मिलाकर एक भारत गणराज्य का



निर्माण किया गया, जिसमें राम राज्य की कल्पना करते हुए संविधान में बाबा साहब ने भगवान राम सीता और राम राज्य की तस्वीर लगाई परंतु कांग्रेस की सरकार ने कभी लोकसभा के केंद्रीय कक्ष में भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर साहब की फोटो लगने नहीं दिया। भारत में पंचायत की प्रथा और राज्य के राजाओं की शासन व्यवस्था शुरू से संविधान के तहत कार्य करते आती रही थी, जिसमें लोगों को पंचायत के द्वारा न्याय मिलता था। भारत की संस्कृति ही परोपकार के अनुसार चलती है, जिसमें किसी का भी बुरा ना हो लेकिन कांग्रेस की सरकार ने भारत के लोगों को शिक्षित होने का भी मौका नहीं दिया कि वह शिक्षित हो और संविधान व अपने देश को समझ सके। कांग्रेस ने केवल वोट बैंक के लिए लोगों का प्रयोग किया और जरूरत के अनुसार अपने लिए वोट बैंक कैसे बढे, इसी के लिए उन्होंने जनता का उपयोग किया। भारतीय जनता पार्टी संविधान की सम्मान करती है। वाजपेई जी की सरकार आई थी तो सर्व शिक्षा अभियान चलाकर आठवीं तक मुफ्त शिक्षा दी गई। जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा वह संविधान और देश के बारे में नहीं सोच सकता। अंबेडकर जी ने भी कहा था शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा, लेकिन कांग्रेस ने कभी समाज शिक्षित हो इसका प्रयास ही नहीं किया। आज मोदी जी भी पूरे देश में शिक्षा पर जोर दे रहे हैं पूरे देश में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज की भरमार कर दे रहे हैं कि हर घर से बच्चा डॉक्टर इंजीनियर बने और देश को आगे बढ़ाने का कार्य करें। संबोधन करने वालों में रामचंद्र राम, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, दिनेश्वर प्रसाद, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश सिंह, गणेश दास, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीति सेठ आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर देवनारायण मोदी, विजय यादव, सुधीर सिंह, सूरज प्रताप मेहता, अनीता देवी, दिनेश सिंह, सुभाष मोदी, हरि पंडित, चंद्रशेखर जोशी, प्रभाकर लाल रावत, वासुदेव यादव, राजेश शर्मा, विनय शांडिल्य, पप्पू मंडल, पीयूष सहल, सुधीर सेठ, अजय पांडे, मुकेश राम, सुनील यादव, राजेंद्र सिंह, विजय राणा, द्वारिका राणा, बालमुकुंद सिंह, महेश वर्मा, नवीन चौधरी, संजय शर्मा, कुलदीप राम, महेश रजक, रंजीत सिंह, सविता देवी, महादेव दास, ममता देवी, रूबी देवी, उर्मिला देवी, विनोद सिंह, विजय राम, सुरेंद्र मोदी, ईश्वर दयाल बर्णवाल, राजेंद्र रविदास, आनंद मोदी, मुन्ना बर्णवाल, राजू रविदास, अजय दास, निरंजन कसेरा, प्रेम कुमार, संजय यादव, अनिल साव, उत्तम कुमार, देवेंद्र कुमार, विजय यादव, संतोष यादव, नरेश दास, मनोज दास, इंद्रदेव बर्णवाल, संजय कुमार, सुधांशु यादव, आकाश कुमार, अक्षय राय, प्रेम मोदी, राजकुमार भूईयां, शिवप्रसाद साहू, नारायण विश्वकर्मा, सरयू राम, सुमित कुमार, सुनील मेहता, नारायण सिंह, राजकिशोर प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद मिर्धा, सहदेव दास, संजय राम, राजू राम, गोपाल सिंह, अर्जुन दास, उदय सिंह, मुकेश रविदास, सरजू शर्मा, देवनाथ साहु, मथुरा पंडित, अजय कुमार यादव, रवि कुमार गुप्ता, लखन पासवान, नीरज कुमार, लक्ष्मण रजक समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मंईयां सम्मान योजना में त्रुटियां सुधार के लिए सीटू ने किया अंचल कार्यालय परिसर में प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मंईयां सम्मान योजना लाभुकों के आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री में प्रज्ञा केंद्रों व कम्प्यूटर ऑपरेटरों के द्वारा की गई त्रुटियों को अविलंब सुधार कर लाभुकों का भुगतान करने की मांग को लेकर झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले शुक्रवार को सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में रोषपूर्ण प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व चिल्ड्रेन पार्क से एक जुलूस भी निकाला गया, जिसमें मंईयां योजना के आवेदन में त्रुटि सुधार करो, पोर्टल चालू कर नया आवेदन स्वीकार करो, लंबित सर्वजन पेंशन को स्वीकृत करो आदि नारे लगाए जा रहे थे। वहीं अंचल कार्यालय के बाहर प्रदर्शन व सभा की अध्यक्षता सीटू और निर्माण कामगार यूनियन के



जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश व संचालन शम्भु पासवान ने किया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि हेमंत सरकार की लोकप्रिय योजना मंईयां सम्मान योजना, जिसके लिए हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में महिलाओं ने थोक में हेमंत सरकार के पक्ष में वोट किया और भारी बहुमत से दुबारा सरकार भी बनी। इसके बावजूद राज्य की हजारों महिला इस योजना से वंचित है, ऑनलाइन आवेदन में बैंक खाता और आईएफएससी कोड गलत भरे जाने के कारण उनका भुगतान नहीं हो रहा है। सैकड़ों महिलाएं सुधार के लिए रोज अंचल कार्यालय आती हैं और निराश होकर चली जाती हैं। इसके साथ ही सर्वजन पेंशन के आवेदनों की स्वीकृति तीन चार महीनों से नहीं हो रहा है। विधवा, वृद्धा, विकलांग व सर्वजन पेंशन धारकों को पेंशन भुगतान भी नियमित नहीं किया जा रहा है। वहीं सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि अफसरों की लापरवाही के कारण हजारों महिलाओं को पैसा नहीं मिल रहा है। वहीं जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि 15 दिनों के अंदर त्रुटियां सुधार कर भुगतान नहीं किया जाता है तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए सीटू मजबूर हो जाएगा। प्रदर्शन के बाद 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बीडीओ से मिलकर ज्ञापन सौंपा और वार्ता की।

वहीं बीडीओ ने मंईयां सम्मान योजना का साइट खुलने पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में महेन्द्र तुरी, नागेश्वर दास, शंभू पासवान, राजेन्द्र पासवान, मुश्ताक खान, मुन्ना ठाकुर, बालेश्वर राम, बसंती देवी, जीतन तुरी, बिनोद तुरी, महेन्द्र यादव, करुणा देवी, रीना कुमारी, पूनम देवी, रेखा कुमारी, आशा देवी, सुनीता देवी, शारदा देवी, मालती देवी, मुन्नी देवी, यशोदा देवी, पिंकी देवी, रेखा देवी सहित बड़ी संख्या में मंईयां योजना से वंचित महिलाएं शामिल थीं।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर छात्राओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

- **लिंग भेद बालिकाओं के जन्म व उनके अस्तित्व को जोखिम में डालता है : डीडीसी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को स्थानीय परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में डीडीसी ऋतुराज ने राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि लिंग भेद और लिंग चयन सभ्य समाज के लिए उचित नहीं है, इसके कारण बालिकाओं के जन्म के साथ-साथ उनके अस्तित्व को भी जोखिम में डालता है, यह पूरी तरह गैर संवैधानिक और आधुनिक युग के लिए अभिशाप है। वहीं उन्होंने कहा कि लिंग भेद नहीं करने बल्कि बेटियों को जन्म लेने दें, उन्हें समान प्यार व शिक्षा दें, आज के समय में किसी भी दृष्टिकोण से बेटियां बेटों से कम नहीं है।

वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की ने कहा कि जन्म पूर्व लिंग पहचान कानूनन अपराध है, ऐसे लोगों के खिलाफ सामूहिक रूप से मुहिम चलाने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर आधारित रंगोली, क्विज व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय प्राचार्य ओमप्रकाश सिन्हा के अलावे शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्राएं मौजूद थे।

## डीडीसी ने इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं से हुए रूबरू



**कोडरमा।** आगामी मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारी को लेकर शुक्रवार को डीडीसी ऋतुराज आरके प्लस टू उच्च विद्यालय डोमचांच पहुंचकर इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं से रूबरू हुए और उन्हें विज्ञान की परीक्षा की तैयारी कैसे करें, उनको कई टिप्स दिये। वहीं उन्होंने सभी विद्यार्थियों को विषय का पुनवृत्ति कराया और सवालों में आ रहे दिक्कतों के कैसे समाधान करें, इसके बारे में कई टिप्स दिये। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## बेंदी हाई स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड अंतर्गत बेंदी हाई स्कूल में राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर अनाहत फोर चेंज फाउंडेशन और फुटबॉल फोर हर कार्यक्रम के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य अपने सपनों का आकर देना। कार्यक्रम में किशोरियों का मनोबल बढ़ाते हुए प्रधानाचार्य अरविंद कुमार दास ने कहा खेल जगत हो या आर्थिक जगत महिलाओं को जब भी मौका मिला हमेशा से देश प्रदेश का नाम रौशन किए है। ऐसे में सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चे को मौका मिलेगा तो बेहतर से बेहतर करके दिखाएंगे। कार्यक्रम में किशोरियों ने पेंटिंग के माध्यम से अपने सपने को आकर दिया है। जैसे माहवारी को दर्शाना, खेल में अपनी रुचि दिखाना, रोजगार में अपनी भूमिका देखना आदि। साथ ही बेंदी गांव के किशोरियों को संस्था के द्वारा फुटबॉल खेलने के लिए तकनीकी सहयोग और प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य ड्रॉप आउट में कमी लाना, सपनों को प्रोत्साहित करना, खेल के माध्यम से सशक्त करना है। मौके पर प्रभाकर कुमार, अर्चना कुमारी, किशोरियों में चम्पा कुमारी, उर्मिला कुमारी, बेबी कुमारी, शिवानी कुमारी, मान्शी कुमारी, किरण कुमारी आदि मौजूद थे।

## बिंदास बोल अखिल भारतीय राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती (पराक्रम दिवस) के उपलक्ष्य में 23 जनवरी को झुमरी तिलैया के विवाह बैंक्वेट हल में बिंदास बोल अखिल भारतीय राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन टीम जेजे सुप्रीमो जुगनू जयंत, बिंदास बोल के मुकर श्रीवास्तव तथा उपस्थित कवियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। साहित्य और संसति को समर्पित इस कार्यक्रम में मशहूर हास्य कवि शंभू शिखर, प्रख्यात मिश्रा, शेखर त्रिपाठी, चंदन प्रजापति, प्रीति पांडे, शालिनी सहबा तथा अनमोल कुमारी ने अपने व्यंग और काव्य पाठ के मायम से खूब हंसाया। इस दौरान हास्य कवि शंभू शिखर ने कई राजनेताओं को लपेटे में लिया। उन्होंने कहा कि झुमरी तिलैया और कोडरमावासियों को प्रशंसा करते हुए कहा कि कोडरमा और यहां के लोग काफी अच्छे हैं। उन्होंने कहा कि झुमरी तिलैया जैसे जगहों में इतना वृहद कवि सम्मेलन करवाने के लिए टीम जेजे सुप्रीमो जुगनू जयंत तथा बिंदास बोल के मुकर श्रीवास्तव बाई के पात्र हैं। कार्यक्रम का संचालन बिंदास बोल के ीरज कुमार तथा राजीव रंजन शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महेंद्र दास, अजीत कोहिनूर, खूबलाल साव, शंकर साव, उदय चंद्र किशोर, रवि पासवान, सूरज यादव, ड वीरेंद्र पासवान, आफताब आलम, सद्दाम अंसारी, रोहित कुमार रघु, परवेज आलम, गोपाल कुमार गुतुल, सुभाष पंडित, विक्की केसरी, लखन सिंह, संदीप सिंह, सीता राम साव, किशोर साव, पुनेश्वर कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

## कोडरमा थाना में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

कोडरमा। थाना प्रभारी अरविंद कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने भारत के लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए शपथ लिया। मौके पर पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## जिला स्तरीय मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिला न्याय सदन सभागार में जिला स्तरीय मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को शीघ्र सस्ता एवं शुलभ न्याय दिलाने में मल्टी स्टेक होल्डर्स की भूमिका अत्यंत ही सराहनीय है। श्री कुमार ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय द्वारा



विभिन्न कानूनों में कई प्रकार के बदलाव किये जा रहे हैं, इसको ध्यान में रखते हुए समय के अनुसार मानसिक रूप से तैयार रहने की जरुरत है। कोई किसी को सिखाता नहीं है, सोसायटी स्वयं सिखने के लिए बाध्य करती है। कार्य क्षेत्र में यदि आपको सबसे आगे बढ़ना है तो अपनी जानकारी को अद्यतन रखते हुए अपनी सोच भी ऊंची रखनी होगी। वहीं उन्होंने कहा कि पोक्सो एवं जुवेनाइल जस्टिस में पीडिता को न्याय सुलभ करने को लेकर मल्टी स्टेक होल्डर्स के रूप में पीड़ित अथवा पीडिता को न्याय दिलाने के लिए पुलिस, बाल कल्याण समिति, चिकित्सा पदाधिकारी, लोक अभियोजक व अधिवक्ताओं की भूमिका काफी अहम् है। इस कार्यशाला के माध्यम से उपस्थित लोगों को दायित्व बोध करते हुए उन्हें हिदायत की गई कि किसी भी मामले की गवाही के दौरान अनुसंधानकर्ता को पूरी तरह तैयारी कर जवाब देने की जरुरत है। इसके लिए वे सभी अनुसंधानों के दौरान सभी पहलुओं पर ध्यान रखे, घटना के बारे में चिकित्सक को भी कांड की पीडिता से घटना के सम्बन्ध में पूछ ताछ करने की जरुरत है ताकि न्यायोचित व आवश्यक सूचना एकत्रित की जा सके। वहीं उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पोक्सो से सम्बंधित अधिकतर मामले बाल विवाह से सम्बंधित रहते हैं इसलिए बाल विवाह के उन्मूलन की दिशा में अहम् कदम उठाये जाने की जरुरत है। इस कार्यशाला में चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल नवल किशोर ने भी कई कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम का संचालन रणजीत कुमार सिंह ने किया।

इस कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के पैनल अधिवक्ता, एलएडीसीएस के अधिवक्ता, मध्यस्थ एवं पारा लीगल वोलेनटियर सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## प्रशासन का तीसरे दिन भी अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

- **खाता 2 प्लॉट 76/77 रकबा 52 एकड़ पर बनेगा बस स्टैंड और उपकारा जेल, मिलेगा रोजगार**

खबर मन्त्र संवाददाता



सिमरिया। सिमरिया में लगातार तीसरा दिन प्रशासन का अतिक्रमण पर बुलडोजर चला। पहला दिन और दूसरा दिन सिमरिया चौक पर केशर हिंद भूमि पर किया गया अतिक्रमण को अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, अंचलाधिकारी गौरव कुमार और थाना प्रभारी मानव मयंक के संयुक्त कारवाई से मुक्त कराया गया। यह मुक्ति जेसीबी के सारे किया गया। वहीं चौक के चारों मार्गो में किया गया अतिक्रमण को भी मुक्त कराया गया। अतिक्रमण पर लगातार खबरों को लेकर खाता नंबर 02 प्लॉट नंबर 76/77 रकबा 52 एकड़ मौजा बकचौमा को भी अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज के निर्देशानुसार अंचलाधिकारी गौरव कुमार की मौजूदगी में उक्त खाता प्लॉट गैरमजूरुआ भूमि पर जेसीबी चला कर पहले बाउंड्री को तोड़ा गया वहीं सभी को नोटिस तामिला करा कर अविलंब खाली कराया जाएगा। अतिक्रमण को लेकर अचलाधिकारी गौरव कुरा राय ने बताया कि लगातार गैरमजूरुआ भूमि पर खबर प्रकाशित की जा रही थी। जिसके अवलोकन में उक्त भूमि को जांच किया गया तो उक्त खाता प्लॉट की भूमि गैरमजूरुआ भूमि है । जहां लोगों द्वारा अतिक्रमण कर घर मकान बना दिया गया है। जबकि माननीय न्यालय का सख्त निर्देश है कि सरकारी भी को अविलंब खाली कराया जाय। जिसके लेकर हम प्रशासन अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए सख्त हैं। और चार से पांच दिन के अंदर सभी को नोटिस देते हुए उक्त भूमि पर अवैध रूप से बने मकानों को भी तोड़ा जाएगा। साथ हीं सरकार का महत्वाकांक्षी कार्य में उपकारा जेल और बस स्टैंड का निर्माण कराया जाएगा। जिससे चौक पर अतिक्रमण में बेरोजगार हुए सैकड़ों लोगों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। इधर प्रशासन का इस तरह संवैधानिक कार्यों को लेकर पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। आम अवाम लोगों का कहना है कि ऐसा युगल जोड़ी पदाधिकारियों का एक साथ एक्शन में होना यह पहली बार देखा गया है। सिमरिया में कई पदाधिकारी आए और चले गए किंतु यह पहली बार देखा गया है कि तेजतरार आईएएस सन्नी राज के साथ बीडीओ, सीओ,थाना प्रभारी का युगबंदी बहुत सराहनीय है। जिससे वर्षों की मांग मात्र एक सप्ताह में पूरा किया जा रहा है। इस तरह एक्शन मोड को देखते हुए क्षेत्र के लोगों जहां खुशी है वहीं पदाधिकारियों को खूब सराहा है।

## एक नजर में

### इटखोरी महोत्सव की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक बैठक आयोजित



**इटखोरी।** आगामी तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को भद्रकाली मंदिर परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ जहूर आलम ने की। उनके साथ बीडीओ सोमनाथ बांकीरा, सीओ सविता सिंह, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, प्रमुख प्रिया देवी, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, उपप्रमुख संजय साव समेत कई गणमान्य लोग और महोत्सव समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में महोत्सव को सफल बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान एसडीओ जहूर आलम ने कहा कि पिछले वर्ष के आयोजन में आई कमियों को चिह्नित कर इस बार उन्हें दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी और रैयतों व स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। राजकीय इटखोरी महोत्सव ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। प्रशासनिक स्तर पर इसकी तैयारियों को लेकर पूरी गंभीरता बरती जा रही है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष ऋषि बाला सिंह, मृत्युंजय सिंह, नागेश्वर तिवारी, रत्न शर्मा, सुरेश सिंह, सचिदानंद सिन्हा, गोपाल सिंह, योगेंद्र सिंह, सतीश सिंह, शंकर सिंह, टुन्नी सिंह, अंजू सिंह, शंभू लाल चौरसिया, जुगेश्वर दांगी, सुधीर राय समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

### चतरा में मंत्री संजय यादव का आगमन, जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**चतरा।** शुक्रवार को झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास और उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव का चतरा में आगमन हुआ। उनके स्वागत में उपायुक्त रमेश घोलप ने उन्हें पौधा भेंट किया। मंत्री ने चतरा परिसदन से श्रम विभाग द्वारा तैयार किए गए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाई। यह रथ जिला के सभी प्रखंडों में घूमेंगा और श्रम विभाग की योजनाओं जैसे प्रवासी श्रमिक पुनर्वास योजना, बाल श्रमिक, झारखंड असंगठित सामाजिक सुरक्षा योजना, भवन एवं निर्माण कर्मकार योजना आदि के लाभार्थियों को इन योजनाओं के बारे में जागरूक करेगा।इस अवसर पर उपायुक्त रमेश घोलप, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भद्रकाली मंदिर में भाजपाइयों ने चलाया सदस्यता अभियान



**इटखोरी।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष ऋषि बाला सिंह के नेतृत्व में भाजपाइयों ने शुक्रवार को भद्रकाली मंदिर परिसर में भाजपा सदस्यता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना और अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ना था।ऋषि बाला सिंह ने इस मौके पर कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान समाज के हर वर्ग को जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सदस्यता अभियान के दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली और भाजपा की विचारधारा को समर्थन देने का संकल्प लिया। इस मौके पर योगेन्द्र सिंह, टुन्नी सिंह, दहीन सिंह, नगीन सिंह, राकेश सिंह, सतीश सिंह, संजय सिंह, अंकित सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रत्न शर्मा, गोपाल सिंह, अंजू सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### अंचल कार्यालय का अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर जारी किया आम इश्तेहार

**चतरा।** टंडवा अंचल कार्यालय ने शुक्रवार को टंडवा में अवैध अतिक्रमण को हटाने को लेकर एक आम इश्तेहार जारी किया। सीओ विजय दास ने अतिक्रमणकारियों से अपील की है कि वे स्वयं अपने कब्जे हटाएं, ताकि कोई कठिनाई न हो। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि अतिक्रमणकारियों ने अपने कब्जे स्वतः नहीं हटाए तो उनके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, अतिक्रमण मुक्त करने के दौरान जो सरकारी राशि खर्च होगी, उसे अतिक्रमणकारियों से वसूला जाएगा। प्रशासन की यह सख्त कार्रवाई अतिक्रमण पर रोक लगाने और सरकारी भूमि को संरक्षित करने के लिए की जा रही है।

### डीसी ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी, शीघ्र निष्पादन का भरोसा दिया



**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप ने आज जनता दरबार आयोजित किया, जिसमें उन्होंने आमजन से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्य रूप से भूमि विवाद, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, अबुआ आवास और पेयजल आपूर्ति से जुड़े मामलों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी आवेदनों का अवलोकन किया और उन्हें शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों से मिलकर जल्द से जल्द इन समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। ज्ञात हो कि उपायुक्त द्वारा जनता दरबार प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे तक आयोजित किया जाता है, जहां आमजन अपनी समस्याएं सीधे उपायुक्त से साझा कर सकते हैं।

### आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में गणतंत्र दिवस की तैयारी जोरों पर



**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ में भारतीय गणराज्य की 76वें गणतंत्र दिवस की तैयारी जोरों पर चल रही है। वहीं प्राचार्य पुनीत यादव के दिशा निर्देश और परेड शिक्षक मुकेश राणा के नेतृत्व में परेड का पूर्वाभ्यास किया गया। जिसमें प्राचार्य पुनीत यादव ने एनसीसी कैडेटों के साथ सभी ग्रुप के विद्यार्थियों का परेड निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि विद्यालय में 76वें गणतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाना है, जिसमें आदर्श परेड, एनसीसी बटालियन, आकर्षक झांकी, आदर्श घोष के साथ-साथ गीत, नृत्य, भाषण, क्विज, मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे। वहीं प्राचार्य पुनीत यादव ने भारत की स्वर्णिम गणराज्य के इस ऐतिहासिक दिन अपने विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और समाज के बुद्धिजीवियों को अपने राष्ट्र और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति समर्पण की भावना रखने की अपील की। 76वें स्वतन्त्रता दिवस को सफल बनाने में प्राचार्य के साथ-साथ उप प्राचार्य, कॉर्डिनेटर, प्रशासक और सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, शिक्षकेत्तर कर्मचारी जुटे हुए हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना अंतर्गत गांधी स्कूल रोड में रहने वाले एक लड़के ने गुरुवार की देर रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतक की पहचान मोहित कुमार पिता राजेंद्र प्रसाद बर्णवाल के रूप में हुई है। घटना को लेकर मृतक के भाई ने बताया कि गुरुवार की रात मोहित बाजार से घर के लिए कुछ सामान लेकर आया था। इसके बाद जब उसे खाना खाने के लिए कहा गया तो उसने तुरंत आने की बात कही और अपने कमरे में चला गया। इसके बाद काफी देर तक मोहित कमरे से बाहर नहीं आने पर जब भाई ने दरवाजे पर काफी आवाज दी और उधर से जब कोई आवाज नहीं आई तो खिड़की से झांक कर देखने पर मोहित फंदे से झूलता पाया गया। इसके बाद उसके भाई ने खिड़की तोड़कर कमरे में प्रवेश कर उसे फंदे से उतारा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना तिलैया पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच करते हुए मृतक के मोबाइल और शव को अपने कब्जे में ले लिया है।

स्पीड न्यूज

## वेदिक सोसाईटी ने बाल विवाह नहीं करने को लेकर लोगों को किया जागरूक

**लातेहार।** लातेहार को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए वेदिक सोसाईटी शुक्रवार को सदर प्रखंड के करकट मस्जिद पेश इमाम के द्वारा जुमा नमाज अदा करने वाले लगभग 400 लोगों को अपने बच्चों का बाल विवाह नही करने के लिए सन्देश दिया गया। उन्हें बताया गया की लड़की का निकाह 18 वर्ष और लड़का का निकाह 21 वर्ष के बाद ही करे अगर आप इस उम्र से पहले करते है तो आप पर कानूनी कारवाई की जायगी और आप जेल जा सकते है। इसलिए आप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे और जो कानून में निकाह का उम्र निधारित है उसके बाद ही करे। वेदिक सोसाईटी के द्वारा जिला के सभी मस्जिद में जुमा के दिन पेश इमाम के द्वारा बाल विवाह को लेकर जागरूक करने का काम किया जाएगा। इस कार्य को कमिटी के अध्यक्ष मो. अयुब ने सराहनीय कदम बताया है। वेदिक सोसाईटी के द्वारा बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सभी मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारा में सपर्क किया जा रहा है। इसके माध्यम से सभी को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

## सरयू में चलाया गया झामुमो का सदस्यता अभियान



**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड में शुक्रवार को जिप सदस्य बुद्धेश्वर उरांव के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्यता अभियान चलाया गया। वही जिप सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के मुख्य उद्देश्य है आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी को मजबूती प्रदान करना है। अभियान के तहत प्रखंड और वार्ड स्तर तक डोर-टू-डोर कैम्पेनिंग की जाएगी, ताकि हर व्यक्ति तक पार्टी का संदेश पहुंच सके। यह सदस्यता अभियान 20 जनवरी, 2025 से लेकर 28 फरवरी, 2025 तक चलेगा। वहीं पार्टी के नेताओं का मानना है कि इससे आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की स्थिति मजबूत होगी। इस अभियान में उप मुखिया संजय उरांव, कार्तिक उरांव, महबुल्ला अंसारी, उदय प्रसाद समेत आदि लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया।

## स्वच्छता हर नागरिक का कर्तव्य है : एसडीएम गौरांग महतो

**हुसैनाबाद पलामू ।** जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस से पूर्व तैयारी को लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी गौरांग महतो ने गोपनीय शाखा परिसर व आस पास स्वयं से स्वच्छता कर लोगो को अपने राष्टीय त्यौहार को हर्षोल्लास से मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हर नागरिक को अपने से करना चाहिए। हमलोगो को किसी दूसरे पर आत्मनिर्भर होकर अपने कार्यकाल या घर को स्वच्छ नही रख सकते हैं उन्होंने कहा कि अनुमाण्डलवासी या अधिकारी अपने-अपने कार्यालय परिसर को खुद से साफ सफाई करें. आम लोगो में यह बेहतर संदेश जाएगा, ताकि लोग स्वच्छ रहें। एसडीएम के इस सराहनीय प्रयास से लोगो मे एक बेहतर संदेश जा रहा है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### चंदवा सीएचसी में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

# सरकार व स्वास्थ्य विभाग से मिलने वाली सुविधा को जन जन तक पहुंचाना है मेला का लक्ष्य : सीएस

- सरकारी अस्पतालों को अत्यधिक सुविधाओं से लैस करने की राज्य सरकार कर रही है तैयारीः लाल मोती नाथ शाहदेव




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि वरीय झामुमो नेता लाल मोतीनाथ शाहदेव, विशिष्ट अतिथि जिले के सिविल सर्जन अवधेश कुमार सिंह, सीओ जयशंकर पाठक, बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी, मुखिया संगीता लकड़ा व अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम से संबंधित जानकारी साझा की व बताया कि स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम का उद्देश्य सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के वैसे ग्रामीण जो अथार्भाव में अपना इलाज नही करा पा रहे हैं उन्हें लाभ पहुंचना है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा चिकित्सकीय परामर्श के साथ निःशुल्क दवा का वितरण किया जा रहा है। वहीं मेला को संबोधित करते हुए लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि चंदवा प्रखंड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोगों के बीच स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने में अव्वल स्थान पर है। यहां के डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का प्रयास काबिले तारीफ है क्योंकि पूरे राज्य में चिकित्सकों की भारी कमी है, ऐसी स्थिति में भी यहां के डॉक्टर व मेडिकल टीम दिन रात लोगों की सेवा में लगे रहते हैं। आगे कहा कि राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों को अत्यधिक सुविधाओं से लैस बनाने के लिए राज्य सरकार खाका तैयार कर रही है। वहीं जिले में डॉक्टर की भारी कमी की बात सामने आने पर लाल मोती नाथ शाहदेव ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी व राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर डॉक्टरों की कमी को दूर करने की दिशा में पहल करने की बात कही, साथ ही ग्रामीण स्तर पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्धारित तिथि पर डॉक्टर की उपस्थिति करने की भी अपील स्वास्थ्य विभाग से की। वही सीएएचसी प्रभारी डॉ नीलिमा कुमारी ने कई रोगों एवं उपचार की जानकारी एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी लोगों को दी। मेला में आयुष्मान कार्ड, यक्ष्मा रोगियों को पोषण टोकरी का भी वितरण किया।

### स्टॉल के माध्यम से लोगों ने कराया उपचार

स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम में सामान्य चिकित्सा, स्त्री रोग विशेषज्ञ, मातृत्व स्वास्थ्य, आंख, कान और गला, मोतियाबिंद जांच, नेत्र रोग, हड्डी रोग, दंत चिकित्सा, यक्ष्मा रोग, आयुष चिकित्सा समेत कई विभागों के द्वारा स्टाल लगाए गए थे जहां लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया व नि:शुल्क दवा भी प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज कुमार, स्वास्थ्य कर्मी रमेश राम व धन्यवाद ज्ञापन डीपीएम गौरव कुमार ने किया। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा नेता राजन भगत, विजय दुबे, डॉ. तरुण जोश लकड़ा, डॉ. कंचन बाड़ा, फार्मासिस्ट देवाशीष पंडा, प्रवीण कुमार भोला, मो. हसीब, सुमित कुमार, त्रिलोकी सिंह, बीरबल भगत समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मी व अन्य लोग मौजूद थे।

## चंदवा पश्चिमी पंसस नीलम देवी ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



- जरूरतमंद की सेवा ईश्वरीय कार्य के समान : नीलम देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी व सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रजीत शाह बंटी ने शुक्रवार को चंदवा पश्चिमी पंचायत अंतर्गत गेरुआगढ़ा, अम्बेडकर नगर व आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले दर्जनों गरीब, असहाय व वृद्धों के बीच कम्बल का वितरण किया। पंसस नीलम देवी व इंद्रजीत शाह बंटी ने कहा कि कहा कि किसी जरूरतमंद की मदद व सेवा करना ईश्वरीय कार्य के समान है, हमसभी को ऐसे नेक कार्यो को बढ़चढ़ कर आगे आना चाहिए। आगे कहा कि विगत कई दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड का प्रकोप दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में गरीब पंचायतवासियों को ठंड से बचे रहने के लिए कंबल काफी जरूरत है। सरकार के साथ साथ समर्थ लोगो को आगे आकर असहायों की सेवा करनी चाहिए। इधर पड़ रही ठंड के बीच कम्बल पाकर वृद्ध व असहाय जन काफी खुश नजर आए। कम्बल वितरण के मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजुद थे।

## पोस्ता की खेती को स्वयं नष्ट करें अन्यथा निश्चित होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी

- गुरुवे व बालूभाँग मे पुलिस ने अभियान चलाकर 23 एकड़ वन, गैरमजरूआ भूमि मे पोस्ता खेती को किया नष्ट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** पुलिस ने शुक्रवार को एक विशेष अभियान चलाकर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बालूभांग व गुरुवे के दो मुहा नदी अमानत नदी किनारे वन क्षेत्र की भूमि और गैरमजूरआ अलग अलग प्लॉट की भूमि मे लगभग 23 एकड़ पोस्ता खेती को ट्रेक्टर व लाठी डंडे से पीटकर विनस्ट किया गया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बातया की बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी की मिली गुप्त सुचना के आधार पर बारियातू थाना प्रभारी के नेतृत्व मे एक विशेष छपामारी दल का गठन किया गया। जिन्होंने बालूभाँग और गुरुवे दो मुहा नदी अमानत नदी के किनारे गैरमजरूआ और वन भूमि मे 23 एकड़ अवैध पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर एवं पुलिसकर्मियों द्वारा डंडा से पीटकर विनष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने कहा की आगे लगातार करवाई जारी है। पोस्ता करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है। जिसपर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। और अन्य कई पोस्ता खेती करने वाले की पहचान की जा रही है। सभी व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी ।पोस्ता की खेती करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा है कि स्वयं ही पोस्ता के फसल को विनष्ट कर दें.पुलिस के द्वारा विनष्ट किए जाने पर अनिवार्य रूप से नामजद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। और नियम संगत दोषियों को अविलंब कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार की जाएगी। छपामारी दल मे थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सरयू में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन, ग्रामीणों ने उठाया लाभ



**सरयू।** नवनिर्मित प्रखंड मुख्यालय के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। वहीं जिप सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अमित कुमार आजाद, प्रखंड प्रमुख अनीता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू, आर सी एछ पदाधिकारी डाक्टर मरसा टोपनो, दंत चिकित्सा डॉ देवजीत राम, बी पी एम संजय कुमार दुबे, व मुखिया अंकिता देवी, प्रमिला देवी, राजेश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान जिप सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने कहा कि स्वास्थ्य मेला ग्रामीणों के लिए एक अनोखा पहल है। जहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के लोगों को इस मेले से काफी लाभ मील रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अमित कुमार आजाद ने बताया कि शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा विभिन्न स्टॉल लगाकर स्वास्थ जांच कर निःशुल्क दवाई दी जा रही हैं। वहीं इस मेल को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य सहिया और आंगनबाड़ी सेविका ने अहम भूमिका निभाई है। डॉक्टर अमित कुमार आजाद ने बताया कि मेले का उद्देश्य ग्रामीण को न केवल स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना भी है। इस मौके पर प्रखंड के जनप्रतिनिधि व स्वास्थ्य कर्मी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## चंदवा: अवैध बालू भंडारण व परिवहन के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई, करीब तीन हजार सीएफटी अवैध बालू जब्त



**चंदवा।** थाना क्षेत्र में निजी, अबुवा व प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है। लोग एक ट्रैक्टर बालू के लिए जद्दोजहद करते देखें जा सकते हैं, लेकिन दूसरी ओर बालू माफियाओं के द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से बालू भंडारण और परिवहन का मामला प्रकाश में आया है। शुक्रवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिला खनन विभाग की टीम प्रखंड के द्वारा हुटाप पंचायत अंतर्गत बघौता सेमर सरना के पास लगभग 3000 सीएफटी से अधिक मात्रा में अवैध रूप से भंडारण किये गए बालू को जप्त किया है। उक्त मामले की सूचना उपायुक्त को मिली थी। उनके निर्देश पर जिला खनन कार्यालय के इंस्पेक्टर पद्मलोचन ओहदार ने स्थल पहुंच कर भंडारण किये गए बालू को जब्त किया। बालू का भंडारण दो स्थानों पर किया गया था। श्री ओहदार ने बताया की उपायुक्त को बालू भंडारण की सूचना मिली थी जिस पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि उक्त स्थान पर हाईवा के निशान भी मिले हैं जिससे प्रतीत होता है कि हाईवा से बड़ी मात्रा में बालू की तस्करी की जा रही थी। कागजी प्रक्रिया के बाद जब्त बालू को पंचायत के मुखिया सुखनारायण सिंह को सौंप दिया गया है। साथ ही अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

## राजहरा में नील गाय की मौत,किया गया अंत्यपरीक्षण, मामला संदिग्ध

**नीलाम्बर पीतांबरपुर पलामू।** गुरुवार रात संदिग्ध परिस्थतियों में कुंदरी वन परिक्षेत्र अंतर्गत पंचायत राजहरा के लालीमाटी गांव में सड़क किनारे खेत में नीलगाय की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह वन विभाग को सूचना मिली। वन विभाग ने पोस्टमार्टम कराने के बाद नीलगाय के शव को गड्ढा खुदवाकर दफन करा दिया। गांव के लोगों ने नीलगाय की मौत को संदिग्ध बताया। पोस्टमार्टम करने वाले प्रखंड भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि नील गाय के शरीर पर किसी भी तरह के जले अथवा जख्म के निशान नहीं मिले। नीलगाय के कान से रक्तस्राव हो रहा था एवं मुंह से झाग निकला हुआ था। नीलगाय का अंत परीक्षण कर उसके पेट के अंदर के कुछ पाॅट को सैंपल के रूप में लेकर रांची भेजा जा रहा था। नीलगाय को जहर खाने की आशंका है। उन्होंने बताया मृत नर नील गाय की उम्र दो साल हैं। वन क्षेत्र पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर वन अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर विभिन्न बिंदुओं को जांच में जुट गई है। मौके पर वनरक्षक दीनानाथ शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कन्या बचाओ जागरूकता अभियान से संबंधित उन्नमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

लातेहार। सदर अस्पताल सभागार में जिला स्तरीय एक दिवसीय सेव द गर्ल चाईल्ड सप्ताह के तहत पीसी पीएनडीटी अधिनियम के अन्तर्गत कन्या बचाओ जागरुक्ता अभियान से संबंधित उन्नमुखीकरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का उदेश्य बालिकाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देना, बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण, लिंग चयन, लिंग आधारित हिंसा को पक्षपातपूर्ण व्यवहार की रोकथाम एवं शोषण से मुक्ति, बालिकाओं के अस्तित्व की रक्षा एवं सुरक्षा, बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार, शत प्रतिशत शिक्षा प्रदान करना है। इस दौरान सिविल सर्जन ने उपस्थित लोगों को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के नियमों और उसके महत्व के बारे में जानकारी दी। आगे उन्होंने कहा कि भ्रूण हत्या के कारण लड़कों की अपेक्षा लड़कियों की संख्या कम होती जा रही है, जिसे हर हाल में रोकना होगा। लिंग जांच करना व करवाना दोनों ही अपराध है। इसके लिए कड़े कानून भी बनाये गये हैं। लिंग जांच करने वाले व करवाने वाले को जेल तथा जुमार्ना करने का भी प्रावधान है। जागरुक्ता अभियान के तहत सदर अस्पताल परिसर से सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इस जागरूकता रथ के माध्यम से जिला अंतर्गत प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।

## मनिका प्रखंड के सीएचसी में स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन

- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी हुए शामिल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका संदीप कुमार शामिल हुए। वहीं इस स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिव्य क्षितिज कुजूर,समेत अन्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस स्वास्थ्य मेला का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना और उन्हें विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी देना था इस मेले के माध्यम से लोगों को अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान और समय रहते उचित इलाज लेने के प्रति जागरूक किया गया। वहीं स्वास्थ्य मेले में कुल बारह स्टॉल लगाए गए थे जिसमें ओपीडी में डॉ.अभिनंदन कुशाग्र गुप्ता,कुष्ठ उन्मूलन डॉ.राज चंद्रा तथा डॉ.सुनील कुमार, मलेरिया/फैलेरिया अभय कुमार तथा मसूद आलम,बीपी जांच जावेद अकरम, तथा तनवीर आलम, नेत्र जांच डॉ.सुनील कुमार तथा डॉ.किरण खलखो, आयुष ओपीडी में डॉ.रुखसाना खातून तथा डॉ.विजय प्रसाद, यौन रोग एवं फैमिली प्लानिंग हेमंती देवी तथा प्रमिला बेक,आयुष्मान कार्ड मिठू कुमार तथा अनिल रवि और ओपीडी रजिस्ट्रेशन स्टॉल में राणा अनिल तथा आनंद कुमार लकड़ा कार्य कर रहे थे। वहीं कार्यक्रम का संचालन डॉ.रूद्रदेव वर्मन ने किया। साथ ही मेले में विधि-व्यवस्था को बनाए रखने हेतु कॉर्डिनेटर अखिलेश्वर कुमार सिंह,सुनील कुमार सिंह एवं लेखापाल विनीता कुमारी के द्वारा नेतृत्व किया जा रहा था। मौके पर बीईओ अमरेंद्र कुमार पाठक, एसआई विपिन कुमार मिश्रा, सुनील कुमार सिंह, मिनी कुमारी, डॉ.उमेश प्रसाद, डॉ.आरबी ठाकुर, डॉ.अभिनंदन कुमार, कमलेश कुमार, एमटीएस शाहनवाज, सभी सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, एलटी, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मेला में जांच के दौरान एक एचआईवी पाजिटिव मरीज मिला, विभागीय स्तर पर होगा इलाज

**हरिहरगंज पलामू ।** शहरी क्षेत्र के अररूआ खुर्द मेन रोड स्थित मध्य विद्यालय के मैदान पर शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख कमला देवी, बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर गोपाल प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मेला में अलग-अलग स्टाल लगाकर विभिन्न रोगों की जांच की गई। इस दौरान 66 लोगों का एचआईवी जांच किया गया। जिसमें एक व्यक्ति एचआईवी पॉजीटिव पाया गया। हालांकि उक्त मरीज की पहचान गुप्त रखी गई है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर गोपाल प्रसाद ने बताया कि एचआईवी पॉजिटिव मरीज का इलाज विभागीय स्तर पर निशुल्क किया जाएगा। मेला में आयुष्मान पंजीकरण, एनसीडी जांच, बीपी, शुगर, सामान्य ओपीडी, दांत ओपीडी, लैब जांच, टीकाकरण, परिवार नियोजन, मलेरिया उन्मूलन, कुष्ठ उन्मूलन, आयुष्मान भारत, नेत्र जांच, पोलियो, एनीमिया मुक्त भारत आदि जैसी विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध थीं। वहीं 80 मरीजों का आयूष चिकित्सा,54 क्षय रोग,12 कुष्ठ रोग,112 आंख जांच किया गया। इसके अलावा सैकड़ों लोगों की जांच कर दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम में डा राजेश कुशवाहा ,डॉ पूजा सिंहा, डॉ तौहिद अहमद, डॉ असादुल्लाह फैज, डॉ सत्यम सौरभ, समाजसेवी अरविंद पासवान,बीपीएम संजय कुमार सिंह, बीएम राजकुमार सिंह, बीडीएम दीपक कुमार, सीएचओ वाल्मीकि कुमार, प्रियम कुमारी, प्रेमा कुमारी, नेहा कुमारी, एएनएम संगीता कुमारी, जयंती कुमारी, शैलेश्वरी सिन्हा, बीटीटी संतान मिश्रा, कृष्ण मुरारी मिश्रा, निर्मला शर्मा, स्वास्थ्य कर्मी अखिलेश कुमार पासवान, संतोष कुमार अजीत कुमार रवि ,जसवंत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मेला के आयोजन से ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी राहत : सुशीला देवी

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत मुगीर्डीह स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, जिला परिषद संतोषी शेखर, बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, सीओ मनोज कुमार, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय बहादुर सिंह, उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल, जेएमएम नेत्री आरती देवी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह समेत अन्य अतिथियों ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर मे स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से लगभग एक दर्जन विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। जिसका अतिथियों के द्वारा बारी- बारी से निरीक्षण करते हुए सुविधा और योजना की जानकारी ली गई। शिविर को सम्बोधित करते हुए प्रमुख सुशीला ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के साथ सभी बीमारी और उसे बचाव के प्रति जागरूक करने में काफी कारगर साबित होगा। जिला परिषद सदस्य ने कहा कि नए भवन मे स्वास्थ मेला का आयोजन बेहतर पहल हैं। वही आने वाले समय मे सरकार के माध्यम से बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास भी किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा की स्वास्थ विभाग के अधिकारियो से वार्ता करते हुए पुराने भवन मे खुरा और बरवाडीह पंचायत के लिए उप स्वास्थ केंद्र का संचालन किया जाए ताकि स्थानीय लोगों को लाभ मिले। बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि स्वास्थ शिविर के माध्यम से ग्रामीणों के अंदर सरकारी चिकित्सा पर विश्वास पैदा करने के साथ बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना हैं। उन्होंने यह भी कहा की स्वास्थ विभाग की पूरी टीम ईमानदारी के साथ गांव मे जाकर लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक करें और झाड फुक अंधविश्वास को दूर भगाये। इस दौरान लगभग दो सौ लोगों के निशुल्क जांच और दवा का वितरण किया गया।

मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ जयवंत लकड़ा, डॉ.जुबेर आलम, मुखिया बिपिन बिहारी सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस प्रसाद, कमलेश सिंह, कालो देवी, डॉ.अनुपमा एक्का, डॉ. शुभांकुर कुमारी, डॉ शशि शालिनी, सीएचओ आभा कुमारी, संतोषी कुमारी, मनोरंजन कुमार, आलोक कुमार, कुमुदनी करकेटा, दीपक सिंह और लालमुनि देवी समेत काफी सख्या में स्वास्थ कर्मी और सहिया मौजूद थे।

## स्वास्थ्य मेला में लाभूकों को एक्सपायरी दवा वितरण करना लापरवाही का परिचायक : अमित तिवारी

**मेदिनीनगर।** तरहसी प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन 23 जनवरी को प्लस टू तरहसी के मैदान में किया गया था जिसमें मरीजों, ग्रामीणों व लाभार्थियों को डाक्टर द्वारा एक्सपायरी दवा प्रदान की जा रही थी जो स्वास्थ्य विभाग के लापरवाही का परिचायक है। उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कही। श्री तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य मेला में इस तरह की अनियमितता व अकर्मयता मरीजों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। इस मामले में श्री तिवारी ने रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह का मामला स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर प्रश्न चिंह खड़ा करता है। स्वास्थ्य मेला के नाम पर प्रखंड स्तर पर सिर्फ खानापूर्ति व पैसों का बंदबांट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी मनातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अव्यवस्था पर उन्होंने मशाल जुलूस व धरना प्रदर्शन किया था। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मनातू को सूचित किया है। लेकिन इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने उपायुक्त व सिविल सर्जन से मनातू स्वास्थ्य केंद्र में हो रहे इस इस कृत्य को लेकर जांच कमिटी गठित पर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। कहा कि ऐसा नहीं करने पर जन आंदोलन किया जायेगा।

स्पीड न्यूज

## परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल समारोह का आयोजन

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन के पूर्व आज मुख्य कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन-चाईबासा में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त कुलदीप चौधरी के नेतृत्व तथा पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष शेखर की मौजूदगी में मुख्य समारोह दौरान होने वाले परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य कार्यक्रम हेतु निर्धारित समयानुसार मंच पर सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक तदुपरांत उपायुक्त के आगमन पश्चात परेड में शामिल प्लाटून के द्वारा द्वय पदाधिकारियों को सलामी दिया गया, सलामी उपरांत उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का निरीक्षण तथा ध्वजारोहण किया गया। समारोह दौरान उपायुक्त के नेतृत्व में उपस्थित सभी पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस जवान एवं अन्य जनों के द्वारा लोकतंत्र की सुचिता को बनाए रखने तथा प्रत्येक चुनाव में मतदान करने का शपथ भी लिया गया।

## जुगसलाई में राणी सती दादी जी का 275 वां मासिक नवमी कीर्तन संपन्न

**जमशेदपुर।** श्री राणी सती सत्संग समिति जुगसलाई द्वारा आयोजित 275 वां श्री राणी सती दादी जी का मासिक नवमी कीर्तन जुगसलाई स्थित मौनी बाबा काम्प्लेक्स के श्री नारायणी निर्मल निवास पर संपन्न हुआ। स्थानीय भजन गायक सुनीता-गोविंद भारद्वाज ने ज्योत प्रज्वलित कर भजन संध्या कार्यक्रम की शुरुआत की। अदिति भारद्वाज ने गणेश वंदना से भजनों का शुभारंभ किया। समिति के कलाकार जगदीश शर्मा, बैजनाथ शर्मा, कमल अग्रवाल, राकेश कुमार, पारस भारद्वाज द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गयी। कलाकारों ने दादी मां का उत्सव है..., मैया तेरे भरोसे मेरा परिवार है...., दे दें थोड़ा प्यार दादी तेरा क्या घट जायेगा..., महारै सिर पर है दादी मां का हाथ..., कीर्तन की है रात मैया आज थाने आनों है..., तेरा मेरा प्यार यूं ही बना रहे....आदि भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर दादी मां के भक्त नाचते रहे। चुनड़ी उत्सव, गाजरा उत्सव में महिलाएं झूमते हुए राणी सती दादी जी का जयकारा लगाती रही। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार रिंगसिया समेत काफी सख्या समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## सविता महतो ने संभाला युवा, कल्याण संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति के सभापति का कार्यभार

**चांडिल।** झारखंड विधानसभा में ईचागढ़ के विधायक सविता महतो नें युवा, कल्याण संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति के सभापति का कार्यभार संभाला। इस दौरान उन्होंने सभापति कक्ष (कार्यालय) में अधिकारियों के साथ बैठक भी किए। इस दौरान उन्होंने विधायक कल्पना सोरेन को भी सभापति के कार्यभार संभालने पर पुष्प गुच्छ देकर बधाई दिए। इस मौके पर राजीव महतो उर्फ काबलु एवं समीर महतो नें विधायक सविता महतो को कार्यभार संभालनें पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

## गणतंत्र दिवस परेड का हुआ अंतिम पूर्वाभ्यास

**जमशेदपुर।** गणतंत्र दिवस -2025 के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में होगा । समारोह में माननीय मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग, झारखंड श्री रामदास सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे । जिला स्तरीय समारोह में 26 जनवरी को पूर्वाह्न 09:05 बजे मुख्य अतिथि द्वारा झंडोतोलन किया जाएगा । समारोह के आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में है। गोपाल मैदान में परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित किया गया जिसका निरीक्षण वरीय पुलिस अधीक्षक श्री किशोर कौशल, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। परेड में एक प्लाटून जैप-6, तीन प्लाटून जिला पुलिस बल (सहायक पुलिस सहित), एक प्लाटून जिला गृह रक्षक तथा दो प्लाटून एन.सी.सी (महिला/ पुरूष) के अलावा स्काउट एंड गाइड का प्लाटून शामिल हुए ।

# अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होटल 'डि हेमरे' का हुआ उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** कालीमाटी रोड, साकची में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होटल 'डि हेमरे' का आज शानदार उद्घाटन हुआ। सांसद विद्युत वरण महतो, माननीय विधायक सरयू राय, वित्त आयोग झारखण्ड के अध्यक्ष श्री ए.पी. सिंह (आई ए एस) ने संयुक्त रूप से किया । साथ ही दीप प्रज्वलन के शुभ अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता मनोरंजदास, टाटा वर्क्स यूनियन के अध्यक्ष श्री संजीव चौधरी, टाटा मोटर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते एवं महामंत्री श्री आर. के . सिंह, तख्त हरमंदिर साहिब पटना के सचिव सरदार इंद्रजीत सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद, विजय खा, भारतीय स्टेट बैंक के सीनियर मैनेजर अमित सिंह, झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार शैलेंद्र सिंह , बीजेपी जिला



अध्यक्ष सुधांशु ओझा आदि कई गणमान्य उपस्थित रहे। आज के कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविन्द्र राय, भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री नागेंद्र त्रिपाठी, विधायक श्रीमती पूर्णिमा साहू, विभाग कार्यवाहक श्री सत्य प्रकाश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा डॉ दिनेशानंद गोस्वामी आदि की भी उल्लेखनीय उपस्थिति हुईं। इस अवसर पर पार्षद कविता परमार, काँग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री नट्टु झा, इंटक नेता संजीव श्रीवास्तव, झारखंड बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, साक जीची गुरुद्वारा के प्रधान सरदार निशान सिंह, काँग्रेस नेता श्री अजय सिंह, भाजपा नेता श्री नन्दजी प्रसाद, बॉबी सिंह, शिव शंकर सिंह, राम बाबू तिवारी, भाजपा के प्रदेश नेता शैलेन्द्र सिंह, अधिवक्ता अनिल तिवारी, भाजपा नेता नीरज सिंह, उद्योगपति विकास सिंह, मंजू सिंह, रमेश हांसदा, राजेश सिंह बम, मिथिलेश यादव, अनिल मोदी, संजीव सिंह, खेमलाल चौधरी, रूपेश कतरियार, निशांत कुमार, अमित शर्मा सहित शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत होटल 'डि हेमरे' के प्रबंध निदेशक सरदार रणबीर सिंह खनुजा के अग्रज एवं ख्याति प्राप्त समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने किया। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि जमशेदपुर शहर के लिए व्यावसायिक क्षेत्र में यह शानदार पहल है और इससे कई लोगों को रोजगार मिलेगा जो बहुत जरूरी भी है ।

इस मौके पर विधायक सरयू राय ने होटल के लिये पूरे खनूजा परिवार को बधाई देते हुए कहा कि जमशेदपुर में बाहर से आने वालों के ठहरने के लिये यह एक उत्तम होटल साबित होगा।

ए.पी सिंह ने कहा कि इस प्रकार के बढ़ते व्यावसायिक माहौल से झारखण्ड में विकाश को गति मिलेगी , उन्होंने कहा कि यह प्रयास सामाजिक दायित्व का भी बखूबी निर्वाह करता है।

डा रवींद्र राय ने कहा कि जमशेदपुर एक उत्तम शहर है और यह होटल यहां की ख्याति के अनुरुप बाहर के लोगों को भी आकर्षित करेगा। विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि जमशेदपुर में फाइव स्टार और 7 स्टार जैसे होटल और हॉस्पिटैलिटी की सुविधा देने में यह परिवार ख्याति अर्जित कर रहा है। अन्य अतिथियों ने भी अपने उद्गार व्यक्त किये। वक्ताओं ने खनूजा परिवार द्वारा किये जाने वाले सामाजिक दायित्व के निर्वाह की भूरि भूरि प्रशंसा की और कहा कि इस परिवार की सरलता के सभी कायल हैं। अतिथियों को इस मौके पर खनूजा परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। रणवीर खनुजा ने बताया कि यहां अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 43 कमरें हैं जिसमें सुपीरियर, क्लब एवं स्वीट रूम उल्लेखनीय है. होटल में अलग-अलग अवसर के लिए बैंक्वेट हॉल उपलब्ध हैं जहाँ छोटे-बड़े आयोजन किये जा सकते हैं। श्री खनुजा ने बताया कि होटल में रेस्टोरेंट भी है जिसकी साज-सज्जा इस तरह की गयी है जो ग्राहकों को मंत्र मुग्ध कर देगा। मल्टी कुशन फाईन डायनिंग हरिद्रा रेस्टोरेंट में एक साथ लगभग 150 लोगों के बैठने की सुविधा है। साथ ही कैफे / रस जिसमें उच्च गुणवत्ता वाले कॉफी, बेकरी खाद्य उपलब्ध होंगे। रेस्टोरेंट में सभी प्रशिक्षित एवं अनुभवी शेफ मौजूद हैं जो ग्राहकों को मन पसंद व्यंजन परोसने में सक्षम हैं।

# विपक्ष संविधान को हथियार बनाकर राजनीति चमकाने का कर रहे प्रयास : डॉ रविन्द्र राय

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारतीय संविधान के गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संविधान गौरव अभियान के तहत शुक्रवार को जमशेदपुर महानगर द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में बिस्टुपुर स्थित चेंबर ऑफ कॉमर्स के टाटा सभागार में आयोजित गोष्ठी में झारखंड भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, अभियान के जिला संयोजक पवन अग्रवाल, जिला महामंत्री अनिल मोदी, संजीव सिंह समेत वरीय नेतागण एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इससे पहले, अतिथियों द्वारा पार्टी के पितृपुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के छवि चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर गोष्ठी का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहेब के योगदान को नमन करते हुए



संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। गोष्ठी में उपस्थित कार्यकर्ताओं से संविधान की भावना को बनाए रखने और जन-जन तक इसके महत्व को पहुंचाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर गोष्ठी को संबोधित करते हुए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने संविधान की महत्ता और इसके 75 वर्षों की यात्रा पर विस्तारपूर्वक अपने विचार साझा किए। रविन्द्र राय ने कहा कि जिन राजनीतिक दलों के पास जनता से जुड़ा कोई ठोस मुद्दा नहीं है, वे भारतीय संविधान को राजनीतिक हथियार बनाकर अपनी राजनीति चमकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जो लोग संविधान के बुनियादी सिद्धांतों और उसकी धारा-प्रावधानों को ठीक से नहीं समझते, वे ही संविधान को दिखाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हाल के लोकसभा चुनावों के दौरान विपक्षी दलों ने संविधान को बदलने जैसे झूठ फैलाने का प्रयास किया, लेकिन जनता ने इस दुष्प्रचार को पूरी तरह नकार दिया। डॉ राय ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा भारतीय संविधान की आत्मा को नुकसान पहुंचाने का काम किया है। उदाहरण के तौर पर शाह बानो मामले में, जब सुप्रीम कोर्ट ने शाह बानो को भरण-पोषण देने का आदेश दिया तो राजीव गांधी ने मुस्लिम नेताओं और मौलवियों के दबाव में कानून बदलकर शाह बानो को उनके हक के भरण-पोषण से वंचित कर दिया। यह कदम न केवल महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ था, बल्कि संविधान की मूल भावना के विपरीत भी था।

उन्होंने कांग्रेस पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने बार-बार ऐसे फैसले लिए जो भारतीय संविधान और बाबा साहेब के विचारों के खिलाफ थे। कांग्रेस ने बाबा साहेब को हराने और हाशिये पर रखने के लिए कई षड्यंत्र रचे। 1952 और 1954 के चुनावों में उन्हें हराने के लिए कांग्रेस ने हर संभव प्रयास किया। सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने उन्हें कभी भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया, जबकि उनके नेताओं ने स्वयं को भारत रत्न के सम्मान से नवाजा। कहा कि भाजपा के समर्थन वाली सरकार के दौरान वर्ष 1990 में बाबा साहेब को भारत रत्न देकर उनके योगदान को उचित सम्मान दिया गया।

डॉ राय ने कहा कि कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने वर्ष 1975 में देश में आपातकाल लगाकर संविधान के मूल्यों और लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई। कांग्रेस हमेशा से आरक्षण विरोधी रही है और दलितों, पिछड़ों, और आदिवासियों के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास करती रही है। यह वही पार्टी है जिसने बाबा साहेब के आरक्षण के सिद्धांतों को भी नजरअंदाज किया। कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करने का काम किया।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, देवेंद्र सिंह, कुसुम पूर्ति, कुलवंत सिंह बंटी, नीरज सिंह, डॉ राजीव कुमार, मनोज सिंह, जटाशंकर पांडेय, रमेश हांसदा, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, प्रदीप महतो, रेणु शर्मा, राजीव सिंह, अनिल मोदी, संजीव सिंह, मिली दास, सुबोध झा, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, उज्ज्वल सिंह, अमित सिंह, संजीत चौरसिया, रविशंकर तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।

# पूर्व चैम्बर अध्यक्ष अशोक भालोटिया को दी श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा अपने पूर्व अध्यक्ष अशोक भालोटिया के पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष अशोक भालोटिया का पार्थिव शरीर को चैम्बर भवन ले जाया गया जहां उन्हें चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर केडिया, विजय मेहता, निर्मल काबरा, पदाधिकारीगण उपाध्यक्ष अनिल मोदी, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव अंशुल रिंगसिया, बिनोद शर्मा, सुरेश शर्मा लिपु, कोषाध्यक्ष सीए अनिल रिंगसिया, सदस्यगण एवं कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया और अश्रुपूर्ण विदाई दी। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये अपनी संवेदना व्यक्त की। अशोक भालोटिया ने चैम्बर के कई पदों को सुशोभित करते हुये लगातार दो सत्र 2017 से 2021 के बीच अध्यक्ष का कार्यभार संभाला। इस दौरान उन्होंने चैम्बर को नई ऊँचाईयों पर ले जाने हेतु प्रयत्नशील रहे और व्यवसायी, उद्यमी हित में कई कार्य किये। उनका नाम शहर के एक सफल उद्यमी के अलावा एक अच्छे और नेक समाजसेवी के रूप में भी जाना जाता है। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि उनके निधन से व्यवसायी एवं उद्यमी समाज मर्माहत है। वे हमेशा हम सबों के लिये मार्गदर्शक बने रहे, हमने अपना अभिभावक खो दिया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय रेल को मिलेगा बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय रेल को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड-2024-25 प्रदान किया जाएगा। यह आयोजन 25 जनवरी को नई दिल्ली के दिल्ली कैंटोनमेंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में होने वाला है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय रेल ने मतदाता जागरूकता और लॉजिस्टिक सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है,जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह पुरस्कार दिया जा रहा है। मतदाता जागरूकता के लिए भारतीय रेल ने अपने नेटवर्क का इस्तेमाल करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपने रेल डिस्प्ले नेटवर्क का व्यापक उपयोग किया। इस नेटवर्क के माध्यम से स्टेशनों, रेलवे की अधिकारिक वेबसाइटों और मोबाइल ऐप पर मतदाता



हेल्पलाइन से संबंधित जानकारी साझा की गई। स्टेशनों पर पूर्व-रिकॉर्डेड घोषणाएं की गईं, जिनमें मतदान की अहमियत और प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अलावा कश्मीर वैली में स्वीप एक्सप्रेस विशेष ट्रेन चलाई गई। इस ट्रेन का उद्देश्य युवाओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना था।

चुनाव में लगे कर्मचारियों एवं अधिकारियों के सुरक्षित और सुगम परिवहन का प्रबंधन भारतीय रेल द्वारा किया गया ।

**सोशल मीडिया अभियान और जनभागीदारी :** भारतीय रेल ने मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी बेहतर तरीके से उपयोग किया। भारतीय रेल ने न केवल मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने का काम किया, बल्कि नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देकर लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत किया।

यह पुरस्कार भारतीय रेल की उन असाधारण पहलों का प्रतीक है, जो यह दशार्ती हैं कि रेलवे केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे का अभिन्न हिस्सा है।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर में ह्यरेलवे घटकों की धातुकर्म विफलता जांच (एमआईआरसी'25) पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज दोपहर समाप्त हो गया। आरडीएसओ के लगभग 10 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। विभिन्न रेलवे घटकों में उपयोग की जाने वाली विभिन्न सामग्रियों के भौतिक धातु विज्ञान की व्यापक झलक, घटक योग्यता के लिए प्रासंगिक मानक, सेवा की शर्तों के तहत प्रचलित क्षति तंत्र, उसी का अनावरण करने के लिए सूक्ष्म तकनीक और परीक्षण प्रक्रियाएं, विफलता जांच की अनुक्रमिक पद्धति आदि, सैद्धांतिक व्याख्यान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रदर्शनों की एक श्रृंखला के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रदान की गई। प्रतिभागियों को अत्याधुनिक सामग्री लक्षण वर्णन सुविधाओं से परिचित कराया गया, जिनकी मदद से घटक अखंडता मूल्यांकन के



साथ-साथ विफलताओं और सामग्री क्षरण के मूल कारण को सुलझाया जा सकता है। डॉ कनाई लाल साहू, मुख्य वैज्ञानिक और माइक्रोस्ट्रक्चर इंजीनियरिंग समूह, सीएसआईआर- एनएमएल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के निरंतर उत्साह की सराहना की और देश भर में रेलवे नेटवर्क की गुणवत्ता में सुधार और मानकीकरण में वर्षों से आरडीएसओ के प्रयासों पर जोर दिया। इसके बाद प्रतिभागियों के साथ एक संक्षिप्त फीडबैक सत्र हुआ। प्रतिभागियों ने इस विशिष्ट रूप से अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सीएसआईआर- एनएमएल के सभी संकायों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की, जिसमें उन्हें विभिन्न रेलवे घटकों के धातुकर्म पहलुओं और उनके संबंधित क्षरण घटनाओं का समृद्ध स्वाद लेने का अवसर मिल सका। सीएसआईआर- एनएमएल के मुख्य वैज्ञानिक और सामग्री इंजीनियरिंग प्रभाग के प्रमुख डॉ एस शिवप्रसाद ने प्रतिभागियों को भागीदारी का प्रमाण पत्र सौंपा, जिसके बाद उन्होंने एक संक्षिप्त टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने सीएसआईआर- एनएमएल और आरडीएसओ के बीच दीर्घकालिक सहयोग पर जोर दिया कार्यक्रम का समापन सीएसआईआर- एनएमएल के मैटेरियल्स

# 'तूबुर्लेंस पर काबू: 'फ्लो और ध्वनिक नियंत्रण में प्रगति' पर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** एनआईटी (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) जमशेदपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने हाल ही में तूबुर्लेंस पर काबू: फ्लो और ध्वनिक नियंत्रण में प्रगति शीर्षक से पाँच दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। यह कार्यशाला झारखंड काउंसिल ऑन साइंस, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन द्वारा प्रायोजित थी, जिसका उद्देश्य इंजीनियरिंग छात्रों को तरल गतिशीलता और ध्वनिक व्यवहार को नियंत्रित करने की आधुनिक तकनीकों और नवाचारों का गहरी समझ प्रदान करना था।



कार्यशाला के दौरान, प्रतिभागियों ने एक श्रृंखला में इंटरएक्टिव सत्रों में भाग लिया, जिसमें आईआईटी और एनआईटी के फैकल्टी सदस्यों द्वारा विशेषज्ञ-निर्देशित व्याख्यान और व्यावहारिक प्रदर्शन शामिल थे। पाठ्यक्रम ने तूबुर्लेंस नियंत्रण, फ्लो ऑप्टिमाइजेशन और ध्वनिक शोर कमी में अत्याधुनिक विधियों की खोज की। कवर किए गए विषयों में उन्नत कम्प्यूटेशनल फ्लूड डायनामिक्स मॉडल, सक्रिय और निष्क्रिय फ्लो नियंत्रण तकनीकें, और विभिन्न प्रणालियों में शोर और कंपन को कम करने के लिए नवीन सामग्रियों का उपयोग शामिल था।

प्रतिभागियों ने तरल गतिशीलता और ध्वनिकी में नवीनतम अनुसंधान का अन्वेषण किया, यह समझते हुए कि ये प्रगति एयरोस्पेस, ऑटोमोटिव, और ऊर्जा उत्पादन जैसे उद्योगों को कैसे बदल रही हैं। इन तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया गया ताकि इंजीनियरिंग प्रणालियों की प्रदर्शन, दक्षता और स्थिरता को बढ़ाया जा सके, जबकि शोर और तूबुर्लेंस के पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम किया जा सके।

एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक, प्रो. गौतम सुतरधर ने प्रतिभागियों को प्राप्त ज्ञान का उपयोग करके तरल गतिशीलता और ध्वनिक नियंत्रण में वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रेरित किया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख, प्रो. संजय ने आयोजन में शामिल फैकल्टी–डॉ. रिंकू गौड़ा, डॉ. ए.के. पटेल, डॉ. शैलेश झा, और डॉ. के.एस.के. सुधामशु–की सफलता के लिए सराहना की। अनुसंधान के डीन, प्रो. एम.के. सिन्हा ने भी छात्रों की सक्रिय भागीदारी और जटिल इंजीनियरिंग अवधारणाओं को समझने की उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। संस्थान के उपनिदेशक आर वी शर्मा ने आयोजन करता की तारीफ करते हुए ऐसे कार्यक्रम का आयोजन भविष्य में करते रहने को कहा।

यह कार्यशाला सभी के लिए एक परिवर्तनकारी अनुभव साबित हुई, जिसने प्रतिभागियों को उन्नत कौशल और ज्ञान से सुसज्जित किया, ताकि वे फ्लो और ध्वनिक नियंत्रण प्रौद्योगिकियों की निरंतर प्रगति में योगदान कर सकें, जो विभिन्न इंजीनियरिंग क्षेत्रों में प्रदर्शन और स्थिरता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# राष्ट्रीय नाई महासभा ने मनायी कर्पूरी जयंती



मंचासीन अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** देवीधाम कर्पूरी चौपाल के प्रांगण में राष्ट्रीय नाई महासभा के तत्वावधान में डंडई प्रखंड मुख्यालय में भारत रत्न से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती धूमधाम से मनायी गई। समाजसेवी ने उनके जीवनी की काफी चर्चाएं की एवं कहा कि हमें इनके क़दम चिन्हों पर चलने की जरूरत है। प्रखंड अध्यक्ष रामकिशुन ठाकुर ने कहा कि हमारा समाज अभी सोया हुआ है, हमें अभी जागने की जरूरत है क्योंकि अभी नहीं जागंगे तो अपना हक अधिकार हम लोग नहीं ले सकते हैं। इसलिए हक अधिकार लेने के लिए हमारे समाज को जागना बहुत जरूरी है। उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जन-जन के नेता थे, इसलिए इनका जयंती भव्य तरीके से मनाया जाए। जितेंद्र ठाकुर ने कहा कि हमारे समाज को सीएनटी से मुक्त करो। बीजेपी नेता मिथिलेश प्रसाद ने कहा कि भारत रत्न सम्मानित हम लोग कर्पूरी ठाकुर जी का जयंती मनाने आए हैं यह हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। मौके पर दिनेश राम, शिवपूजन ठाकुर, रामाशीष प्रसाद, आनंद प्रकाश, राजेश मेहताख सुभाष मेहता, लाख प्रसाद, विजय ठाकुर, संजय ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, अनिल ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

# डीसी-एसपी ने किया परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का निरीक्षण



निरीक्षण करते डीसी व एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के गोविंद इंटर कॉलेज, गढ़वा (टाउन हॉल) के मैदान में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर शुक्रवार को परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। 26 जनवरी को 09:05 बजे गोविंद इंटर कॉलेज, गढ़वा (टाउन हॉल) के मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में झंडोत्तोलन किया जायेगा।

डीसी शेखर जमुआर और एसपी दीपक कुमार पाण्डेय ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही पूर्वाभ्यास परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न टुकड़ियों द्वारा आकर्षक एवं भव्य परेड का स्वरूप प्रदर्शित किया गया। डीसी श्री जमुआर ने परेड में भाग ले रहे प्लाटुन का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि गढ़वा में परेड सुंदर व खूबसूरत दिखेगी। उन्होंने सभी टुकड़ियों को पूरे स्वाभिमान व गर्व के साथ परेड में भाग लेने की नसीहत दी।

उन्होंने परेड में शामिल सभी टुकड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि ऐसे ही 26 जनवरी को परेड सुंदर व खूबसूरत दिखे। इसके लिए आप सभी अपना शत प्रतिशत देंगे। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, एसडीम संजय कुमार, डीआरडीए डायरेक्टर सह सामान्य शाखा पदाधिकारी रविश राज सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार, नजारत उप समाहर्ता धीरज प्रकाश, भूमि उपसमाहर्ता प्रमेश कुशवाहा, आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पाण्डेय, कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार सहित जिला प्रशासन के पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

# मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना से वंचित महिलाओं ने सुनाया अपना दर्द



मंईया योजना से वंचित महिलाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रानेश्वर।** प्रखंड के सालतोला पंचायत के मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना से वंचित महिलाओं ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय पहुँचकर जेएमएम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष बाबुजान हेम्राम को अपने समस्याओं को सुना कर समाधान करने का मांग किया।

मिली जानकारी के मुताबिक दर्जनों महिलाओं ने मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए बीते दिनों ऑनलाइन आवेदन किया था। लेकिन किसी कारणवश इस योजना का लाभ इन महिलाओं को नही मिल रहा है। लाभ से वंचित महिलाओ ने इस मामले पर पहल करने का मांग करने हेतु प्रखंड मुख्यालय पहुंची थी। स्थानीय बीडीओ कार्यालय में नही रहने के कारण बीडीओ के इंतजार में बैठे महिलाओं ने झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष बाबुजान हेम्राम को देखा एवं उसे घेर कर अपने समस्याओं को सुनाते हुए इन मामले पर पहल करने का मांग किया। प्रखंड अध्यक्ष ने इस मामले पर पहल करने का अस्वाशन दिया है।

# स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन विधायक ने किया



मेला को संबोधित करते हुए विधायक बसंत सोरेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मसलिया।** मसलिया प्रखंड परिसर में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन विधायक बसंत सोरेन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ उपलब्ध कराने के लिए दर्जनों स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम में विधायक ने अबुआ आवास और मंईया सम्मान योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। साथ ही स्कूली छात्रों को साइकिल प्रदान की गई। महिला सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जेएसएलपीएस से जुड़ी दीदियों को 2.40 लाख का चेक भी प्रदान किया गया। मौके पर बीडीओ अजफर हसनैन, झामुमो जिला सचिव नशितवरन गोलदार, प्रखंड प्रमुख वासुदेव टुडू समेत अन्य लोग मौजूद रहे, वहीं जिले के रामगढ़ प्रखंड के प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन माननीय विधायक डा. लुईस मरांडी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गयास बताते चले की स्वास्थ्य शिविर के दौरान कुल 1747 लोगों ने विभिन्न स्वास्थ्य जांच हेतु अपना-अपना निबंधन कराया जिसमें 103 व्यक्तियों नें गोल्डन कार्ड, बाह्य कक्ष में 573, कैटरेक्ट के लिए 61 लोगों नें, परिवार नियोजन में 171, ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच में 337 तथा आयुष में 70 व्यक्तियों नें सेवा प्राप्त की। स्वास्थ्य मेले में जिप उपाध्यक्ष सुधीर मंडल, प्रखंड प्रमुख बाबूलाल मुर्मू, झामुमों कार्यकर्त्ता शिवलाल मरांडी, नंदलाल राउत, छोटेलाल मंडल समेत बीडीओ, सीओ उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर तेनुघाट मुख्यालय में रिहर्सल परेड

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट में 24 जनवरी को रिहर्सल परेड किया गया। जानकारी के अनुसार कार्यपालक दंडाधिकारी कनिष्क कुमार ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर अंतिम पूर्वाभ्यास का 24 जनवरी को निरीक्षण किया। परेड में 8 प्लाटून शामिल हुए। बताया जाता है कि उक्त परेड पूर्वाभ्यास में जवाहर नवोदय विद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल, कस्तूरबा गांधी पेटरवार, कस्तूरबा गांधी गोमिया एवं पुलिस बल द्वारा परेड अभ्यास किया गया। ज्ञात हो कि गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य समारोह की तैयारी जोर शोर से चल रही है। इधर, गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर तेनुघाट स्थित चिल्ड्रेन पार्क मैदान की रंगाई-पुताई कर आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है। इस बारे में अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि पूरे हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी प्लाटूनों ने निर्धारित समय पर कार्यक्रम को पूरा किया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी कनिष्क कुमार, ओपी प्रभारी अजीत कुमार, बीरेंद्र प्रसाद, मुकेश कुमार सहित उपरोक्त विधालयों के प्रतिनिधि शामिल थे।

# केशू कलेक्शन का शुभारंभ



उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के कांडी बाजार के दक्षिण में मुख्य सड़क किनारे कपड़ा दुकान केशू कलेक्शन का शुभारंभ किया गया। जायंट्स क्लब गढ़वा के ध्रुव केशरी, बाबा कमलेश टेक्सटाइल्स के कन्हाई लाल अग्रवाल, बुजुर्ग जगन्नाथ प्रसाद, कांडी मुखिया विजय कुमार, जिपस प्रतिनिधि दिनेश कुमार व शशांक शेखर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर दुकान का शुभारंभ किया। मौके पर केशू कलेक्शन के संचालक धीरज कुमार गुप्ता व सूरज कुमार गुप्ता ने बताया कि इस नए प्रतिष्ठान के खोलने का मुख्य उद्देश्य यह है कि अपने ग्राहकों को कम दामों में अच्छी क्वालिटी के कपड़े अपने कांडी बाजार में ही उपलब्ध हो। बताया कि ग्राहकों को अच्छे कपड़ों की खरीदारी के लिए कांडी से बाहर गढ़वा या मेदनीनगर जैसे शहरों में जाना पड़ता था परंतु हमारे नए प्रतिष्ठान केशू कलेक्शन के खुल जाने से लोगों को बढ़िया क्वालिटी के कपड़े अपने कांडी में ही मिलेंगे, कहा कि हमारे यहां लेडीज वियर, जेंस वियर तथा बच्चों के लिए बेहतरीन कपड़े मिलेंगे। मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि अनुप कुमार, रविरंजन विश्वकर्मा, अशोक राम, अब्दुल रहीम अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सड़क मरम्मति में अनियमितता से किसानो में नाराजगी

**रमना।** जैसे-जैसे वित्तीय वर्ष समाप्त होने के करीब पहुंच रहा है। वैसे - वैसे सरकारी योजनाओं में मार्च लूट की तैयारी विभागीय अधिकारी और संवेदक के मिली भगत से जोरों से चल रहा है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गुलरही बांा से बाबुडीह-वीरकुंवर होते सिलीदाग पंचायत भवन तक सड़क मरम्मति की योजना में बड़े पैमाने पर अनियमित बरतने तथा बिना मुआवजा के किसानों की रैयती भूमि पर पावर व पहुंच के दम पर जबरन सड़क निर्माण किए जाने की चर्चा जोरों पर है। विदित हो कि एक साल पहले जनवरी 2024 में उक्त पथ मरम्मति का शिलान्यास किया बड़े ही ताम-झाम के साथ किया गया था, लेकिन पूरे साल गुजर जाने के बाद भी सड़क मरम्मति का कार्य संवेदक द्वारा आरंभ नहीं किया गया और ना ही इसकी शुद्धि संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा ली गई। लेकिन जैसे ही वित्तीय वर्ष समाप्त होने में कुछ दिन शेष रह गया है, वैसे ही संवेदक के द्वारा जोरशोर से मरम्मती कार्य आरंभ कर दिया गया। जबकि मानको के विपरित सड़क मरम्मत किए जाने तथा किसानो की रैयती हरित भूमि की मुआवजा दिए वगैर जबरन निर्माण का विरोा किया है। सिलीदाग निवासी गुंजेश कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, दिनेश सिंह, अजीत कुमार सिंह, गुड्डू, मनोज, शालिकग्राम सहित कई लोगों ने बताया कि संवेदक के द्वारा जबरन कही रैयती भूमि में निर्माण किया जा रहा है तो कही सरकारी सड़क की भूमि प्रभावशाली लोगों को निजी लाभ पहुंचने के उद्देश्य से छोड़ दिया जा रहा है। विधायक अनंत प्रताप देव से न्याय का गुहार लगाते हुए रैयती भूमि पर किए जा रहे अतिरिक्त मरम्मति कार्य का मुआवजा दिलाने या पूर्व से बनी सड़क पर ही मरम्मति कार्य गुणवत्ता पूर्ण करने की मांग किया है।

# झामुमो ने मनायी कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती



माल्यार्पण करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने शोषित पिछड़ा वंचितों के मसीहा भारत रत्न से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती मनाई। इस दौरान उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर कर्पूरी ठाकुर की जीवनी को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सामाजिक आंदोलन के उपज थे। जो अपने जीवन में गरीब शोषित वंचितों के हक अधिकार के लिए हमेशा लड़ते रहे। बिना किसी लोभ-लालच के अपना जीवन व्यतीत किये। कर्पूरी ठाकुर जी का जन्म 24 जनवरी 1924 को बिहार राज्य के जिला समस्तीपुर के पितौछिया ग्राम नाईं जाति में हुआ था। ये जीवन भर उन्हें समाज के विभिन्न वर्गों से अपमान का सामना करना पड़ा। कर्पूरी ठाकुर कुल नौ बार विधायक और एक बार सांसद निर्वाचित हुए एवं तीन बार मुख्यमंत्री रहे। ये बिहार की राजनीति में एक ईमानदार नेता के रूप में पहचानें जाते थे। इनके नेतृत्व क्षमता और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता थे। मौके पर झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन के गुप्तेश्वर ठाकुर, जवाहर पासवान, अशर्फी राम, शरीफ अंसारी, आशीष अग्रवाल, मिथलेश पासवान, चंदन पासवान, रविन्द्र राउत, रितेश तिवारी, रविन्द्र तिवारी, फुजैल अहमद, रविन्द्र नाथ ठाकुर, अजय ठाकुर, विजय ठाकुर, मन्नु ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# दो स्कूली बच्चे घायल

भवनाथपुर। बाजार स्थित सद्भावना अस्पताल के समीप मोटरसाकिल के क्के से दो स्कूली बच्चे घायल हो गए। घायलावस्था में स्थानीय लोगों द्वारा भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों में शिवम सोनी एवं ति कुमारी दोनो पिता राजू सोनी भवनाथपुर बाजार निवासी शामिल है। दोनो घायल बच्चों को इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान का कमिश्नर ने दिलाई शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** संताल परगना प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में शुक्रवार को 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमिश्नर लालचन्द डाडेल ने की। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने मतदान की शपथ ली। इस अवसर पर कमिश्नर श्री डाडेल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मतदान के महत्व को रेखांकित करना था। उन्होंने विशेष रूप से 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया।

# जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती के अवसर पर टीन बाजार सब्जी मंडी स्थित कपूर्री ठाकुर के प्रतिमा पर विभिन्न राजनैतिक एवं गैर राजनैतिक संगठनों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर कपूर्री विचार मंच की ओर से माल्यार्पण कर नमन किया गया। जयंती कार्यक्रम मंच दुमका के संस्थापक अध्यक्ष राधारमण ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित हुई।

इस अवसर पर मंच संस्थापक अध्यक्ष राधारमन ठाकुर ने बताया कि आज आवश्यकता है कपूर्री जी के विचारों को आत्मसात कर समरस समाज के निर्माण करते हुए समाज के विकास में योगदान देने का। वर्तमान में प्रतिमा के ऊपर छतरी निर्माण का कार्य चल रहा है।

# दुमका : गणतंत्र दिवस परेड पूर्वाभ्यास का डीसी ने किया निरीक्षण



परेड का निरीक्षण करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस लाइन मैदान में तैयारियां अब अंतिम चरणों में है। गणतंत्र दिवस के मौके पर पुलिस लाइन मैदान में सीएम हेमंत सोरेन झंडोत्तोलन करेंगे। सीएम यहां परेड की सलामी लेकर झांकियों का अवलोकन करेंगे। शुक्रवार को पुलिस लाइन मैदान में गणतंत्र दिवस को लेकर फाइनल रिहर्सल हुआ। इस दौरान डीसी आंजनेयुलु दोड्डे और एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए पूर्वाभ्यास परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न टुकड़ियों द्वारा आकर्षक और भव्य परेड प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर डीसी ने कहा कि गणतंत्र दिवस को लेकर परेड का पूर्वाभ्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस जवानों की ओर से यहां परेड की तैयारियां बेहतर तरीके से की गई हैं। परेड के दौरान किसी प्रकार की त्रुटिया नहीं रहे, इसके लिए कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया है। गणतंत्र दिवस पर विभिन्न विभागों की ओर से अलग-अलग थीम पर झांकी निकाली जाएगी। इसे लेकर विभागों की ओर से भी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। गणतंत्र दिवस पर सरकारी और निजी संस्थानों में झंडोत्तोलन होगा। झंडोत्तोलन की भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अलग-अलग समय में कार्यालयों में झंडा फहराया जाएगा।

# वन सुरक्षा समिति ने जब्त किया 50 पीस अवैध सखुआ की बल्ली



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** गोला प्रखंड के उपर बरगा वन सुरक्षा समिति एवं केंद्रीय वन सुरक्षा समिति के पदाधिकारी एवं वन विभाग के पदाधिकारियों के संयुक्त वन गश्ती क्रम में उपर बारगा के जंगल में लगभग 50 पीस अवैध सखुवा का बली पाया गया जिसकी लंबाई 12 फीट और मोटाई 8 इंच है। इस दौरान मुख्य रूप से वन विभाग के फॉरेस्ट गार्ड अजय करमाली वन सुरक्षा समिति उपर बरगा के अध्यक्ष सुधीर दास हरिबल महतो जगदीश महतो मंतोष रजक उमेश महतो केंद्रीय समिति के पदाधिकारी कार्तिक माथा लक्ष्मण सिंह आनंद कुमार महतो कसमार प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो ललन महतो मनेश मुंडा अर्जुन महतो नितेश करमाली दिनेश महतो राजेश महतो देवलाल महतो सुधीर हजाम दिनेश महतो सुखराम मुंडा जनार्दन हजाम देवेंद्र महतो आदि लोग उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मेला से लोगों को मिल रहा लाभ

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड परिसर में शुक्रवार को स्वास्थ्य में लेकर आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रखण्ड प्रमुख हुदू मरांडी बीडीओ एजाज आलम, सीओ कपिल देव ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी डा. देवानंद मिश्रा मौजूद थे। इसमें शिकारीपाड़ा सीएचसी में मौजूद चिकित्सीय सुविधा के 22 विभागों के अलग-अलग स्टाल लगाए गए थे। जिसमें हृदय रोग, शिशु रोग, नाक - कान-गला, आंख, दंत चिकित्सा सहित तमाम बीमारियों के लिए अलग-अलग स्टॉल की व्यवस्था की गई। लोगों ने इस स्वास्थ्य मेले का काफी फायदा उठाया और दूर दराज की जनता इसका लाभ लेने के लिए प्रखंड परिसर पहुंचे। डॉ. देवानंद मिश्रा ने बताया कि सरकार के आदेश पर सभी प्रखंडों में 20 से 24 तक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाना था। इस आदेश के मद्देनजर आज शिकारीपाड़ा में इसे लगाया गया । जिसमें लोगों को चिकित्सीय लाभ दिया गया।

# डीलर पर केवाईसी करने के नाम पर पैसा वसूली करने का आरोप



जानकारी देते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के रंका प्रखंड के बिश्रामपुर पंचायत के बाइसप्लट गांव में डीलर सविता देवी द्वारा केवाईसी करने के नाम पर गलत तरीके से पैसा वसूली करने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी जानकारी मिलते ही पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने लाभुकों से इस संबंध में बात की। लाभुकों ने बताया कि वे सुबह 6 बजे से बिना खाए पिये राशन लेने के लिए लाइन लगा कर खड़े हैं। उन्होंने डीलर पर एक माह का राशन काट कर दूसरे माह में देने का आरोप लगाया। साथ ही डीलर पर गाली गलौज कर भगाने का आरोप भी लगाया। इस सम्बंध में पूछे जाने पर डीलर ने बताया कि ब्लॉक से राशन का बोरा में चावल कम रहता है। किसी किसी बोरा में 50 किलो चावल के जगह पर 47 किलो या 45 किलो रहता हैं। इसी एवरेज में राशन वितरण करने का आदेश है। पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने कुछ बोरा को तौला। मगर सभी बोरा में सही रूप से वजन को पाया गया। ग्रामीणों ने डीलर पर केवाईसी के नाम पर 20 रुपए से 50 रुपए लेने की बात भी कही। उन्होंने बताया कि केवाईसी के पैसे नहीं देने पर डीलर द्वारा धमकाया जाता है। साथ ही डीलर पर राशन कार्ड से वंचित करने और राशन नहीं देने का आरोप लगाया है। लाभुकों ने डीलर को बदलने और एक और पीडीएस दुकान खोलने का मांग किया हैं। मौके पर निर्मला कुजर, बीरन लकड़ा, मुनेश, रामजी पाल, ललित लकड़ा, जगदीश उरांव, संगीता कच्छप, नमिता केरकेटा, सुषमा तिग्गा आदि लोग उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### केंद्र से मिली ...

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य द्वारा 4302 करोड़ रुपये का प्रस्ताव केंद्र सरकार को समर्पित किया गया है।

जिसके विरुद्ध 2763 करोड़ रुपये के प्रस्ताव की स्वीकृति केंद्र सरकार ने दे दी है। वहीं प्रस्ताव के तहत 1233 करोड़ रुपये की राशि झारखंड को मिल भी चुकी है। इसके अतिरिक्त भी राज्य लगभग 1250 करोड़ रुपये का दावा एसएएससीआई के विभिन्न हिस्सों के लिए कर सकता है।

**75 % खर्च का उपयोगिता प्रमाण पत्र देना है :** अगर केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य हुआ, तो एसएएससीआई के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 4600 करोड़ रुपये की अधिप्राप्ति केंद्र सरकार से संभावित है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि झारखंड में यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 162.94 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है। उसके प्रथम किश्त के रूप में राज्य को 81.47 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं। अब उद्योग विभाग को प्राप्त राशि का 75 प्रतिशत खर्च करने का उपयोगिता प्रमाण पत्र देना है, उसके बाद ही इस मद की शेष राशि केंद्र सरकार से मिलेगी।

**तिलैया डैम के लिए केंद्र सरकार ने 34.87 करोड़ रुपये की दी है स्वीकृति :** नेतरहाट, तिलैया एवं तेनूघाट डैम सौंदर्यीकरण के लिए 214.94 करोड़ रुपये का प्रस्ताव राज्य ने समर्पित किया है। तिलैया डैम के लिए केंद्र सरकार ने 34.87 करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी है। बताया गया कि डैमों के सौंदर्यीकरण योजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा कुछ जानकारी तलब की गई है, उसके लिए पर्यटन विभाग को तत्संबंधी कार्रवाई के लिए कहा गया है। वहीं वर्किंग वुमेन हॉस्टल निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा राज्य को 163 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। इसके तहत झारखंड में कुल 8 हॉस्टल का निर्माण होना है। भारत सरकार द्वारा दो हॉस्टल को लेकर कुछ जानकारी मांगी गयी है, जिसे उद्योग विभाग को उपलब्ध कराना है।

# पुतिन से जल्द मिलेंगे ट्रंप

## अमेरिका के राष्ट्रपति बोले, यूक्रेन के साथ समझौता करे रूस

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन के साथ समझौता करना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति के साथ यथाशीघ्र मुलाकात करेंगे। इससे पहले उन्होंने अपने रूसी समकक्ष को यूक्रेन में बेवकूफी भरी जंग खत्म करने या फिर ऊंचे शुल्क और प्रतिबंधों का सामना करने की चेतावनी दी थी। 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने वाले ट्रंप ने बुधवार को अपने स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर यह बात कही। गुरुवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे लगता




है कि उन्हें (पुतिन को) समझौता करना चाहिए।जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि रूस पर प्रतिबंध पुतिन को बातचीत करने के लिए मजबूर करेंगे, तो उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता। उन्होंने कहा कि रूस को एक समझौता करना चाहिए। हो सकता है कि वे समझौता करना चाहते हों। मुझे लगता है, मैंने जो सुना है, उसके अनुसार पुतिन मुझसे मिलना चाहेंगे। और हम जल्द से जल्द मिलेंगे। मैं तुरंत मिलूंगा। युद्ध के मैदान में सैनिक मारे जा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ऐसा कोई युद्धक्षेत्र नहीं देखा गया... और मेरे पास ऐसी तस्वीरें हैं जिन्हें आप नहीं देखना चाहेंगे। हर दिन इतनी संख्या में सैनिक मारे जा रहे हैं, जैसा हमने दशकों में नहीं देखा। इस युद्ध को समाप्त करना अच्छा होगा। यह एक हास्यास्पद युद्ध है। एक अन्य सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन समझौता करने के लिए तैयार है।

### समझौता के लिए तैयार हैं जेलेंस्की

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वोलोदिमिर जेलेंस्की समझौता करने के लिए तैयार हैं। वह ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने बहुत सारे सैनिक खो दिए हैं। रूस ने ज्यादा सैनिक खोए, उसने 8,00,000 सैनिक खो दिए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही युद्ध विराम समझौता नहीं हुआ, तो उनके पास रूस द्वारा अमेरिका और अन्य भागीदार देशों को बेची जाने वाली किसी भी वस्तु पर शुल्क, कर और प्रतिबंध लगाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होगा।

## स्पीड न्यूज

### ऑस्कर के लिए सेलेक्ट हुयी लघु फिल्म अनुजा

**नयी दिल्ली।** नई दिल्ली पर आधारित लघु फिल्म अनुजा को 97वें ऑस्कर पुरस्कार में लाइव एक्शन शॉर्ट श्रेणी में नामांकित किया गया। एडम जे ग्रेव्स और सुचित्रा मट्टई द्वारा निर्देशित अनुजा का मुकाबला, पुरस्कार समारोह में ए लीन, आई एम नॉट ए रोबोट, द लास्ट रेंजर और द मैन हू कुड नॉट रिमेन साइलेंट से है। अनुजा नौ वर्षीय लड़की अनुजा की कहानी है, जिसे अपनी बहन के साथ शिक्षा और फैक्टरी में काम करने में से एक का चयन करना होता है। यह एक ऐसा निर्णय है जो उन दोनों के भविष्य को आकार देगा।

### बर्थराइट पर कोर्ट ने लगायी अस्थायी रोक

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बर्थराइट सिटिजनशिप खत्म करने के आदेश पर अस्थायी रोक लगा दी गई है। सिएटल के फेडरल जज जॉन कॉगनॉर ने ट्रंप के इस कार्यकारी आदेश को 14 दिनों के लिए स्थगित कर दिया है, जिससे इस नीति के प्रभाव में आने से पहले ही इसे चुनौती दी जा सके। यह फैसला अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय, खासकर एच1बी और एल1 वीजा धारकों के लिए राहत लेकर आया है। ये वीजा धारक स्थायी निवास के अधिकार से वंचित हैं, और ट्रंप के आदेश का प्रभाव उनके बच्चों की नागरिकता पर पड़ने वाला था।

### महाकुंभ में साधु-संत भी करेंगे मन की बात

**महाकुंभ नगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चर्चित कार्यक्रम मन की बात की तर्ज पर प्रयागराज महाकुम्भ में साधुओं के मन की बात कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में सनातन धर्म के प्रमुख विषयों और योगी सरकार के दिव्य और भव्य महाकुम्भ के आयोजन के विभिन्न विषयों को केंद्र में रखकर साधु संत अपनी बात रखेंगे।

## अमेरिका में 538 अवैध अप्रवासी हुये गिरफ्तार

वाशिंगटन। अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे दूसरे देशों के नागरिकों की धरपकड़ तेज हो गई है। कुछ दिन पहले देश की दूसरी बार बागडोर संभालने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कह चुके हैं कि देश में एक भी व्यक्ति को अवैध रूप से रहने नहीं दिया जाएगा। राष्ट्रपति की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि 538 अवैध अप्रवासी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि ट्रंप प्रशासन ने एक संदिग्ध आतंकवादी ट्रेन डी अरागुआ गिरोह के चार सदस्यों और नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के दोषी कई लोगों सहित 538 अवैध आप्रवासी अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत सैकड़ों लोगों को सैन्य विमानों के जरिये निर्वासित किया गया।

# भारत भी अवैध प्रवासन के सख्त खिलाफ है

**नयी दिल्ली।** भारत ने कहा कि अवैध प्रवासन के पूरी तरह से खिलाफ हैं। इसका एक कारण यह भी है कि इससे कई तरह के संगठित अपराध जुड़े हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत अवैध प्रवासन की पूरी तरह से खिलाफ है। भारतीय दुनिया में कहीं भी अगर समयावधि से अधिक रह रहे हैं या उनके पास पूरे दस्तावेज नहीं है तो भारत उन्हें वापस लेने के लिए तैयार है। शर्त है कि उनके भारतीय नागरिक होने से जुड़े दस्तावेज हमें मुहैया कराए जाएं। बांग्लादेश की सीमा से लगते हिस्सों में बॉर्डर फेंसिंग किए जाने के प्रश्न

**भारतीय दुनिया में कहीं भी उनके पास पूरे दस्तावेज नहीं है तो उन्हें वापस लेने के लिए तैयार हैं : केंद्र**



के उत्तर में जायसवाल ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच में कई समझौते हुए हैं। भारत उम्मीद करता है कि बांग्लादेश सीमा को अपराध मुक्त करने में भारत के साथ वह सकारात्मक तौर पर सहयोग करेगा।

# पूर्व विधायक अनंत सिंह ने किया सरेंडर

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** पूर्व विधायक और बाहुबली नेता अनंत सिंह ने शुक्रवार को बाढ़ कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अनंत सिंह दोपहर अपने एक समर्थक के साथ बाढ़ कोर्ट पहुंचे और सरेंडर कर दिया। उन्हें बेऊर जेल भेजा गया है। एसडीपीओ राकेश कुमार ने कहा कि एफआईआर दर्ज करने के बाद कार्रवाई की जा रही थी। इस घटना में रौशन और सोनू सिंह की गिरफ्तारी हुई है। इसके बाद अनंत सिंह ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। एसडीपीओ ने बताया कि अनंत सिंह फरार थे लेकिन पुलिस के दबाव के कारण उन्होंने बाढ़ कोर्ट में सरेंडर कर दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में चार मामले दर्ज हुए हैं। दूसरी एफआईआर सोनू मोनू ने उनके घर पर गोलीबारी कराने के मामले में पूर्व विधायक अनंत सिंह पर करायी है। तीसरी

**मोकामा गोलीकांड में पुलिस ने रौशन व सोनू सिंह किया अरेस्ट**



एफआईआर मुखिया उर्मिला देवी ने नौरंगा गांव में हुई गोलीबारी के मामले में करायी है और चौथी एफआईआर अनंत सिंह के घायल समर्थक ने सोनू-मोनू पर करायी है। मोकामा के नौरंगा गांव में बुधवार शाम गोलीबारी में लगभग 10 से 20 राउंड गोलियां चलीं थीं। सोनू मोनू ने मुंशी मुकेश सिंह के घर पर ताला लगा दिया था, जिसके बाद मुंशी ने अनंत सिंह से मदद मांगी थी। अनंत सिंह ने पहले अपने समर्थकों को मुंशी के घर पर ताला खुलवाने भेजा था।

## महाकुंभ में ममता कुलकर्णी बनीं संन्यासी, नाम रखा गया ममता नंद गिरि

**प्रयागराज ।** अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने आध्यात्मिक दुनिया में कदम रखते हुए शुक्रवार को किन्नर अखाड़े के अंतर्गत खुद का पिंडदान कर संन्यास




ग्रहण कर लिया। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि उर्फ टीना मां ने बताया कि ममता कुलकर्णी ने आज गंगा तट पर अपना पिंडदान किया। किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ममता को दीक्षा देंगी। टीना मां के अनुसार, ममता पिछले दो वर्षों से जूना अखाड़ा से जुड़ी रही हैं और दो-तीन महीने पहले वह किन्नर अखाड़े के संपर्क में आई थीं। ममता कुलकर्णी अब श्री यामाई ममता नंद गिरि के नाम से जानी जाएंगी। आचार्य लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी किन्नर अखाड़े की पहली महामंडलेश्वर हैं।




### युद्धक्षेत्र में सेना की तीसरी आंख बनेगी 'संजय', राजनाथ सिंह ने दिखायी हरी झंडी

**नयी दिल्ली।** स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली संजय भारतीय सेना के लिए तीसरी आंख का काम करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को साउथ ब्लॉक से हरी झंडी दिखाई, अत्याधुनिक सेंसर और अत्याधुनिक एनालिटिक्स से लैस यह सिस्टम भूमि सीमाओं की निगरानी करेगा, घुसपैठ को रोकेगा। खुफिया, निगरानी और टोही में अहम भूमिका निभाएगा।

## एनवीएस-02 उपग्रह 29 को प्रक्षेपित करेगा इसरो

**श्रीहरिकोटा।** इसरो जीएसएलवी-एफ15 मिशन से एनवीएस-02 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में स्थापित करने के लिए तैयार है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से यह 100वां प्रक्षेपण है।

यह ऐतिहासिक उपलब्धि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं को और रेखांकित करती है। इसरो के सूत्रों ने शुक्रवार शाम को पुष्टि की कि प्रक्षेपण 29 जनवरी की सुबह 06.23 बजे होगा। स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन वाला यह यान 50.9 मीटर लंबा और तीन चरणों वाला है तथा अपने साथ 420.7 टन वजन लेकर जायेगा। यह मिशन 29 जनवरी की सुबह 0623 बजे दूसरे लॉन्च पैड से एनवीएस-02 नेविगेशन सैटेलाइट को लेकर उड़ान भरेगा।शार में दूसरे लांच पैड से होने वाला यह प्रक्षेपण भारत के जियोसिंक्रोनस सेटेलाइट लांच व्हीकल (जीएसएलवी) की 17वीं उड़ान और स्वदेशी क्रायोजेनिक स्टेज के साथ 11वीं उड़ान होगी।

## मप्र के 17 धार्मिक शहरों में एक अप्रैल से शराब पर प्रतिबंध

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल के अतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को पर्यटन नगरी महेश्वर में देवी अहिल्याबाई के 300वीं जयंती वर्ष को समर्पित डेस्टिनेशन में कैबिनेट बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के हित में बड़ा फैसला लिया गया है। इसमें राज्य सरकार 17 धार्मिक नगरों में शराबंदी का निर्णय लिया है। इन 17 नगरों में शराब दुकानें पूरी तरह बंद होंगी और इनको दुकानों को दूसरी जगह पर शिफ्ट भी नहीं किया जाएगा। यह फैसला एक अप्रैल से लागू होगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महेश्वर में हुई कैबिनेट बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट की बैठक में उज्जैन, मंदसौर, अमरकंटक, ओंकारेश्वर, दतिया, सलकनपुर सहित 17 नगरों में शराब की दुकानें बंद करने का फैसला लिया गया है। इन शहरों में इस वित्तीय वर्ष के खत्म होने पर यह निर्णय लागू होगा।